www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 226 ■ जबलपुर शनिवार 07 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# इंग्लैंड को हराकर भारत ने जीता अंडर-19 विश्वकप का छठा खिताब

## इंग्लैंड को 100 रन से हराया, वैभव सूर्यवंशी ने 175 रन बनाए, 15 छक्के लगाए

हरारे (वार्ता)

वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड पर 100 रनों से बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 विश्वकप का अपना छठा खिताब जीता। 412 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पांचवें ही ओवर में जोसेफ मूर्स (17) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बेन मेयस ने बीजे डॉवकिंस ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। 13वें ओवर में खिलन पटेल ने बीजे डॉवकिंस को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। बीजे डॉवकिंस ने 28 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये। कप्तान थॉमस रियू (31) को कनिष्क चौहान ने आउट किया। इसके बाद 21वें ओवर में भारत ने इंग्लैंड के तीन विकेट झटककर अपनी जीत पक्की कर ली। रलफी एलबर्ट (शून्य) रनआउट, फरहान अहमद (एक) और सेबेस्तियन मॉर्गन (शून्य) को दीपेश देवेंद्रन ने आउट किया। कैलेब फाल्कनर (115 ), जेम्स मिंटो (28 ) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवरों में 311 रन ही बना सकी और 100 रनों से मुकाबला हार गई। भारत के लिए दीपेश देवेंद्रन ने दो विकेट लिये। अम्ब्रिश को दो विकेट मिले,कनिष्क चौहान ने दो विकेट लिए,खिलन पटेल और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक, कप्तान मयंक अग्रवाल (53) और अभिज्ञान कुंडु (40 ) की पारियों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ




नौ विकेट पर 411 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन में 15 चौके और 15 छक्के लगाये। उनके क्रीज पर रहते भारत 500 रन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में अच्छी वापसी की। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने चौथे ही ओवर में एरन जॉर्ज (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान आयुष म्हात्रे ने वैभव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 142 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में एलेक्स ग्रीन ने आयुष म्हात्रे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा, लेकिन उससे एक गेंद पहले छक्का लगाकर वह अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। आयुष म्हात्र ने 51 गेंदों का सामना किया और सात चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वेदांत त्रिवेदी एक छोर थामे खड़े रहे। वहीं दूसरे छोर से वैभव सूर्यवंशी छक्के और चौकों की बरसात करते हुए तेजी के साथ अपना और टीम का स्कोर बढ़ाते रहे। इसी दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 20वें ओवर की अखिरी गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक बनाया। 26वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्हें मैनी लुम्सडेन की गेंद पर विकेट के पीछे थॉमस रियू ने कैच आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 15 चौके और 15 छक्के लगाते हुए 175 रनों की विस्फोटक शतकीय पारी खेली। इस दौरान वह अंडर-19 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये। इसके अलावा उन्होंने यूथ वनडे में सर्वाधिक 1412 रन बनाने का भी रिकार्ड बनाया। उन्होंने विजय जोल 1404 रन के रिकार्ड को तोड़ा। वैभव के आउट होने के बाद भारत के रनों की रफ्तार थम गई और विकटों का पतन शुरु हो गया।

### पंजाब में आप नेता की 6 गोलियां मारकर हत्या



**जालंधर।** पंजाब के जालंधर से बड़ी खबर सामने आई है. यहां आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबोराय की बदमाशों ने हत्या कर डाली। लक्की को मॉडल टाउन के गुरुद्वारा साहिब के बाहर गोलियां मारी गईं। बताया जा रहा है कि लक्की के शरीर में पांच गोलियां लगीं। आनन-फानन में उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। मगर उनकी जान नहीं बच पाई।इस घटना के बाद से जालंधर शहर में डर का माहौल बन गया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है और मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि लक्की ओबोराय की पत्नी ने आम आदमी पार्टी की तरफ से निगम चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गई थीं। लक्की कैंट हल्का की इंचार्ज राजविंदर कौर थियाडा के करीबी थे।

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस



मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन एवं तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान (स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड) के तत्वावधान में किया गया।

# परीक्षा में सफलता की गारंटी आत्मविश्वास होता है, हड़बड़ी नहीं : प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छात्रों को परीक्षा के लिए तनाव पालने और ज्यादा नंबर लाने की होड़ की सोच पर ध्यान देने की बजाय जीवन के लक्ष्य की कसौटी पर खुद को कसते हुए निरंतर और धैर्य तथा आत्मविश्वास के साथ काम करते रहने की जरूरत पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां अपने आवास पर परीक्षा पर चर्चा को लेकर देश की विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों से संवाद के कार्यक्रम में बच्चों से बात करते हुए कहा कि परीक्षा को बोझ नहीं मानना है और उसे आसानी से लेते हुए अपनी पढ़ाई करनी है। उन्होंने पुराने पेपर देखकर तैयारी करने को पुरानी बीमारी बताया और कहा कि नए दौर ने इसका कोई औचित्य नहीं है। यह एक तरह की बीमारी है इसलिए सहज रूप से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी करनी चाहिए और परीक्षा को तनाव की वजह या बोझ नहीं बनाना चाहिए।



### विकसित भारत को अपना सपना बनाएं

जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क?या करना है।

### परीक्षा के लिए आत्मविश्वास जरूरी

श्री मोदी ने कहा कि किसी भी परीक्षा के लिए आत्मविश्वास जरूरी है और आत्मविश्वास तभी आता है जब सच्चे मन से अपने विषय को अपने लक्ष्य के अनुसार पढ़ते हैं। उनका कहना था कि परीक्षा के समय हड़बड़ी नहीं करनी होती है क्योंकि हड़बड़ी से सब कुछ गड़बड़ हो जाता है इसलिए हड़बड़ी के बजाय आत्मविश्वास और पूरी समझ के साथ ध्यान लगाकर अपने विषय के प्रश्नपत्र को हल करना है।

### हर चीज का एक पैटर्न होता है

प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा कि हर चीज का एक पैटर्न होता है और अनुभव के आधार पर उसे बदला जा सकता है। उनका कहना था कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम उन्होंने जिस पैटर्न पर पहले शुरू किया था उसमें अनुभव के आधार पर धीरे-धीरे बदलाव उंन्होने लाया है। इसी तरह से हर बच्चे को अनुभव के आधार पर अपने कार्यों में बदलाव लाना चाहिए।

### सपना ना देखना जीवन के साथ सबसे बड़ा अपराध

प्रधानमंत्री से एक बच्चे ने सवाल किया कि जीवन में सपना पलना ज़रूरी है, श्री मोदी ने कहा कि सपना ना देखना जीवन के साथ सबसे बड़ा अपराध है। सपने से ही लक्ष्य बनते हैं और उससे शक्ति के साथ जीवन मे आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। कठिन से कठिन सपने को पाने के लिए अनुकूल मेहनत कर ही उसे पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को खुद का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए महापुरुषों की जीवनियां पढ़नी चाहिए।

### खुद पर भरोसे से भगाएं कोई भी डर

स्टूडेंट ने सवाल किया कि प्रेजेंटेशन देते समय मैं घबरा जाता हूं। इस डर को कैसे भगाऊंपीएम ने कहा- कभी देखा है कि फुटपाथ पर कोई गरीब महिला भी जब टीवी पर किसी घटना के बारे में बताती है तो कितने आत्?मविश्?वास से बात करती है। क?या उसने इंटर०?यू की कोई प्रैक्टिस की है? नहीं। उसका आत्?मविश्?वास आता है सच्?चाई है। उसे पता है कि उसने जो देखा वही कहना है। आप भी अपने किए हुए पर भरोसा रखें तो प्रेजेंटेशन का डर भाग जाएगा।



## इस्लामाबाद की इमामबारगाह में विस्फोट से 31 मरे , 170 घायल

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक इमामबारगाह में शुक्रवार को नमाज के दौरान हुए जोरदार बम धमाके में कम से 31 लोगों की मौत हो गयी और 170 अन्य घायल हो गए। इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर इरफ़ान नवाज़ मेमन ने हताहतों की पुष्टि करते हुए कहा कि यह धमाका इस्लामाबाद के शहज़ाद टाउन इलाके में स्थित एक इमामबारागाह में हुआ। घायलों की संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने आस-पास के सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी लगा दी। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज इस्लामाबाद और पास के रावलपिंडी शहर के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है और मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कई लोगों की हालत गंभीर है। धमाके के बाद, सुरक्षा बलों, पुलिस और बचाव टीमों ने घटनास्थल को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। अधिकारी धमाके के प्रकार की जांच कर रहे हैं। चश्मदीदों के मुताबिक, एक आत्मघाती हमलावर ने मस्जिद के गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया, जिससे लोग हताहत हुए और मस्जिद और आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। इस घटना के बाद राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। किसी भी व्यक्ति या समूह ने तुरंत इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पाकिस्तानी तालिबान और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी समूह देश में नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमलों में अक्सर शामिल रहते हैं। धमाके की निंदा करते हुए, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने धमाके में निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही अपशब्द बोलेगा : खड़गे

**नयी दिल्ली, (वार्ता)** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर



दिये गये जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शक्रवार को कहा कि श्री मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं। जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल.. 75 साल.. 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि श्री मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है।

## मणिपुर-डिप्टी सीएम की हत्या पर 20 लाख का इनाम

### नेमचा किपगेन और 2 कुकी-जो विधायकों के विरोध में हिंसा भड़की; पत्थरबाजी, टायर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी-जो-हमार समुदाय के विधायकों के राज्य सरकार में शामिल होने के विरोध में शुक्रवार को चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में हजारों लोगों ने रैलियां निकालीं। चुराचांदपुर में यह विरोध प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया, जिसके बाद प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में पूर्ण शटडाउन लगा दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कुकी-जो-हमार समुदाय से आने वाले



तीन विधायक नेमचा किपगेन, एल एम खाउते और एन सनाटे ने समुदाय के साथ धोखा किया है। नेमचा किपगेन के मणिपुर के डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनने के विरोध में चुराचांदपुर में उनके और अन्य विधायकों के पुतले जलाए गए। चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए।

## ऑपरेशन सिंदूर से मिले महत्वपूर्ण सबकों को अमल में लाने की जरूरत: एयर मार्शल मिश्रा

नयी दिल्ली (वार्ता)

पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबकों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य के युद्धों और अभियानों में इनकी भूमिका पर बल दिया है। कमान के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल जे एस मान ने भी सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता बढ़ाने, डोमेन-निरपेक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, सेंसर-टू-शूटर संपर्कों को सुदृढ़ करने तथा अधिक दक्षता के लिए संचालन प्रक्रियाओं में सुधार को जरूरी बताया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने दो दिन के ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशंस अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय संयुक्त संचालन सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संचालन स्तर पर अंत:सेना और अंतर-सेना समन्वय को सुदृढ़ करना था जिससे कि बढ़ते जटिल बहु-डोमेन माहौल में भारतीय रक्षा बलों की संयुक्त संचालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत किया जा सके। सम्मेलन में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ , सेना, नौसेना, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी तथा रक्षा खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ वायु सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। एयर मार्शल मिश्रा



ने ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त महत्वपूर्ण सबकों तथा भविष्य के युद्ध संचालन पर उनके व्यापक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णायक रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने में वायु शक्ति की केंद्रीय भूमिका, सतही युद्धाभ्यास को आक्रामक वायु अभियानों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता तथा स्टैंड-ऑफ हथियारों के प्रयोग से प्राप्त रणनीतिक लाभ को विशेष रूप से उजागर किया। उन्होंने 1971 की लड़ाई की पारंपरिक क्षरण-आधारित युद्ध अवधारणाओं तथा पारंपरिक इफेक्ट्स-बेस्ड ऑपरेशंस ढांचे से आगे बढ़ते हुए अधिक फुर्तीले, अनुकूलनीय एवं पूर्णत: एकीकृत संयुक्त युद्धक प्रतिमान को अपनाने का आह्वान किया।

## किसी भी महिला को बच्चा पैदा करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते : सुको

नयी दिल्ली (वार्ता)

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा, अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना



कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंतत: एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत प्रजनन अधिकारोंज् की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। इसके अलावा अगर गर्भवती महिला के जीवन को तत्काल कोई गंभीर खतरा हो, तो कानून की किसी भी समय सीमा के बिना आपातकालीन स्थिति में गर्भपात की अनुमति दी जाती है।

# यूजीसी 2026 नियमों का काला कानून के खिलाफ सर्व समाज का बड़ा विरोध प्रदर्शन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

सर्व समाज समन्वय समिति के बैनर तले शहर के अनारक्षित (सवर्ण) वर्ग के समाजसेवियों और प्रमुख व्यक्तियों ने यूजीसी (प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन) रेगुलेशन्स 2026 को काला कानून बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर शहडोल को सौंपा और यूजीसी काला कानून वापस लो के नारे लगाए। यह नियम, जिसे जनवरी 2026 में यूजीसी ने अधिसूचित किया था, उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए इक्विटी कमेटियां गठित करने, शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने और एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों की सुरक्षा पर जोर देता है। लेकिन अनारक्षित वर्ग के लोगों का आरोप है कि यह नियम एकतरफा है, सामान्य वर्ग के छात्रों/शिक्षकों के खिलाफ दुरुपयोग हो सकता है और समाज में विभाजन पैदा करेगा। यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम 2026 के विभाजनकारी प्रावधानों के विरोध में शहडोल में सर्व समाज एकजुट जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 के उन प्रावधानों का कड़ा विरोध किया है, जो अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के भारतीय नागरिकों को अलग-अलग करने, नफरत फैलाने वाली एवं समाज में विभाजनकारी नीति को बढ़ावा देते प्रतीत होते हैं। कहा गया है इस विनियम के कुछ अस्पष्ट एवं एकतरफा प्रावधानों से सामान्य वर्ग के छात्रों, शिक्षकों एवं नागरिकों में भय एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के सिद्धांत के विरुद्ध है।




यह नीति उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के नाम पर वास्तव में समाज को बाँटने एवं प्रतिभा को दबाने का माध्यम बन सकती है इस अन्यायपूर्ण नीति के विरोध में शहडोल के सर्व समाज समन्वय समिति के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा प्रदर्शन में भारी संख्या में अलग-अलग वर्ग में सेवारत डॉक्टर वकील शिक्षाविद व अन्य समाजसेवी शामिल रहे। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्रकाश तिवारी,घनश्याम जायसवाल.दयाशंकर शुक्ल ,बाल्मीक गौतम.रमाशंकर गौतम,राममिलन शर्मा त्रिलोकीनाथ गर्ग शक्ति सिंह चंदेल सुशील शर्मा शेखर मिश्रा लक्ष्मण गुप्ता गणेश सिंह दादू अखिलेश शर्मा पांडे सुभाष चतुर्वेदी विष्णुकांत मिश्र राम लखन तिवारी बीपी द्विवेदी नीलेश्वर मिश्रा सुनील खरे ऋषि गुप्ता कृष्ण कुमार केजरीवाल अखिलेश पांडे निखिल त्रिपाठी अशोक तांगड़ी शिवनाथ द्विवेदी श्रीनिवास शर्मा विष्णु पांडे मनीष शुक्ला बृजकांत मिश्रा नव दुर्गेश मिश्रा शरद मिश्रा डॉ. जितेंद्र शर्मा डॉ. रूपेश गुप्ता बलभद्र द्विवेदी संजय मिश्रा सागर मिश्रा आयुष तिवारी अनिल द्विवेदी वीरभान सिंह कृष्णा मिश्रा अखिलेश मिश्राराहुल मिश्रा चंद्रिका प्रसाद शुक्ला कृष्णा तिवारीअमर मिश्रा सुनील शर्मा रमाकांत सिंह राम प्रसाद तिवारीशीतल मंडलोई मोना थापकसंजीत सोनीबंटी श्रीवास्तवतथा अन्य प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि यह नियम तत्काल वापस लिया जाए।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई के अंतर्गत कार्यालय विकास आयुक्त द्वारा संचालित। ईएसडीपी के तहत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन आधारित उत्पाद विषय पर केंद्रित रहा, जिसका आयोजन सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थल पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय परिसर रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता की संभावनाओं तथा वन संसाधनों पर आधारित उद्योगों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमार पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन आधारित उत्पाद आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों की आजीविका का मजबूत आधार बन सकते हैं। यदि स्थानीय संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से मूल्य संवर्धन किया जाए तो रोजगार सृजन के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नौकरी की तलाश करने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले उद्यमी बनने की दिशा में सोच विकसित करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष तिवारी ने एमएसएमई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओं के लिए अनेक योजनाएँ, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिनका लाभ उठाकर वन उत्पादों पर आधारित लघु उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने और नवाचार को उद्यमिता से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं नोडल पीएम-उषा डॉ. रचना दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के व्यावहारिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में और अधिक उद्यमिता-आधारित गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।



# विधायक ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों की ली बैठक

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 8 फरवरी को जयसिंहनगर के ग्राम गांधिया में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए विधायक शरद कोल ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह सीईओ जनपद पंचायत शिवानी जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक रामलखन गुप्ता के सेवानिवृत होने पर लोगों ने दी भावभीनी विदाई

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)।

विद्यालय जीवन में शिक्षक का स्थान सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं होता। वे हमारे मार्गदर्शक. प्रेरणास्त्रोत और आदर्श होते हैं जब कोई प्रिय शिक्षक स्कूल से विदाई लेता है, तो यह क्षण न केवल विद्यार्थियों बल्कि प्रधानाध्यापक, स्कूल प्रबंधन समिति के साथ-साथ अन्य शिक्षक साथियों के लिए भी भावुक और यादगार बन जाता है। ऐसा ही माहौल शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सेमरा मे देखने को मिला जंहा 37 साल की सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए शिक्षक राम लखन गुप्ता का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम प्रधानाध्यापक रामराज गौतम के सौजन्य से आयोजित किया गया। विदाई समारोह के दौरान शिक्षक राम लखन गुप्ता ने अपने उद्बोधन में शहडोल आदिम जाति कल्याण विभाग के सफल एवं लोकप्रिय सहायक आयुक्त और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिन्हा साहब, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयसिंहनगर राजेंद्र तिवारी, बीआरसी जयसिंहनगर विश्वकर्मा, बीआरसी ब्यौहारी मनोज केसरवानी, बीएसी जयसिंहनगर ओ.पी. तिवारी संकुल प्राचार्य करकी, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, जन शिक्षक अरविंद गुप्ता, जन शिक्षिका कल्पना गुप्ता, प्रधानाध्यापक राम राज गौतम, सहयोगी शिक्षिका गायत्री गुप्ता, सुनीता पटेल, जेठिया परस्ते प्रधानाध्यापक, माध्यमिक विद्यालय छूदा कोठीगढ, करकी, हुढरहा, पनिकानं टोला, शासकीय हाई स्कूल छतैनी, अनिल गुप्ता शिक्षक प्राथमिक शाला गुर्रा, प्राचार्य सिधारिया जी समेत कई विद्यालयों के शिक्षक साथी, सरपंच ग्राम पंचायत सेमरा एवं पंच सभी पदाधिकारी गण, सभी ग्रामवासी, संस्था की चारों सहायिकाएं सबको सादर प्रणाम कर स्वागत वंदन करते हुए कहा कि आज का यह क्षण मेरे लिए अत्यंत भावुक गरिमामय तथा आत्म मंथन का है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा के लंबे सफर पर चलते हुए आज औपचारिक रूप से अपने कार्यकाल को उच्च अधिकारियों के सहयोग आशीर्वाद से पूर्ण कर रहा हूं। विद्यालय का यह परिसर अत्यंत पवित्र है क्योंकि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकी के तत्कालीन उच्च. माध्यमिक शिक्षक एन. के. प्रजापति एवं कल्याण सिंह सहायक शिक्षक और कई स्थानांतरित शिक्षकों का सम्मान समारोह इसी माध्यमिक विद्यालय सेमरा के प्रांगण से हुआ है। इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूं। उन्होंने सहायक आयुक्त के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार महाभारत युद्ध खत्म होने पर गंगा पुत्र भीष्म पितामह जो बांणों की सैया पर अपनी अंतिम सांसें गिनते थे उन्हें इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त होने के बाद भी कष्ट झेलते रहे परंतु जब सूर्य उत्तरायण की दिशा में हुआ और पांडव भगवान कृष्ण सहित भीष्म पितामह के दर्शन और मिलने के लिए पहुंचे तब भीष्म पितामह मन से ही भगवान श्री कृष्ण जी की प्रार्थना की और कहा कि केशव मेरे मृत्यु को मंगलमय बनाने के लिए आप मुझे दर्शन के लिए पधारे हैं और भीष्म पितामह दर्शन पश्चात अपना शरीर त्याग दिए थे।





# मुख्यमंत्री करेंगे श्री राम वन पथ गमन स्थल में शबरी माता की प्रतिमा का अनावरण

## कमिश्नर ने कार्यक्रम स्थल ग्राम गांधिया का किया निरीक्षण

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शबरी जयंती के अवसर पर 8 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम गांधिया में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर की बेहतर साफ सफाई एवं मंदिर की रंगाई पुताई सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम गांधिया में प्रस्तावित कार्यक्रम में शबरी माता की मूर्ति का अनावरण, हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं के दौरान डिण्डौरी जिले में धारा 163 लागू, परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आदेश जारी किया है । भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों पर कड़े प्रतिबंधात्मक निर्देश लागू कर दिए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दिनांक 10 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक की परीक्षा अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में चार या चार से अधिक व्यक्तियों के एक साथ अनाधिकृत रूप से एकत्र होने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा । कोलाहल पर पाबंदी केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की नारेबाजी, शोर-शराबा या ध्वनि विस्तारक यंत्रों (जैसे लाउडस्पीकर, डीजे, साउंड बॉक्स) का उपयोग वर्जित है । नियमों का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश कोलाहल निवारण अधिनियम 1985 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी । परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में पान, गुटखा, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट की बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है । आदेश उन शासकीय सेवकों, मजिस्ट्रेटों और पुलिस बल के सदस्यों पर लागू नहीं होगा जो अपनी आधिकारिक ड्यूटी पर तैनात हैं ।



जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।

**प्रचार-प्रसार और अनुपालन** - आदेश के प्रभावी पालन हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारियों, तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से उत्तरदायी बनाया गया है । ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पंचायतों के माध्यम से इस आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं । साथ ही, ध्वनि विस्तारक यंत्र संचालकों को निर्देशित किया गया है कि रात्रि 10:00 बजे के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।



# गोपी-उद्धव संवाद और रुक्मिणी मंगल प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में असाटी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का भावपूर्ण वातावरण देखने को मिला। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास प्रेममूर्ति मुकुल कृष्ण महाराज ने गोपीङ्कउद्धव संवाद एवं रुक्मिणी मंगल के प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण एवं रोचक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा व्यास ने गोपीङ्कउद्धव संवाद के माध्यम से ब्रजवासियों की निष्काम कृष्ण भक्ति का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने बताया कि गोपियों की अनन्य भक्ति से उद्धव इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने गोपियों की चरण रज की वंदना की और इच्छा प्रकट की कि अगले जन्म में वे वृंदावन की लता, औषधि या झाड़ी बनकर गोपियों की चरण रज से पवित्र होना चाहते हैं। यह प्रसंग ब्रज प्रेम की महिमा को दर्शाता है।

इसके पश्चात रुक्मिणी मंगल की कथा का वर्णन करते हुए कथा स्थल पर श्रीकृष्णङ्करुक्मिणी विवाह की समस्त रस्में भजनों के माध्यम से प्रस्तुत की गईं। महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए और जय जय श्री राधे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में आज शुक्रवार को मनरेगा, 15वें वित्त, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा, विधायक निधि के अंतर्गत निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, वाटरशेड, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्य आंगनवाडी, नवीन जनपद पंचायत भवन, अटल ग्राम सुशासन भवन, जल गंगा संवर्धन, तालाब निर्माण, मेढ तालाब, ग्रेबियन, पेयजल कूप निर्माण, स्टॉप डेम, कूप निर्माण, मेढ बंधान आदि निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिन एसडीओ, सब इंजीनियर की निर्माण कार्यों की प्रगति 60 प्रतिशत से कम होने पर उन सभी इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ निर्माण कार्यों में कम प्रगति एवं कार्य के प्रति लापरवाही किए जाने पर सीईओ जनपद पंचायत डिण्डौरी, अमरपुर का अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत को वेतन रोके जाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए हैं कि जिन इंजीनियर, एसडीओ, सहायक परियोजना अधिकारी को अपने कार्य में लापरवाही, निर्माण कार्य में प्रगति न होना, मनरेगा कार्यों की पूर्णता एवं लेबर नियोजन में प्रगति न होने पर संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारियों का इस माह का अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन को वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।



जब तक लक्ष्य पूर्ण न हो जाए। इसी के साथ सांख्यिकी कार्यालय में पदस्थ अभिषेक बंसल को भी विधायक निधि के निर्माण कार्यों का समय समय में निरीक्षण एवं कार्य में प्रगति न आने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा ने आयोजित किया किसान संवाद कार्यक्रम

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल समनापुर में किसान संवाद कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जी अध्यक्षता में आयोजित हुआ7 भाजपा अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम में संबोधित करते हुए कहा कि कृषि बजट कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.40 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक है पीएम किसान सम्मान निधि इस योजना के लिए 63,500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक संबल देने में मदद करेगा। नई योजनाएं बजट में कई नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जैसे कि पशुपालन सब्सिडी, मत्स्य पालन, और उच्च मूल्य वाली फसलें। एग्री-टेक बजट में एग्री-टेक पर जोर दिया गया है, जिससे किसानों को बेहतर फैसले लेने में मदद मिलेगी। सहकारिता बजट में सहकारिता पर जोर दिया गया है, जिससे किसानों को संगठित होकर काम करने में मदद मिलेगी ।

जिसमें जय सिंह राजपूत जिलाउपाध्यक्ष, शिवराम राजपूत मंडल अध्यक्ष, पवंती कुशराम जनपद अध्यक्ष ,हेम सिंह राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष, रूपराम राजपूत मंडल उपाध्यक्ष, रामकुमार मौहारी मंडल महामंत्री, मान सिंह मरकाम महामंत्री, अशोक शंत, तान सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, रोहित सिंह, रघुनाथ सिंह दुर्वासा, जय सिंह सरैया, मनमोहन सिंह राजपूत, त्रिलोक सिह ठाकुर , लक्ष्मण सिह, रमेश गौतम,शकमता सिंह, तान सिंह एवं समस्त कार्यकर्ता कि गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ7

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के.एन.सिंह के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चेक बाउन्स के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण किया जायेगा।


जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर संपूर्ण कोर्ट फीस की वापसी हो जाती है तथा विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। नगरपालिका के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों एवं विद्युत प्रकरणो में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

# साइबर तकनीक का कमाल, डिंडौरी पुलिस ने बरामद किए 151 मोबाइल

## साइबर तकनीक के माध्यम से कई जिलों व राज्यों से की गई रिकवरी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत) ।** पुलिस ने एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 151 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कुल कीमत लगभग 32 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई जिले में नागरिकों की सुरक्षा एवं विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में अभियान के दौरान साइबर सेल एवं जिले के सभी थाना प्रभारियों तथा पुलिस स्टाफ ने मोबाइल ट्रैकिंग, एवं डिजिटल निगरानी जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग करते हुए विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद किए।



पुलिस विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली से 49, शहपुरा से 34, समनापुर से 30, गाडासरई से 09, मेहंदवानी से 10, करंजिया से 10, शाहपुर से 03 तथा बजाग थाना क्षेत्र से 06 मोबाइल फोन रिकवर किए गए हैं।

गुम मोबाइल वापस मिलने पर आम नागरिकों में खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने डिण्डौरी पुलिस के सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि तकनीक के बेहतर उपयोग से आमजन को त्वरित राहत मिल रही है और पुलिस के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 से अब तक डिंडौरी पुलिस द्वारा लगभग 1100 गुम मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 59 लाख रुपये बताई गई है। यह आंकड़ा जिले में पुलिस की सक्रियता, तत्परता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। अभियान को सफल बनाने में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ-साथ प्रआर. मुकेश प्रधान, पंकज कुशराम, आर. श्याम तिवारी, जगदीश प्रसाद, राम सिंह, सुनील पट्टा, गोविन्द चौरे, रामनंदन सनोडिया, आर. शिवपाल, आर. रविन्द्र कुम्हरे, महेन्द्र धुर्वे, मआर. पल्लवी एवं नीतू वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डिंडौरी पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए, तो तुरंत नजदीकी थाना अथवा साइबर हेल्पलाइन में सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर मोबाइल को ट्रेस कर वापस किया जा सके।

# चांदी के तीन रथ और 122 चांदी की पालकी में निकलेगी भगवान जिनेन्द्र देव की शोभायात्रा

## कल होगा श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।





भगवान की भक्ती से विषयों का अनुराग घटता है, यह कर्म निर्जरा का सबसे बड़ा साधन है। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के सांतवे दिवस धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि आप लोग त्याग, तपस्या, वृत, उपवास, दान, पूजा नहीं कर सकते तो कोई बात नहीं, लेकिन भगवान का नाम तो ले सकते हो, यदि आपने मन से भगवान का नाम ले लिया तो भी आपका जीवन तर जायेगा। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम मात्र ही हमारे कर्म क्षय का कारण बनता है, जैसे जैसे अर्घ बढ़ रहे है वैसे-वैसे आपकी भक्ती बढ़ रही है, और भगवान के नाम का स्मरण हो रहा है। आपके कर्म झड़ रहे है। मुनि श्री ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि आप लोगों को इस संस्कृत भाषा के विधान में आनंद आ रहा है। मुनि श्री ने कहा कि यह मनुष्य पर्याय की दुर्वलता है कि भगवान का नाम लेते लेते देह चिंता भी सताती है। भगवान से प्राथना करो कि जब में आपकी शरण में आऊं तो में आपका बन जाऊं, भाव विशुद्धी युक्त अनुराग का नाम ही तो भक्ती है। भक्ती तो परम प्रेम रुपा अमृत के समान है।

### शहर के इतिहास में पहली बार

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार मंत्री सुवोध कामरेड ने बताया कल 8 फरवरी रविवार को श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन होंने जा रहा है। इस अवसर प्रात: 9 बजे से भगवान जिनेन्द्र देव की शोभायात्रा टेलीग्राफ ग्राउंड से प्रारंभ होगी जो कि जबलपुर के इतिहास में पहली बार होगी। इसमें चांदी के तीन रथ एवं 122 चांदी की पालकी में श्री जी विराजमान होंगे जिसे सभी भक्त श्रद्धालु अपने कांधे पर ले जाएंगे। इस शोभायात्रा में मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज मुनि श्री संधानसागर महाराज क्षु. श्री आदर्श सागर, क्षु. श्री समादर सागर, क्षु. श्री चिद्रूप सागर, क्षु. श्री स्वभाव सागर महाराज स संघ सानिध्य में प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा यह यात्रा गढ़ाफाटक, बड़ा फुहारा लार्डगंज थाना सुपर मार्केट, गोलबाजार, रानीताल चौक से होती हुई कार्यक्रम स्थल टेलीग्राफ ग्राउंड पर वापिस आयेगी। श्री दि.जैन पंचायत सभा, धर्मप्रभावना समिति, जैन नवयुवक सभा, राष्ट्रीय जैन युवा महासंघ के समस्त पदाधिकारिओं ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि इस धर्मयात्रा में भाग लेकर पुण्य अर्जित करें। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया संघस्थ मुनि श्री संधानसागर महाराज ने उत्कृष्ट साधना करते हुये कैश लोंच किया एवं उनका उपवास रहा प्रात: 6.30 बजे से भगवान का अभिषेक एवं मुनि श्री के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई एवं मांगलिक क्रियाओं के पश्चात विधान प्रारंभ हुआ एवं 512 अर्घ मुनि श्री के मुखारविंद से भगवान की भक्ती करते हुये अर्पित किये गये शनिवार को भगवान के 1008 नाम के साथ 1024 अर्घ समर्पित किये जायेंगे।

# लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें

### प्रधानमंत्री मोदी ने शहर के छात्र आयुष के प्रश्न पर दिया जवाब



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में शहर छात्र आयुष तिवारी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से प्रश्न किया कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, उसे कैसे मैच करें। इसस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को समझाते हुए शिक्षकों से भी आग्रह किया कि अपने अध्योपन की स्पीड विद्यार्थियों के सीखने की गति के अनुरूप रखें। लेसन प्लायन विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें। विद्यार्थी वह चेप्ट र पहले से पढेंए अध्यलयन करें जो शिक्षक भविष्य में कक्षा में पढाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की गति से सामंजस्य, बैठाने का सबसे अच्छो तरीका यह है कि पहले मन को जोतो, फिर मन को जोड़ो। उसके बाद पढाई के विषय शुरू करो। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मन को जोतने का अर्थ है, विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है, एकाग्रता बनाए रखना। इससे आपकी समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विद्यार्थियों के साथ आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, समय प्रबंधन, अनुशासन, जीवन कौशल एवं व्यवसायिक विकास के महत्वपूर्ण मंत्र दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### 2018 से लगातार हो रहा आयोजन

प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम का 9 वां संस्करण था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर से आये विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया गया।

# लाडली बहनों को धमकी देने वाले मंत्री को किया जाए बर्खास्त: कांग्रेस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मप्र कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि मप्र में सरकार द्वारा लाडली बहनों को दी जाने वाली अनुदान राशि आम जनता के टैक्स की राशि है। भाजपा या मंत्री के खजाने की राशि नहीं।

मध्यप्रदेश के मोहन सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह द्वारा लाडली बहनों को सरकार द्वारा सीहोर जिले के नपाल खेड़ी नए उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मंच से लाडली बहनों की उपस्थिति कम होने पर चेतावनी तो ऐसे दे रहे हैं जैसे लाड़ली बहिने भाजपा की कार्यकर्ता हो, और मंत्री ने पैसा देकर खरीद हो। आम जनता से लिया गया टैक्स, सरकार का पैसा भाजपा के कार्यक्रम में ना जाने पर लाडली बहनों को इस तरह से अपमानित किया जाना यह भाजपा की चाल चरित्र चेहरा को उजागर करता है।

प्रदेश में ढाई सालों में लगभग 5.70 लाख लाडली बहनों के नाम अपात्र घोषित कर काट दिए गए हैं अब प्रश्न यह उठता है कि कार्यक्रमों में न जाने पर ही नाम काटे गए हैं या जबरन अपात्र घोषित किया गया है। कोष्टा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान लाडली बहनों को 3 हजार महीने देने का वायदा किया किंतु ढाई साल बीत जाने के बावजूद भी 3 हजार नहीं दिए जा रहे। उल्टे लाडली बहनों को भाजपा कार्यक्रमों में ना जाने पर मोहन सरकार के मंत्री द्वारा अधिकारियों को नाम काटने की चेतावनी देना लाडली बहनों का अपमान है। प्रदेश कोऑर्डिनेटर (ओबीसी विभाग )अलीम मंसूरी, मामूर गुड्डू, राजा खान विजय अग्रवाल आदि ने कहा कि कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

लाडली बहनों को धमकियां देने वाले ऐसे मंत्री को तत्काल बर्खास्त किये जाने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

*जबलपुर (स्वतंत्र मत)। गोरखपुर थाने में प्रकाश चौधरी उम्र 46 वर्ष निवासी देवनगर थाना गोटेगांव ने सूचना दी कि वह मजदूरी करता है। विगत दिन ग्राम घनघौर बहेरिया के बीच उसका भांजा श्रीनाथ अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दरोली थाना तेंदुखेड़ा जिला दमोह का सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था। जिसे उपचार हेतु आदिशंकर अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान भांजे श्रीनाथ अहिरवार की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।*

# एपीएन महाविद्यालय में कमांडिंग आफिसर कर्नल शर्मा का निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 1, एपी बटालियन के कमाडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा द्वारा महाविद्यालय की एनसीसी सब यूनिट का निरीक्षण किया गया। कर्नल शर्मा द्वारा महाविद्यालय परिसर के साथ एनसीसी कक्ष का निरीक्षण किया। जिस दौरान एनसीसी के समस्त रिर्कार्ड्स की जांच की गई। तत्पश्चात् कैडेट्स से मिले जहां कैडेट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं महाविद्यालय की एनसीसी उपलब्धियों एवं गतिविधियों का वीडियो क्लिप प्रस्तुत की गयी। कर्नल शर्मा द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या डॉ सोनल खरे, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ



दिव्या पाराशर एवं एनसीसी कैडेट्स को उनको उपलब्धियों के लिये बधाई दी। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री मानवेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में हर प्रकार से एनसीसी को आगे बढाने के लिये वचनबद्ध है। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा कर्नल शर्मा के आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। एनसीसी निरीक्षण के दौरान बटालियन के सूबेदार गोपाल सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की अहम भूमिका रही।

### पुलिस की गिरफ्त में भैंस चुराने वाले 3 आरोपी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि संदीप कुमार चक्रवर्ती उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम देवरी खुलरी ने सूचना दी कि वह गांव में ही दूध डेयरी का व्यवसाय करता है । विगत दिन वह अपनी भैसों को चारा पानी कर दूध डेयरी में बांधकर अपने घर चला गया थ। सुबह अपनी डेयरी आकर देखा 2 भैंसे नहीं थीं, भेंसों की तलाश आसपास की नहीं मिली कोई अज्ञात चोर रात के समय उसकी 2 भैंस चोरी कर ले गया है। अब तक तलाश पतासाजी करता रहा, कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने जब इस मामले में फुटेज खंगाले गये मिले फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर ग्राम परियट में दबिश देते हुये गिरफ्तार किया।

# शराब के नशे में तोड़े कई गाड़ियों के शीशे

## पनागर क्षेत्र का मामला, एफआईआर दर्ज



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर क्षेत्र में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने शराब के नशे में उत्पात मचाते हुए एक के बाद एक 6 वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। तथाकथित युवक द्वारा जिन वाहनों को निशाना बनाया गया वह सभी भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों के बताए जा रहे हैं। इनमें भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गौतम, अतुल त्रिपाठी जिला मंत्री, शुलभ गौतम पूर्व महामंत्री, भाजपा वार्ड पार्षद प्रियंका शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सचिन पांडेय सहित एक अन्य वाहन शामिल हैं। इतना ही नही जिनके वाहनो में तोड़फोड़ की गई है, उनके मना करने पर शराबी ने सभी को झूठे मामले में फंसाने और कोर्ट आने पर मारपीट करने की धमकी भी दी है। बताया जा रहा है कि सभी वाहन पनागर के अम्मू पांडे के बाड़े में खड़े थे। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। पीड़ित वाहन स्वामियों द्वारा थाना प्रभारी पनागर को शिकायत दर्ज कराई गई है। इधर, इस मामले से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आने की भी बात कही जा रही है, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। पनागर पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# जेल से छूटते ही बदमाश ने मचाई दहशत, पुलिस ने दबोचा

## भागने से पहले पुलिस ने शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

2 दिनों के अंदर दो बड़ी वारदातों को अंजाम देने के बाद शहर छोड़कर भागने की तैयारी कर रहा कुख्यात बदमाश शिब्बू खान को पुलिस ने लम्हेटाघाट से गिरफ्तार किया है। पुलिस को देखते ही वह एक्टिवा से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन संतुलन बिगड़ने से गिर पड़ा, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। इसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक आरोपी शिब्बू खान ने पुराने विवाद को लेकर समझौते के लिए छुई खदान में रहने वाले लालू पटेल पर दबाव बनाया था। जब बात नहीं बनी तो उसने पिस्टल से फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, दो दिनों में लगातार दो घटनाओं से गढ़ा इलाके में दहशत फैल गई थी। शिब्बू खान के खिलाफ गढ़ा, तिलवारा, लार्डगंज सहित कई थानों में



हत्या, हत्या के प्रयास, लूट और गैंगवार जैसे जघन्य अपराध दर्ज हैं।

### जेल से छूटते ही मचाई दहशत

2024 में एक युवक की हत्या करने के बाद से शिब्बू खान जेल में था। कुछ दिनों पहले ही वह जेल से छूटा है। 2 फरवरी की रात बदमाश चार से पांच नाबालिग लड़कों के साथ छुई-खदान स्थित लालू के घर पहुंचा। इस दौरान वह बाहर ही घूम रहा था। लालू को देखते ही शिब्बू ने पहले 20 हजार रुपये की मांग की और पुराने विवाद को लेकर समझौता करने का दबाव बनाने लगा।

जब लालू ने रुपए देने से मना किया तो बदमाश ने पिस्टल निकाली और फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली लालू के बगल से निकल गई, जिससे उसकी जान बच गई। लालू पर फायरिंग करने के बाद शिब्बू पड़ोस में ही रहने वाले प्रियांशु के साथ भी मारपीट करता हुआ फरार हो गया। 2 फरवरी को फायरिंग करने के बाद बाद शिब्बू खान साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। पीड़ित गढ़ा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा, इस बीच 2 फरवरी की रात को फिर से शिब्बू खान लालू के घर पहुंचा और फिर पिस्टल से फायरिंग कर फरार हो गया। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# मंहगी यूरिया मिलने से किसानों में आक्रोश

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

सहकारी विपणन संघ गोदाम डबल लाक में किसानों को जो उचित मूल्य पर सरकार खाद उपलब्ध कराती है। जिससे किसानों को बाजार मूल्य से कम मूल्य पर आसानी से खाद उपलब्ध हो जाती है। परंतु सिहोरा के सहकारी विपणन संघ गोदाम डबल लाक में शुक्रवार शाम किसानों ने बताया कि यहां पर प्रति बोरी यूरिया में 3 रूपए ज्यादा लिए जा रहे हैं। सरकार ने यूरिया का दाम 267 निर्धारित किया है। परंतु सिहोरा डबल लाक में 270 यूरिया की बोरी दी जा रही है। इस तरह से दिन में डबल लाक मे खाद बिक्री से 50 लाख से ज्यादा रुपए की आमदनी होती है उसमें अगर प्रति बोरी चार रुपए घटाया जाए तो लाखों रुपए की बचत निकलती है। जो की डबल लाक के कर्मचारी खा जाते हैं।



# नर्मदा तट पर हुआ महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अजीत पवार की अस्थियों का विसर्जन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

महाराष्ट्र के दिग्गज नेता और एनडीए गठबंधन के प्रमुख स्तंभ एवं महारास्ट्र के उपमुख्यमंत्री स्व अजीत पवार की अस्थियों का संस्कारधानी में मां नर्मदा के तट ग्वारीघाट पर शुक्रवार दोपहर 1 बजे विसर्जन किया गया। इस भावुक क्षण में जबलपुर उत्तर-मध्य विधानसभा से भाजपा विधायक डॉ अभिलाष पांडे और कई अन्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे ने घटना को अत्यंत दुखद और हृदय विदारक बताया। उन्होंने कहा कि एक विमान हादसे में अजीत पवार का आकस्मिक निधन न केवल महाराष्ट बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। अजीत दादा पवार महाराष्ट्र के विकास के लिए देवेंद्र फडणवीस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे थे। डॉ पांडे ने बताया की स्व अजीत दादा पवार की हमेशा से मां नर्मदा के दर्शन करने की इच्छा थी। इसलिए उनका अस्थि कलश मां नर्मदा के श्री चरणों मे लाया गया है।

# जल कर बढ़ाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## सिहोरा में पार्षद दल ने नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

नगर की पालक संस्था द्वारा बगैर किसी पुर्व सुचना के अचानक जलकर बढाये जाने से जनता के आक्रोशित होने के साथ साथ विपक्ष का खुन भी उवलने लगा। कांग्रेस पार्षद दल के आव्हान पर नगर पालिका कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना में ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित समस्त कांग्रेस जनों ने जमकर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस जनों का कहना है की जनहित से जुड़े मुद्दों का भविष्य पहले परिषद की बैठक में आना चाहिये उसके बाद ही उस पर निर्णय लिए जाने चाहिए। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए पार्षद राजेश चौबे अमोल चौरसिया, ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल, मंजु मिश्रा आदी ने कहा की ग्रीष्म



काल में नगर पालिका की पेय जल वितरण व्यवस्था चारों खाने चित्त हो जाती है लोग बुंद बुंद पानी के लिए तरस जाते हैं फिर भी प्रंबधन अपने दायित्वों को दरकिनार कर आम जनता पर जलकर व्रद्धि का बोझ डाल रही है। नगर पालिका प्रंबधन आम जनता को गुमराह करने नर्मदा नल-जल योजना का हवाला देकर उसके नाम से बसुली का मन बना रही है नगर पालिका की मंशा किसी भी कीमत पर पुरी नहीं होने दी जायेगी ।जनहित के मुद्दों के लिए कांग्रेस ने सड़क पर उतरने कमर कस ली है।

### कई स्थानों में नर्मदा जल पहुंचता ही नहीं

नगर की पालक संस्था जिस नर्मदा नल जल योजना के नाम पर जल कर बढ़ाने का हवाला दे रही है वह अपूर्ण है। क्षेत्र के अनेक स्थानों पर पाईप लाईन तक नहीं पहुंची,जहां पाइपलाइन है वहां कनेक्शन नहीं है जहां कनेक्शन है।

वहां पानी नहीं आता और जिन क्षेत्रो में पानी आता है वहां पेय जल वितरण का कोई टाईमटेविल नहीं चलने को आये तो रात भर नही तो हफ्तों हवा उगलते रहते हैं ऐसी आधी अधुरी योजना जिसने नगर के सभी वार्डो की सड़कों का सत्यानाश कर दिया है उसे नगर पालिका ने कैसे हैण्ड ओवर ले लिया। कांग्रेस द्वारा किये गये प्रदर्शन के उपरान्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सोपकर जलकर व्रद्धि पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस अवसर पर राजेश चौबे, अमोल चौरसिया, बिहारी पटेल, मंजु मिश्रा, आलोक पाण्डेय, रमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

## कलेक्टर मीना ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स और साझा किए अनुभव





बालाघाट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 06 फरवरी को आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहकर आत्म-विश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा को किसी युद्ध की तरह नहीं, बल्कि उत्सव की तरह लेना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को स्मार्ट स्टडी, नियमित रिवीजन, समय प्रबंधन, डिजिटल डिस्ट्रैक्शन से दूरी बनाने और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि शांत मन और सही रणनीति से हर विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकता है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बालाघाट जिले के सभी स्कूलों में किया गया। सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीना ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव को खुद पर हावी न होने दें। शांत मन, एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह आपकी पूरे वर्ष की मेहनत का परिणाम होता है, इसलिए बिना घबराए पूरे मनोयोग से प्रश्नपत्र हल करें। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर मीना ने विद्यार्थियों से अपनी यूपीएससी परीक्षा की तैयारी और सफलता के अनुभव भी साझा किए। कलेक्टर ने अपने अनुभवों के माध्यम से छात्रों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का महत्व समझाया। परीक्षा पर चर्चा के इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में नया आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

# पाकिस्तान जेल से 7 वर्ष बाद रिहा हुआ खैरलांजी का युवक

## जिला प्रशासन की पहल से घर वापसी संभव



बालाघाट

जिले के तहसील मुख्यालय खैरलांजी निवासी युवक प्रसन्नजीत रंगारी को पाकिस्तान की जेल में सात वर्ष तक बंद रहने के बाद रिहा कर दिया गया है। रिहाई के उपरांत उसे वाघा बॉर्डर पर भारतीय अधिकारियों को सौंपा गया, जहां से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं। प्रसन्नजीत की रिहाई के बाद उसे अमृतसर से खैरलांजी लाने के लिए परिवार ने बालाघाट जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निदेर्शानुसार प्रशासन द्वारा एक विशेष टीम गठित कर प्रसन्नजीत को लाने के लिए अमृतसर रवाना किया गया। यह टीम अमृतसर पहुंच चुकी है और प्रसन्नजीत को लेकर खैरलांजी के लिए रवाना हो गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रसन्नजीत के आज शाम तक खैरलांजी पहुंचने की संभावना है। लंबे समय बाद अपने बेटे की घर वापसी की खबर से परिवार में खुशी का माहौल है। प्रसन्नजीत के परिजनों ने इस मानवीय सहयोग के लिए बालाघाट जिला प्रशासन और कलेक्टर श्री मृणाल मीना के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है, जिससे वर्षों बाद एक परिवार को अपने सदस्य से पुनः मिल पाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# पिकअप में ठूंसकर ले जाए जा रहे पशु पर मानपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सेमरा.सेमरी रोड स्थित उर्दना तिराहा, ग्राम सेमरी के पास की गई, जहां एक पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक पशुओं का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में अनुराग जायसवाल निवासी पडवार, चन्द्रभान जायसवाल निवासी पिटौर और हानिफ जायसवाल निवासी बचहा, थाना इंदवार शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 02 नग भैंस जिनकी अनुमानित कीमत 40,000 रुपये, 02 नग पड़वा कीमत लगभग 30,000 रुपये तथा पिकअप



वाहन क्रमांक डच-21-ीब-7465 जिसकी कीमत करीब 8,00,000 रुपये है, जब्त किया गया। कुल जब्त मशरूका की कीमत लगभग 8,70,000 रुपये आंकी गई है। मानपुर थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन को संदिग्ध स्थिति में रोककर जांच की गई। इस दौरान आरोपियों से पशुओं के परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके अलावा पशुओं को वाहन में अत्यंत अमानवीय और क्रूर तरीके से ठूंसकर ले जाया जा रहा था, जो पशु क्रूरता अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। पुलिस ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया और पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भिजवाया। इस मामले में अपराध क्रमांक 40६26 के तहत धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 130, 177(3), 81 और 177 के अंतर्गत केस दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पशु तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसडीएम वारासिवनी ने किया उचित मूल्य दुकान पनबिहरी एवं प्रदाय केंद्र लालबर्रा का औचक निरीक्षण

## उचित मूल्य दुकान पनबिहरी में अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही के लिए प्रकरण तैयार

बालाघाट

एसडीएम वारासिवनी कार्तिकेय जायसवाल द्वारा 06 फरवरी 2026 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार के साथ उचित मूल्य दुकान पनबिहरी एवं प्रदाय केंद्र लालबर्रा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान पनबिहरी में अनियमितताएं पाई गईं। जांच में सामने आया कि हितग्राही श्रीमती खेलन बाई यादव को विक्रेता श्री वेणु सिलेकर द्वारा माह जनवरी 2026 में निर्धारित मात्रा से 10 किलो राशन कम दिया गया था। मौके पर दुकान के स्टॉक का सत्यापन करने पर उपलब्ध स्टॉक भी कम पाया गया। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए सार्वजनिक वितरण



प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत पंचनामा बनाकर विधिवत प्रकरण तैयार किया गया है। संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके पश्चात एसडीएम द्वारा शासकीय गोदाम लालबर्रा एवं प्रदाय केंद्र लालबर्रा का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नागरिक आपूर्ति निगम के केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि खाद्यान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उचित मूल्य दुकानों तक राशन सामग्री समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा से बदली ग्रामीण किसान की तस्वीर

## लघु तालाब निर्माण से सिंचाई, मत्स्य पालन और आय में हुआ उल्लेखनीय इजाफा

बालाघाट

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम बन रही है। जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द में लघु तालाब निर्माण से एक किसान परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया है। ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द निवासी हितग्राही राधेश्याम/नत्थूलाल को मनरेगा अंतर्गत लघु तालाब निर्माण कार्य की की स्वीकृत लागत 3.13 लाख रुपये थी, जिसमें से 2.82 लाख रुपये की राशि व्यय की गई एवं कार्य पूर्ण किया गया। इस दौरान कुल 1381 मानव दिवस का सृजन हुआ। तालाब निर्माण से पूर्व हितग्राही सिंचाई सुविधा के अभाव में मत्स्य पालन एवं कृषि उत्पादन नहीं कर पा रहे थे, जिससे उनकी आय सीमित थी। मनरेगा के अंतर्गत लघु तालाब निर्माण के बाद हितग्राही द्वारा मत्स्य पालन प्रारंभ किया गया। तालाब में रोहू, कतला, जलगा जैसी मछलियों का पालन किया गया, जिससे प्रथम वर्ष से ही उत्पादन शुरू हो गया।राधेश्याम द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 20 क्विंटल मछली उत्पादन कर स्थानीय बाजार में विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन्हें लगभग 2.00 लाख रुपये वार्षिक आय प्राप्त हो रही है। साथ



ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से कृषि उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। सिंचाई के माध्यम से हितग्राही द्वारा लगभग 1.00 लाख रुपये प्रतिवर्ष की अतिरिक्त आय अर्जित की जा रही है। लघु तालाब निर्माण के बाद हितग्राही द्वारा अपनी कृषि योग्य भूमि पर सब्जी उत्पादन भी किया जा रहा है, जिसमें टमाटर, मटर, मिर्च एवं गोभी जैसी फसलों का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में विक्रय किया जा रहा है। इससे लगभग 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष की अतिरिक्त आय हो रही है। इस प्रकार लघु तालाब निर्माण से हितग्राही की कुल वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पहले जहां परिवार को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब वे आत्मनिर्भर होकर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं। राधेश्याम ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के माध्यम से निर्मित तालाब ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है। उन्होंने शासन एवं पंचायत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे ऐसे कार्य न केवल रोजगार सृजन कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बना रहे हैं।

# रामपायली में 50 लाख की लागत से कम्युनिटी हॉल का निर्माण पूर्ण

बालाघाट

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत वारासिवनी विकासखंड के ग्राम रामपायली में 50 लाख रुपये की लागत से आधुनिक कम्युनिटी हॉल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांकझ02 के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो गया है। अब ग्रामीणों को विवाह समारोह, बैठकें,



सामुदायिक कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी अवसंरचना को मजबूत करना और आमजन को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में रामपायली में निर्मित यह कम्युनिटी हॉल ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य के लिए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गाँव में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और सामाजिक एकता मजबूत होगी।

# प्रधानमंत्री ने की विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्री मोदी ने देश के विद्यार्थियों के साथ नई दिल्ली से परीक्षा पे चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। विदित हो कि प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से इस कार्यक्रम में परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का यह 9वां संस्करण रहा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, डीडी



नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव,एमओई के साथ ही विभिन्न रेडियों चैनल्स, नेटफ्लिक्स, जीओ हॉट स्टार एवं अमेजन प्राइम वीडियो आदि से भी सीधा प्रसारण किया गया। जिला मुख्यालय उमरिया में आरसी स्कूल उमरिया में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। साथ ही जिले की सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डेरी स्कूलो में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों को दिखाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आरएस मरावी, डीपीसी के. के. डेहरिया, केव्ही विनीत, आर सी स्कूल प्राचार्य, वाइस प्रिंसिपल सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में बाल अधिकार संरक्षण विषय पर यूनीसेफ की विशेष कार्यशाला

उमरिया (स्वतंत्रमत)

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह के कुशल मार्गदर्शन और संवेदनशील सोच के अंतर्गत नवआरक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण में बाल अधिकार संरक्षण विषय को एक पृथक पेपर के रूप में जोड़ा गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) पु0मु0 के निर्देशन एवं मुकेश वैश्य, पुलिस



अधीक्षक पीटीएस उमरिया के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में प्रशिक्षणरत 39वॉ नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षु नवआरक्षकों के लिए बाल अधिकार संरक्षण विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित की जा रही है जिसका शुभारंभ उप पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया लवली सोनी द्वारा किया गया। उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण एक महत्वपूर्ण एवं अति संवेदनशील विषय है ।

# खेल मानव जीवन के लिए अत्यंत लाभकारी : विधायक शिवनारायण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** महाकाल क्रिकेट संघ के द्वारा टेनिस बॉल क्रिकेट महासंग्राम का समापन कृष्ण ताल खेल मैदान में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह और अध्यक्षता भाजपा महामंत्री ने किया। फाइनल मैच के समापन के बाद मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में खेल अत्यंत लाभकारी और महत्वपूर्ण है। खेल से मनुष्य का तनाव तो दूर होता ही है साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा इस फाइनल मैच में कोई टीम विजेता रही तो कोई उपविजेता लेकिन इससे किसी को भी निराश य हताश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि खेल में जो कमियां रह गई हो उसे अपने अभ्यास में पूरा करते हुए फिर आगामी प्रतियोगिता में शामिल होकर दोबारा प्रयास करने की जरूरत है। निश्चित ही मेहनत और लगन से



करने वाला कोई भी कार्य असफल नहीं होता बल्कि हमेशा सफल होता है। श्री शिवनारायण ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी ईमानदारी लगन और मेहनत के साथ खेल को खेल भावना से खेले और जिला ही नहीं संभाग राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने आयोजन समिति को भी इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया है। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# क्या खेलो के खलनायक साबित हो रहे नवोदय विद्यालय के प्राचार्य..?

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश सरकार की खेलो के विकास को लेकर और खेलो संघों के साथ युवाओं के विकास को लेकर एक अच्छी पहल की उसी के तहत खेलो मध्यप्रदेश 2025 का आयोजन ओलम्पिक के तरीके से करने का निर्णय लिया गया। इन आयोजनों में सभी सरकारी एव गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों से इसमें सम्मिलित होने की अपील की गई। खेलो मध्यप्रदेश उभरते खिलाड़ियों के लिए अपने प्रदर्शन को दिखाने का अच्छा मौका था। क्योंकि इसमें ब्लाक स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर के बाद राज्य स्तर तक जाने का अवसर प्रदान किया जा रहा था एवं राज्य स्तर पर इस बड़े आयोजन का हिस्सा बनने का भी मौका था। खेल विभाग द्वारा जिले के सभी स्कूलों, कालेजों, एवं समस्त संस्थाओं को पत्र द्वारा इसमें सम्मिलित होने के लिए प्रशासनिक आदेश भेजा और सभी विभाग सम्मिलित भी हुए किंतु नवोदय विद्यालय उमरिया के कुछ ही छात्र..छात्राएं इसमें भाग ले पाए जो नगर उमरिया के थे। वही छात्रों एवं अभिभावकों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय प्राचार्य ने छात्रों को विद्यालय की तरफ से भाग लेने से मना कर दिया..! आदेश दिया कि जिन्हें खेलना है वो अपने अभिभावकों के साथ जा कर हिस्सा ले..! इस फरमान से वो छात्र..छात्राएं जिनके अभिभावक सुदूर गांव में रह रहे है अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद भी



नहीं खेल पाए और इस अवसर को गवां बैठे..! खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नवोदय विद्यालय के खेल अधिकारी की ड्यूटी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भोपाल में कोच के रूप में लगाई, लेकिन नवोदय विद्यालय प्राचार्य की खेलो के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण के चलते उन्होंने अपने खेल शिक्षक को भी खेलो मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर नहीं नहीं जाने दिया..! मुख्यमंत्री की अभिनव योजना युवाओं को खेलो से जोड़कर छात्र छात्राओं का शारीरिक मानसिक विकास की सुंदर पहल के बावजूद नवोदय विद्यालय प्राचार्य की मनमानी और नकारात्मक दृष्टिकोण के चलते विद्यालय के प्रतिभावान छात्र ध् छात्राये एव शिक्षक खेलो मध्य प्रदेश प्रतियोगिता से वंचित रह गए और प्राचार्य कहते रह गये विद्यालय केंद्र शासित हैं न कि राज्य सरकार के अधीन जो राज्य की योजनाओं का या आदेश का पालन करे..! अब ऐसी मानसिकता से तानासाही और संकुचित सोच ही दिख रही हैं जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में बाधा बनती दिख रही हैं और जिस उद्देश्य को लेकर नवोदय विद्यालय की स्थापना की गई थी उसके एकदम अलग और विपरीत सोच प्राचार्य की झलक रहीं है जो खिलाड़ियों के टैलेंट को दबाने में लगे हुए हैं..!

# मंडला के सरकारी गोदामों में रखा 50 करोड़ का गेहूं बना पाउडर सिस्टम पर सवाल जवाबदार कौन नेता या अधिकारी कैसे होगी जांच





मण्डला (स्वतंत्रमत)।

सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही और कागजी व्यवस्थाओं की सच्चाई एक बार फिर उजागर हो गई है नैनपुर बम्हनी और बिछिया क्षेत्रों में स्थित लगभग 9 सरकारी गोदामों में रखा करीब 15 हजार क्विंटल गेहूं पूरी तरह या आंशिक रूप से खराब हो चुका है। यह गेहूं पिछले 21 महीनों से गोदामों में यूं ही पड़ा रहा लेकिन न तो समय पर उठाव हुआ न भंडारण के तय मानकों का पालन किया गया और न ही कीटनाशकों का छिड़काव हुआ। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि सरकारी फाइलों में यह अनाज सुरक्षित भंडारण में दर्ज रहा जबकि जमीनी हकीकत में गेहूं घुन, सीलन, नमी और बदइंतजामी की भेंट चढ़ता रहा। गोदामों की हालत इतनी बदतर पाई गई कि कई जगहों पर बोरे फट चुके थे अनाज जमीन पर बिखरा पड़ा था और दुर्गंध तक फैल चुकी थी। 21 महीनों तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इन गोदामों की ठोस निगरानी करना जरूरी नहीं समझा। न नियमित निरीक्षण हुआ न स्टॉक रजिस्टर की वास्तविक जांच और न ही खराब होते अनाज को बचाने के लिए कोई आपात कदम उठाए गए। सवाल यह है कि जब अनाज खराब हो रहा था, तब संबंधित विभागों की नींद आखिर क्यों नहीं टूटी यदि इस गेहूं की बाजार कीमत परिवहन खर्च और भंडारण लागत को जोड़ा जाए तो अनुमान है कि इस लापरवाही से सरकारी खजाने को 50 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। यह नुकसान सिर्फ आर्थिक नहीं है बल्कि उस समय में हुआ है जब गरीबों को राशन की एक एक दाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

यह मामला साफ तौर पर दर्शाता है कि कैसे सरकारी रिकॉर्ड में सब कुछ सुरक्षित दिखाया जाता है जबकि हकीकत में जनता की मेहनत की कमाई और गरीबों के हक का अनाज सड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि व्यवस्थागत असफलता और जवाबदेही की कमी का जीता जागता उदाहरण है स्थानीय स्तर पर अब इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी है। सरकारी अनाज की यह दुर्दशा न सिर्फ सिस्टम पर सवाल खड़े करती है बल्कि यह भी दिखाती है कि लापरवाही जब आदत बन जाए तो उसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है ये तस्वीरें हैं सरकारी लापरवाही संवेदनहीन व्यवस्था और जवाबदेही के पतन की ये सवाल किसी एक अधिकारी या विभाग का नहीं बल्कि उस पूरे सिस्टम का है जो गरीबों की थाली की सुरक्षा का दावा करता है जिस गेहूं को किसान ने पसीना बहाकर उगाया जिसे सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदा और जिसे गरीब मजदूर और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना था वही गेहूं आज मंडला जिले के सरकारी गोदामों में घुन का शिकार बन चुका है।

यह उस अन्न की बर्बादी है जो हजारों गरीब परिवारों का पेट भर सकता था। अब इस पूरे मामले में जो सवाल सबसे ज्यादा डराता है वो ये है कि क्या इस घुन लगे गेहूं को साफ करके गरीबों को खिलाने की तैयारी की जा रही है? जानकारी के मुताबिक इसी खराब गेहूं को पीडीएस प्रणाली यानी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के ज़रिये राशन दुकानों तक भेजने की योजना बनाई जा रही है। यानी जो अनाज अधिकारियों के खाने लायक नहीं वो गरीबों की मजबूरी बन सकता है। मामला सामने आते ही विभाग में हड़कंप मच गया है। आनन फानन में गोदामों में गेहूं की सफाई छंटाई और सेग्रिगेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घुन लगे बोरे अलग किए जा रहे हैं और यह दिखाने की कोशिश की जा रही है कि सब कुछ नियंत्रण में है। लेकिन बड़ा सवाल ये है क्या सिर्फ छंटाई से घुन लगा अनाज सुरक्षित हो सकता है? क्या 21 महीने तक उपेक्षित रहा गेहूं केवल मशीन से साफ होकर मानव उपभोग के योग्य बन सकता है?

खाद्य विशेषज्ञ साफ कहते हैं कि घुन लगा अनाज सिर्फ देखने में ही नहीं स्वास्थ्य के लिहाज से भी खतरनाक होता है। ऐसा गेहूं पेट की बीमारियों, फूड प्वाइजनिंग और लंबे समय में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। तो फिर सवाल ये है कि क्या गरीबों की सेहत सरकारी लापरवाही से सस्ती है? इस पूरे मामले ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 21 महीनों तक गेहूं गोदामों में पड़ा रहा क्या किसी भी स्तर पर निरीक्षण नहीं हुआ? क्या जिला, संभाग या राज्य स्तर पर किसी भी अधिकारी ने जिम्मेदारी नहीं निभाई? या फिर यह मान लिया गया था कि क्योंकि यह गेहूं गरीबों के लिए है तो इसकी गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी नहीं? अब जवाबदेही तय करने की बात हो रही है। जांच के आदेश, रिपोर्ट और फाइलें चल रही हैं। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि अब तक किसी बड़े अधिकारी पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

इस बीच, सवाल ये भी है कि क्या यह गेहूं नष्ट किया जाएगा या फिर सिस्टम अपनी गलती छुपाने के लिए इसे किसी तरह खपाने की कोशिश करेगा? अगर यह गेहूं राशन दुकानों तक पहुंचता है तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सीधा अपराध होगा। यह मामला केवल अनाज खराब होने का नहीं है यह मामला है जवाबदेही, संवेदनशीलता और नैतिकता का यह सवाल है कि क्या सरकार सच में गरीबों की थाली की चिंता करती है या फिर योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं अब देखना होगा कि दोषियों पर कार्यवाही होती है या नहीं या फिर हर बार की तरह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा और सबसे बड़ा सवाल क्या घुन लगा गेहूं गरीबों की मजबूरी बनकर उनकी थाली तक पहुँचेगा।

## गांजा का मुख्य सप्लायर पुलिस की गिरफ्त में

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी बम्हनी एवं चौकी प्रभारी अंजनिया द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांजा की संगठित अंतर्राज्यीय सप्लाई चेन को पूर्णत: ध्वस्त करने में सफलता मिली है। 25 जनवरी को विश्वसनीय सूचना के आधार पर मटरू ढाबा के आगे पुलिया थाना अंजनिया क्षेत्र से 40 किलो 38 ग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख है जप्त किया गया। उक्त मामले में ट्रक चालक राजेन्द्र पिता अमरचन्द्र के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी की तलाश हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा राजस्थान के बारा झालावाड़ एवं कोटा में दबिश दी गई। विवेचना के दौरान गांजा तस्करी में संलिप्त ट्रक चालक, ट्रक कंडक्टर एवं खरीददार सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ट्रक चालक एवं एक खरीददार को 7 दिवस की पुलिस रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की गई। गिरफ्तार आरोपियों की निशादेही पर मण्डला पुलिस द्वारा जिला बरगढ़ (उड़ीसा) से गांजा बेचने वाले मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया गया जो पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में संलिप्त रहा है। सप्लायर एवं अन्य आरोपियों से की गई विस्तृत पूछताछ के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर कोटा (राजस्थान) निवासी जमील एवं बबलू नामक 2 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि उक्त दोनों आरोपी ट्रक के माध्यम से उड़ीसा से गांजा लाकर कोटा में बेचने की योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे। यह भी ज्ञात हुआ कि दोनों आरोपी पूर्व में भी गांजा तस्करी के अपराधों में लिप्त रहे हैं। दोनों को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ जारी है जिससे सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी मिलने की संभावना है। इस संपूर्ण कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में निरीक्षक केसी चौव्हान, उनि प्रवीण शर्मा, उनि अरुण भदौरिया, उनि पुनीत वाजपेई, सउनि राजेश सराठे, आरक्षक रोहित, कीर्ति, सुनील, सुरेश भटेरे एवं सूर्यचंद बघेल की भूमिका रही।

## कुलस्ते का प्रवास कार्यक्रम

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** एससी एसटी कल्याण संबंधी समिति लोकसभा एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 7 फरवरी को प्रात: 9 बजे जेवरा से जिला नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 1:30 बजे बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम मानिकसरा में टूर्नामेंट के समापन में शामिल होंगे। वे दोपहर 2 बजे ग्राम मानिकसरा से सरदार वल्लभभाई पटेल इंस्टीट्यूट मंडला के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 3 बजे यहां मीडिया संवाद और जनसंचार माध्यमों के प्रभावशाली व्यक्तित्व का सम्मान करेंगे। सांसद श्री कुलस्ते शाम 6 बजे जिला सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मंगलसूत्र लूट में तीन महिला गिरफ्तार

मण्डला/बम्हनी (स्वतंत्रमत)।



थाना बम्हनी क्षेत्र अंतर्गत मंगलसूत्र लूट के प्रकरण में बम्हनी पुलिस द्वारा त्वरित विवेचना करते हुए तीन आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लूटा गया मंगलसूत्र बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है 4 फरवरी को प्रार्थिया सुमन्त्रा मरावी, पिता शैलकुमार मरावी उम्र 40 वर्ष निवासी जैदेपुर द्वारा थाना बम्हनी में आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि तीन अज्ञात महिलाओं द्वारा उनका मंगलसूत्र लूट लिया गया है जिनमें से एक महिला को वह अपने साथ थाना लेकर आई हैं। आवेदन के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान 4 फरवरी को प्रकरण में आरोपी महिला आरती मरकाम गिरी से पूछताछकर मेमोरेंडम कथन लिया गया जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। प्रकरण में अन्य आरोपी अंजली उर्फ शुभो गिरी एवं पूनम गिरी की तलाश पतासाजी की गई जो ग्राम सिमरिया रेलवे स्टेशन के पास अपने डेरे में मिलीं। आरती मरकाम गिरी पति विष्णु मरकाम उम्र 24 वर्ष, निवासी कैपी थाना अम्बिकापुर, जिला अम्बिकापुर छत्तीसगढ़ अंजली उर्फ शुभो गिरी, बलरामपुर, छत्तीसगढ़, पूनम गिरी बलरामपुर छत्तीसगढ़ पकड़ाई है। इस दौरान थाना प्रभारी बम्हनी उनि अरुण भदौरिया, उनि अशोक राणा, उनि किरण भट्टी, सउनि रामकृष्ण बघेल, प्रआर इंदर राजपूत, धीरज नाग, सचिन यादव, सुशीला मरावी, श्रद्धा चौहान, गायत्री सैयाम, सूर्यचंद बघेल, जय किशन की भूमिका रही।

## मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत ग्राम कोंड्रामाल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ एएसआईआर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शामिल होकर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मधुमक्खी पालन ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि मधुमक्खी पालन से न केवल शुद्ध शहद का उत्पादन होगा बल्कि परागण के माध्यम से कृषि उपज में भी बढ़ोत्तरी होगी। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अब मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य समूहों को प्रशिक्षित करेंगी, जिससे पूरे जिले में इस स्वरोजगार का विस्तार होगा प्रशिक्षण के दौरान लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. पुनीत सिंह चौहान, डॉ. सुनील कुमार, प्रभात कुमार मौर्य और केवीके मण्डला से डॉ. दीपाली वाजपेई, डॉ. केतकी धूमकेती, डॉक्टर केके आर्य, डॉ. भारतीया एवं उनकी टीम ने मधुमक्खी पालन की बारीकियों से महिलाओं को अवगत कराया इस अवसर पर उपसंचालक कृषि अश्वनी झारिया, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सतगुरु कबीर साहेब की प्रतिमा स्थापित

मण्डला (स्वतंत्रमत)।



माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर कुटी निर्माण समिति फूलसागर के तत्वाधान में ग्राम फूलसागर में सतगुरु कबीर साहेब की प्रतिमा की विधिवत स्थापना हुई। इस अवसर पर गांव में आस्था भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से से की गई जो कि प्रमुख मार्गों से होती हुई स्थापना स्थल फूलसागर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान साहेब बंदगी, सतगुरु कबीर साहेब की जय के जयघोष गूंजते रहे। पुरुष, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए वहीं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा के पश्चात विधि-विधान के साथ सतगुरु कबीर साहेब की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा स्थापना के साथ ही श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और कबीर साहेब के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

संत कबीर साहेब के दोहे और विचारों का वाचन किया गया जिसमें सामाजिक समरसता सत्य अहिंसा और मानवता का संदेश दिया गया। कबीर कुटी निर्माण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संत कबीर साहेब का जीवन और उनका दर्शन आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना का उद्देश्य नई पीढ़ी को संत कबीर के विचारों से जोड़ना और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संदेश देना है।

इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजन, समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अधूरे काम से रहवासी परेशान

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका के द्वारा तिलक वार्ड में नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जहां पर 2 फरवरी से मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिससे स्थानीय कॉलोनीवासी परेशान हो गए हैं उनके आने जाने का मुख्य मार्ग बंद पड़ा है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय आने जाने वाले अधिकारी कर्मचारी और शिक्षक भी परेशान हो गए हैं यहीं नही उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी यहीं से आना जाना करते हैं। सभी परेशान हैं लेकिन ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और अब तक कार्य को पूर्ण नही करते हुए अधूरा छोड़ा गया है पूरे मार्ग में मलमा पड़ा हुआ है लोग परेशान हैं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह नगर पालिका के जबावदार अधिकारी के साथ पार्षद और ठेकेदारों की लापरवाही है। जिसका खामियाजा आमजन को उठाना पड़ रहा है।



## बाल विवाह पर जागरूकता

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 100 दिवसीय अभियान के तीसरे फेज में वन स्टॉप सेंटर के द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन नैनपुर में किया गया। इस दौरान लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करने, बाल विवाह न करने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098, साइबर क्राइम से बचाव साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल 112 के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सहजपुरी में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले के द्वारा लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई।

## परीक्षा चर्चा पर सीधा प्रसारण

मण्डला (स्वतंत्रमत)।



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के नवम संस्करण का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों ने देखा और सुना प्रधानमंत्री ने परीक्षा के तनाव को दूर करने आत्मविश्वास बढ़ाने और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बहुमूल्य टिप्स सुझाए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा को उत्सव की तरह लेना चाहिए और बिना किसी मानसिक दबाव के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए। कार्य को स्मार्ट तरीके से करें और अनवरत करें यही सफलता का मंत्र है इस दौरान एसी ट्राइबल श्रीमती वंदना गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के मन से परीक्षा का भय निकालना है छात्र आत्मविश्वास को हमेशा ऊंचा रखें जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने मोबाइल से दूर रहने और लिखकर याद करने की सलाह दी करियर काउंसलर श्री अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि अपना श्रेष्ठ देना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इम्तिहान इंसान को परिपक्व बनाते हैं परीक्षा एक पड़ाव है मंजिल नहीं इस अवसर पर शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।

## जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल के द्वारा सत्र 2025-26 की हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी व अन्य परीक्षायें 10 एवं 13 फरवरी से आयोजित हो रही है। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के आस-पास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग होने से न्यूसेंस पैदा होने की आशंका है इस कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में कठिनाई हो सकती है। जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परीधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत के अंतर्गत कानून व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने के लिए साम्प्रदायिक सदभाव लोक व्यवस्था बनाये रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं शरारती तत्वों को पूर्णत: प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है उपर्युक्त उल्लेखित परिसरों तथा संपूर्ण जिला की सीमा में अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है तथा रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जावे सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार कार्यपालिक दण्डाधिकारी अपने अनुविभाग, तहसील के संपूर्ण क्षेत्रों के लिये निशिद्ध अवधि में क्षेत्र के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, नगर निरीक्षक की अनुशंसा के आधार पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुज्ञा देने के लिए सक्षम होंगे।

## तहसील न्यायालय परिसर नैनपुर में यातायात जागरूकता एवं विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मान. कमल जोशी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला तपन धारगा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला द्वारा तहसील न्यायालय परिसर नैनपुर में यातायात जागरूकता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मान. कमल जोशी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला तपन धारगा, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर आदिल अहमद खान, एसडीएम आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर, एसडीओपी मनीष राज, अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता संघ नैनपुर प्रदीप मिश्रा, जनपद पंचायत नैनपुर एडीईओ श्रीमती ज्योत्सना बेन्द्रे, सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मालती ठाकुर, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं आमजनों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मान. कमल जोशी द्वारा उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि सड़क सुरक्षा केवल एक सामाजिक विषय नहीं है बल्कि कानूनी दायित्व, प्रशासनिक उत्तरदायित्व एवं माननवीय संवेदनशीलता का संयुक्त विषय है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएँ मानवीय त्रुटि या नियमों की अवहेलना व लापरवाही का ही परिणाम होती है। इसी कमी को दूर करने के लिए मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान बनाए गए है। इसलिए वे प्रावधान केवल दण्डांत्मक प्रावधान नहीं है बल्कि जीवन की सुरक्षा हेतु दिये गये विधिक संरक्षण है। श्री जोशी द्वारा सभी से आग्रह किया गया कि वे सड़क सुरक्षा कानूनों का पालन करें एवं स्वयं को एक रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें, आमजनों को जागरूक करने में अपनी पेशेवर भूमिका निभाए तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल इसलिए नहीं करें कि सजा होगी बल्कि इसलिए करें कि यह मानव जीवन के प्रति सम्मान से जुड़ा विषय है। एसडीओपी नैनपुर मनीष राज ने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित हिट एण्ड रन योजना, राहवीर योजना व अन्य योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही यातायात थाना मण्डला से उपस्थित योगेश राजपूत सूबेदार ने विभिन्न चलचित्रों द्वारा उपस्थितजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों व सुझावों के बारे में अवगत कराया।

जनपद पंचायत नैनपुर एडीईओ श्रीमती ज्योत्सना बेन्द्रे द्वारा जिला पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा नि:शक्तजन पेंशन योजना, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं के संबंध में विस्त्रत जानकारी प्रदान की।


## ग्राम पंचायत पिंडरई जनपद पंचायत नैनपुर जिला-मंडला

### निविदा आम सूचना

पंचायत राज संचालनालय मध्यप्रदेश निविदा सूचना क्रमांक23975/ आरजीएसए/ 105/2025

**पंचायत लर्निंग सेंटर (पीएलसी) हेतु सामग्री प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रण**

संचालक सह आयुक्त, पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश के आदेशानुसार, प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत 203 नवीन पंचायत लर्निंग सेंटर (पीएलसी) की स्थापना की जानी है। विभागीय मापदंडों के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों की आपूर्ति एवं स्थापना हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्ति हेतु आवश्यक सामग्री एवं मात्रा (प्रति पीएलसी)

क्र. मद (आईटीईएम) का नाम मात्रा (क्वालिटी) :-1 नाम पट्टिका (साईज 6X4 फिट)1, 2 कम्प्यूटर (X INTELCOREi7/i5)1, 3 प्रिंटर, स्कैनर, फोटोकॉपी (आल इन वन) 1, 4 इंटरनेट कनेक्शन (सब्स्क्रिप्शन सहित) 12 माह, 5 पोर्टेबल माइक / साउंड सिस्टम 1 सेट (2 माइक) 6 प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन (फोल्डेबल) 1, 7 इन्वर्टर तथा 2 बैटरी 1, 8 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेटअप 1, 9 एल.ई.डी. स्मार्ट टीव्ही (40 इंच)1, 10 सी.सी.टी.व्ही सेटअप 1, 11 कम्प्यूटर ऑपरेटर 1 (12 माह हेतु), 12 लकड़ी का स्टैण्डर्ड डायस 1, 13 कुर्सियां (विशिष्ट अतिथियों हेतु) 5, 14 सेन्टर टेबल 2, 15 राउंड टेबल सेट (6 कुर्सियों के साथ) 6 सेट, 16 प्लास्टिक कुर्सियां (उच्च क्वालिटी) 50, 17 स्टील अलमीरा 2, 18 स्टील बुक शेल्फ 4, 19 सर्विस सह कम्प्यूटर डेस्क 1 डेस्क, 3 कुर्सी, 20 दरी (बैठक व्यवस्था हेतु) 4, 21 सीलिंग फैन 4, 22 व्हाईट बोर्ड (स्टैण्ड के साथ) 2, 23 डिस्प्ले बोर्ड / नोटिस बोर्ड 2, 24 पंचायत सदस्यों की नामावली बोर्ड आवश्यकतानुसार 25 ग्राम पंचायत मानचित्र बॉल पेन्टिंग 1, 26 ग्राम पंचायत कैलेण्डर (मुद्रण) 500 प्रतियां, 27 जी.पी.डी.पी. कार्ययोजना बॉल पेन्टिंग 1, 28 योजनाओं की पुस्तिका 100 प्रतियां 29 मॉडल ग्राम पंचायत मानकों की बॉल पेन्टिंग 1, 30 स्टेशनरी सामग्री आवश्यकतानुसार 31 मीटिंग, अटेण्डेन्स, विजिटर रजिस्टर आवश्यकतानुसार 32 लाइब्रेरी हेतु उपयोगी पुस्तकें आवश्यकतानुसार 33 मैगजीन एवं समाचार पत्र 12 माह सब्स्क्रिप्शन 34 संविधान, पंचायत राज अधिनियम व पीईएसए पुस्तकें आवश्यकतानुसार 35 पंचायत जैकेट(Dress Code) 50, 36 पंचायत टी-शर्ट (Dress Code) 50, 37 पंचायत केप (टोपी) 100, 38 ब्रोशर, पोस्टर, पम्पलेट्स प्रिंटिंग आवश्यकतानुसार 39 एग्जिक्युटिव किट (डायरी, एक्ट बुक आदि) 25 किट 40 वार्षिक कंटेजेंसी (रिपेयरिंग एवं मेंटीनेंस) 1 वर्ष 41 महिलाओं एवं बच्चों हेतु फीडिंग/रेस्टिंग एरिया 1 व्यवस्था 42 फर्स्ट एडं तथा सेनेटरी किट आवश्यकतानुसार 43 वॉटर कूलर (गर्म, ठंडा, सामान्य जल) 1, 44 स्वच्छता एवं हाथ धुलाई सुविधा 12 माह मेंटेनेंस, 45 सीएससी सुविधा (वैकल्पिक) आवश्यकतानुसार

निविदा की मुख्य शर्तें:-निविदा जमा करने की अवधि इच्छुक फर्में अपनी निविदाएं दिनांक 07/02/2026 से 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकती हैं। विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय पिंडरई से प्राप्त करें।

**सरपंच** ग्राम पंचायत पिंडरई | **उपसरपंच** ग्राम पंचायत पिंडरई | **सचिव** ग्राम पंचायत पिंडरई

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेन्द्र मरकाम पिता मोहन मरकाम निवासी वार्ड नंबर 15 सरदार पटैल वार्ड मंडला का मूल निवासी हूं। मेरे सभी दस्तावेजों में यही नाम पता दर्ज है। लेकिन मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम राजेन्द्र सिंग पिता मोहन सिंग दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम राजेन्द्र मरकाम पिता मोहन मरकाम है। इसी नाम से मुझे जाना और पहचाना जाता है। मैं शपथ करता हूं कि मेरा ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज नाम गलत है। अत: मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में सुधारे जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जो सही है

**शपथकर्ता**

**राजेन्द्र मरकाम**
**पिता मोहन मरकाम**
**निवासी सरदार पटैल**
**वार्ड नंबर 15 जिला-मंडला**

संपादकीय

## मित्रता या मजबूरी?

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न तो टैरिफ 50 फीसदी से घटा कर 18 फीसदी करने का निर्णय अचानक लिया और न ही भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा एकदम की। ट्रंप प्रशासन तब से विमर्श और मंथन कर रहा था, जब भारत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ 'मुक्त व्यापार समझौते' करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रंप अपने कुछ नीतिगत फैसलों और 'दादागीरी' के कारण भी घरेलू स्तर पर और वैश्विक संदर्भों में विरोध झेल रहे थे, लिहाजा अकेले पड़ते जा रहे थे। भारत-अमरीका के रणनीतिक संबंध किसी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के मोहताज नहीं हैं। वे निरंतर और स्वाभाविक हैं, क्योंकि वैश्विक समीकरण ही ऐसे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के संबंध 'प्यारे दोस्त' वाले भी हैं, दोनों एक-दूसरे को 'ताकतवर' भी मानते हैं, लेकिन परस्पर-विरोधी फैसले भी लेते हैं, अंतत: रणनीतिक साझेदार मानने लगते हैं। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच व्यापार समझौता हुआ है। इसकी बातचीत बड़ी लंबी चली है, समझौता खटाई में भी पड़ता गया है, तीखे विरोधाभास रहे हैं, अंतत: समझौते की घोषणा कर दी गई है। व्यापार समझौता हुआ है, तो जाहिर है कि अब 30 ट्रिलियन डॉलर वाली दुनिया की सबसे बड़ी, ताकतवर अर्थव्यवस्था के बाजार में 'मेड इन इंडिया' सामान और उत्पादों के बिकने का रास्ता साफ हो गया है। 'व्यापार समझौता' कितना सकारात्मक और फलदायक है, वह इसी से स्पष्ट है कि 8 सालों में 'रुपया' पहली बार 122 पैसे चढ़ा है और अब एक डॉलर 90.27 रुपए तक लुढ़क आया है। शेयर बाजार में निवेशकों ने एक ही दिन में 12 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं। विदेशी निवेशक और एफआईआई एक बार फिर भारत में अपने निवेश बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय और घोषणा भी स्वागतेय है, लेकिन उन्हें 'वाचाल दावों' से परहेज करना चाहिए। मसलन-उन्होंने दावा किया है कि भारत ने 500 अरब डॉलर के अमरीकी उत्पादों की खरीद का संकल्प लिया है। इनमें ऊर्जा, अत्याधुनिक तकनीक-प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। दरअसल भारत का कुल वैश्विक आयात 721 अरब डॉलर का है। भारत का आम बजट भी 53.47 लाख करोड़ रुपए का है। उसमें से 45 लाख करोड़ रुपए अकेले अमरीकी उत्पादों पर कैसे खर्च किए जा सकते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि भारत टैरिफ, नॉन टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए अमरीकी उत्पादों पर 'शून्य' टैरिफ को भी सहमत हो गया है। यदि भारत 'शून्य' टैरिफ लगाएगा, तो उसकी कंपनियों का तो भट्ठा ही बैठ जाएगा। हकीकत यह है कि भारत ने 'शून्य' टैरिफ पर सहमति ही नहीं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 'धन्यवाद' की जो पोस्ट लिखी है, उसमें भी सहमति का जिक्र नहीं है। सबसे संवेदनशील यह है कि भारत ने गेहूं, मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार नहीं खोला है। फिर अमरीका के कृषि मंत्री ब्रूक रोलिन्स क्यों उछल रही हैं कि अब अमरीका के कृषि उत्पाद भी भारत जैसे विशाल बाजार में बिकेंगे? रूसी तेल के मुद्दे पर भी ट्रंप ने गलतबयानी की है। बेशक भारत ने रूसी तेल खरीदना कम किया है, क्योंकि वह उतना सस्ता नहीं पड़ रहा है, लेकिन फिर भी भारत ने 13 जनवरी 2026 तक 11.4 लाख बैरल तेल प्रतिदिन रूस से खरीदा है। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, लेकिन अभी यह जश्न मनाने का वक्त नहीं है।

# ममता बनर्जी का 'वकील' रूप



आदित्य कुमार चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि प. बंगाल की मुख्यमन्त्री सुश्री ममता बनर्जी देश की ऐसी राजनीतिज्ञ हैं जिन्होंने जमीन पर संघर्ष करके लोकतान्त्रिक व्यवस्था में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है और अपने राजनीतिक सिद्धान्तों के प्रति समर्पित रहते हुए अपने राज्य से लम्बी वामपंथी सत्ता का खात्मा करने में सफलता प्राप्त की है। ममता दी की खासियत रही है कि वह वर्तमान राजनीति की सभी वर्जनाओं के बीच अपनी सफलता का रास्ता इस प्रकार बनाती हैं कि उनके विरोधी आश्चर्यचकित होकर नई बनी परिस्थितियों में अपनी भूमिका तलाशते रह जाते हैं। पिछले दिनों से उन्होंने जिस प्रकार देश के चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला है उसे भी उन्होंने अपने अन्दाज में एक नया आयाम देते हुए सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक नई परिभाषा दी और सिद्ध किया कि वह कोई सैद्धान्तिक लड़ाई छेड़ती हैं तो उसमें सीधे जनता की भागीदारी को प्रमुख बनाकर ही संघर्ष करती हैं।



पूरे भारत को मालूम है कि ममता दी चुनाव आयोग द्वारा उनके राज्य में की जा रही गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरुद्ध हैं और उनका मानना है कि जो कार्य अतीत में दो वर्ष के भीतर पूरा होता था उसे चुनाव आयोग केवल तीन महीने के भीतर ही पूरा करा रहा है अत: इस प्रक्रिया में ऐसी गलतियां होना स्वाभाविक है जिनका असर सामान्य मतदाताओं पर पड़े बिना नहीं रह सकता। इस मामले में मूल प्रश्न यह है कि चुनाव आयोग एक ऐसी स्वतन्त्र व संवैधानिक संस्था है जो अपना कार्य सीधे संविधान से शक्ति लेकर करती है। इस काम में कोई भी और किसी भी दल की देश में स्थापित सरकार किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। अत: चुनाव आयोग को ममता दी द्वारा दी गई चुनौती का अपना संवैधानिक महत्व है। इस सिलसिले में यह समझे जाने की सख्त जरूरत है कि चुनाव आयोग भारत की लोकतान्त्रिक व्यवस्था की पुख्ता जमीन तैयार करने के लिए जिम्मेदार इसी शर्त पर होता है कि देश के प्रत्येक जायज नागरिक के पास एक वोट देने का अधिकार पूर्णत: सुरक्षित रहेगा जिससे वह इसका प्रयोग करके देश के लोकतन्त्र में सहभागिता कर सके और सत्ता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। ममता दी का मूल तर्क यही है कि चुनाव आयोग गहन पुनरीक्षण लोगों को मताधिकार देने के लिए नहीं बल्कि उनसे इस अधिकार को काटने के लिए कर रहा है। इस सन्दर्भ में उनकी सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं पहले से ही दायर थीं मगर उन्होंने कल एक निजी याचिका भी दायर की और दलील दी कि पुनरीक्षण के जरिये भारत के लोगों के मूलभूत अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इस मामले में उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में अपनी पैरवी खुद भी की और न्यायाधीशों के समक्ष अपने तर्कों को प्रस्तुत किया।

स्वतन्त्र भारत में यह पहला मामला है कि जब किसी राज्य के मुख्यमन्त्री ने अपने मुकदमे की पैरवी खुद की हो। इससे उनकी उस दृढ़ इच्छा शक्ति का पता चलता है कि वह जिस काम को पकड़ लेती हैं उसे पूरा करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा देती हैं। उन्होंने अपनी याचिक में कहा है कि चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण के जरिये उनके राज्य को निशाना बना रहा है और इसके लोगों पर मनमानी थोप रहा है। ममता दी के इस प्रकार से वकील रूप में प्रकट हो जाने के निश्चित रूप से राजनीतिक मायने भी हैं क्योंकि उनके इस तरह सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी करने से आम जनता तक सकारात्मक सन्देश गया है। राज्य में जल्दी ही विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं अत: उनके विरोधियों को इसकी काट भी अभी से सोचनी होगी। ममता दी ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपनी निजी याचिका दाखिल की है जिसमें मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए न्याय पाने का अधिकार समाहित है। ममता दी ने सर्वोच्च न्यायालय में दलील देते हुए कहा कि चुनाव आयोग इसी न्यायालय के आदेशों की अवहेलना भी कर रहा है क्योंकि प. बंगाल में वह आधार कार्ड को नागरिकों के निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार नहीं कर रहा है जबकि न्यायालय ने आदेश दिया था कि आधार कार्ड भी जायज मतदाताओं की पहचान का एक दस्तावेज माना जायेगा। मगर प. बंगाल में चुनाव आयोग आधार कार्ड को स्वीकार नहीं कर रहा है और अपनी मनमानी कर रहा है जिसकी वजह से लाखों मतदाताओं को भारी परेशानी हो रही है जबकि अन्य राज्यों में किये गये पुनरीक्षण में न केवल आधार कार्ड को, बल्कि आवास प्रमाणपत्र, परिवार पंजीयन कार्ड, सरकारी आवास प्रमाणपत्र व स्वास्थ्य कार्ड स्वीकार किये जा रहे हैं। इस मामले में जाति प्रमाणपत्र भी स्वीकार किया जा रहा है परन्तु प. बंगाल में पुनरीक्षण करते वक्त चुनाव आयोग इन्हें स्वीकार नहीं कर रहा है जिससे राज्य के लोगों के समक्ष अपने मतदाता होने का दावा प्रस्तुत करने में भारी कठिनाई आ रही है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दलील दी कि चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण का ऐसा समय चुना जो कि उनके राज्य में त्यौहारों का समय होता है और लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते-जाते रहते हैं। जाहिर है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस बारे में संज्ञान लिया है और मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को तय की है परन्तु सर्वोच्च न्यायालय में गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की संवैधानिकता पर भी सुनवाई पूरी हो चुकी है और इस सन्दर्भ में फैसला सुरक्षित रख लिया गया है।

अब सवाल यह है कि प. बंगाल में चुनाव आयोग जिन आधारों पर मतदाताओं के नाम सूची से काट रहा है उनकी गहन जांच हो। इस बारे में स्पष्ट है कि ऐसी किसी भी महिला मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जा सकता है जिसने शादी करने के बाद अपना निवास बदल लिया हो और उसके नाम में नया उपनाम जोड़ दिया गया हो। ममता दी का तर्क है कि उनके राज्य में चुनाव आयोग यह काम कर रहा है। अत: सर्वोच्च न्यायालय को इन सभी पक्षों पर अपना निर्णय देना होगा। जहां तक ममता दी का सवाल है तो वह निश्चित रूप से देश के सभी राजनीतिज्ञों के बीच अपना एक अलग व विशिष्ट स्थान रखती हैं और राजनीति को सोते-जागते जीती हैं।

# जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं परीक्षाएं



संजय कुमार

भारत में छात्रों के परीक्षा तनाव को कम करने और सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाने के लिए शुरू हुई 'परीक्षा पे चर्चा' पहल आज एक बड़ी जन-भागीदारी बन चुकी है। 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छात्रों के बीच हुई एक बातचीत से आरंभ हुई यह पहल अब करोड़ों छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों का मार्ग प्रशस्त कर रही है। 2025 में इस कार्यक्रम ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया, जब एक ही महीने में 3.53 करोड़ से अधिक लोगों ने इसमें भागीदारी के लिए पंजीकरण किया। इसकी कुल पहुंच 21 करोड़ से अधिक दर्शकों तक रही, जिसमें विदेश स्थित भारतीय स्कूल भी शामिल थे। यह कार्यक्रम छात्रों को यह संदेश देता है कि परीक्षाएं जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं, बल्कि सीखने की यात्रा का सिर्फ एक प्रमुख चरण हैं।

प्रधानमंत्री बार-बार इस पर जोर देते हैं कि परीक्षा केवल किसी विशेष क्षण में आपकी तैयारी को मापती हैं, जबकि सीखना लगातार और आनंददायक होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में 'आजीवन सीखने' की अवधारणा पर गहराई से जोर दिया गया है। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि अंकों का प्रतिशत बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व को परिभाषित नहीं कर सकता। बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर अलग-अलग कौशल सीखने, नई गतिविधियों को आजमाने और चुनौतियों को डर के बजाय अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया जाना है।


इस पहल में मानसिक स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया गया है। विशेषज्ञ छात्रों को तनाव कम करने के आसान तरीकों से परिचित करा रहे हैं, जिनमें 5-4-3-2-1 ग्राउंडिंग तकनीक, पर्याप्त नींद, पानी, व्यायाम और ध्यान जैसी स्वस्थ दिनचर्या शामिल हैं। 5-4-3-2-1 इंद्रिय-आधारित ध्यान अभ्यास है, जिसे पांचों इंद्रियों का उपयोग करके विचारों की दौड़ को शांत करने और अंतत: उन्हें एक इंद्रिय तक सीमित करने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसा करने से आपका ध्यान चिंता पैदा करने वाले विचारों से हटकर वर्तमान क्षण पर केंद्रित होता है। इस तकनीक को 18वीं शताब्दी में बेट्टी एलिस एरिक्सन ने विकसित किया था। खेल जगत की कई हस्तियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया था कि खेल पढ़ाई में बाधा नहीं, बल्कि तनाव कम करने और ध्यान केंद्रित रखने में मदद करते हैं।

डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रचलन से आशंका व्यक्त की जा रही है कि उससे संज्ञान का ह्रास हो रहा है तथा मानसिक स्वास्थ्य कुप्रभावित हो रहा है। विश्व में 5.66 अरब डिजिटल मीडिया प्रोफाइल हैं। लोग प्रतिदिन डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म पर सामग्री देखने में 15 अरब घंटे व्यतीत करते हैं, जो मानव जीवन के 17 लाख वर्षों से अधिक के बराबर है। अत्यधिक उपयोग से 'डिजिटल डिमेंशिया' में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण मस्तिष्क के उन क्षेत्रों में ग्रे मैटर की कमी हो जाती है, जो भावनात्मक विनियमन और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार होते हैं। हम डिजिटल मीडिया को नकारने की स्थिति में नहीं हैं, इसलिए हमें इसके उपयोग के लिए स्वस्थ सीमाएं निर्धारित करनी चाहिए। तकनीकी विशेषज्ञों ने छात्रों को सलाह दी है कि वे मोबाइल और डिजिटल साधनों को नियंत्रित तरीके से इस्तेमाल करें, ताकि तकनीक मददगार बने, बोझ नहीं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अभिभावकों को भी महत्वपूर्ण संदेश देता है कि वे बच्चों का ध्यान केवल अंकों पर न लगाएं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया पर केंद्रित रखें। बच्चों की तुलना दूसरों से न करें और अपने घर में ऐसा माहौल बनाएं जहां बच्चे खुलकर अपने डर, चुनौतियों और उम्मीदें साझा कर सकें। अभिभावकों का सहयोगी व्यवहार बच्चों की परीक्षा तैयारी में सबसे ज्यादा मदद करता है।

भारतीय शिक्षा दर्शन में ज्ञान की प्राप्ति को एक एकाकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक साझा पथ माना गया है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम शिक्षकों से अपील करता है कि वे रटने की संस्कृति से आगे बढ़कर आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा दें। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें छात्र-केंद्रित, तनाव-मुक्त और अनुभवात्मक शिक्षा पर जोर दिया गया है। मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव की जरूरत है ताकि परीक्षाएं केवल याद्दाश्त नहीं, बल्कि समझ, अनुप्रयोग और विकास को माप सकें। डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग भी शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

स्कूलों और जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों को इस पहल के सिद्धांतों को वास्तविकता में बदलने की भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए स्कूलों में वेलनेस कमेटियां बनाना, तनाव प्रबंधन और अध्ययन कौशल पर कार्यशालाएं आयोजित करना, अभिभावक-शिक्षक संवाद बढ़ाना और छात्रों की उपलब्धियों को केवल अंकों के बजाय विविध क्षेत्रों में पहचानना जरूरी बताया गया है। इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अभिलेखित एक्जाम वारियर्स जैसे संसाधनों को हर छात्र तक पहुंचाना भी महत्वपूर्ण है। अंतत: परीक्षा पे चर्चा मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका संदेश स्पष्ट है-परीक्षाएं बोझ नहीं, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को समझने का अवसर हैं।

# न्याय की 'आत्मा' है एफआईआर



दिनेश चन्द सागर (एडवोकेट)

लेखक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं

भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली की लोकोनमुखी ताने बाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट यानी एफआईआर को केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि न्याय की आत्मा माना जाता है। यह वह आधारशिला है जो राय की मशीनरी को जांच, गिरफ्तारी और अभियोजन के लिए सक्रिय करती है। हालांकि, भारतीय अदालतों के सामने लंबे समय से यह यक्ष प्रश्न रहा है कि क्या एक ही घटनाक्रम के लिए कई एफआईआर दर्ज की जा सकती हैं? आज जब देश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नए कानूनी युग में कदम रख चुका है, माननीय सर्वोच न्यायालय ने प्रक्रियात्मक बहुलता के विरुद्ध एक मजबूत दीवार खड़ी की है। न्यायालय का यह रुख स्पष्ट करता है कि कानून निर्दोषों के लिए ढाल होना चाहिए, न कि किसी को प्रताड़ित करने का हथियार।

### एफआईआर : सत्य का संवैधानिक आधार

न्याय की इस प्रक्रिया में एफआईआर की दार्शनिक गहराई कबीर की उन पंक्तियों में निहित है- साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। कानूनी दृष्टिकोण से एफआईआर उस प्रथम सत्य का प्रतीक है, जिसे बिना किसी मिलावट या बाहरी प्रभाव के दर्ज किया जाना चाहिए। लेकिन जब एक ही घटना को दर्जनों एफआईआर में विभाजित कर दिया जाता है, तो सत्य की खोज अक्सर न्यायिक उत्पीड़न का रूप ले लेती है। पिछले कुछ दशकों में शीर्ष अदालत ने ऐसे सिद्धांतों को गढ़ा है जो पीड़ितों को न्याय दिलाने और आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच एक बारीक संतुलन बनाते हैं।

### टी.टी. एंटनी बनाम केरल राय- सिद्धांत की नींव

इस न्यायशास्त्र का मील का पत्थर साल 2001 में टी.टी. एंटनी बनाम केरल राय के मामले में रखा गया था। राजनीतिक हिंसा के दौरान हुई पुलिस फायरिंग के बाद दर्ज कई एफआईआर पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सिंगल एफआईआर का सिद्धांत दिया। संविधान के अनुछेद 21 का हवाला देते हुए न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि दूसरी एफआईआर का सार पहली के समान है, तो वह अवैध है। इसके पीछे तर्क यह था कि एक बार धारा 173 बीएनएसएस (पूर्व में धारा 154 सीआरपीसी) के तहत जांच शुरू होने के बाद, आने वाली हर नई जानकारी को धारा 180 बीएनएसएस (पूर्व में धारा 161 सीआरपीसी) के तहत गवाहों के बयान के रूप में दर्ज किया जाना चाहिए, न कि नई एफआईआर के रूप में। यह सिद्धांत पुलिस को किसी मामले को अनंत काल तक खींचने और न्यायिक निगरानी से बचने से रोकता है।

### न्याय का विस्तार- राजेंद्र बिहारी लाल (2025)

हालांकि, कानून कभी जड़ नहीं होता। राजेंद्र बिहारी लाल बनाम उत्तर प्रदेश राय (2025) के हालिया मामले में न्यायालय ने इस सिद्धांत में और परिपक्वता जोड़ी। सामूहिक अपराधों या धोखाधड़ी के मामलों में, जहां पीड़ित अलग-अलग होते हैं, वहां न्याय का पैमाना भी बदल जाता है। न्यायालय ने माना कि यदि अलग-अलग पीड़ित अपने साथ हुए विशिष्ट अपराधों की शिकायत करते हैं, तो उन्हें अलग एफआईआर के रूप में सुना जा सकता है। विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी या पोंजी स्कीमों में हर निवेशक की मेहनत की कमाई की अपनी स्वतंत्र कहानी होती है। परंतु, सोशल मीडिया पोस्ट या किसी एक भाषण के आधार पर देश भर में दर्ज होने वाली एफआईआर की बाढ़ को रोकने के लिए उच न्यायालयों की भूमिका अब और महत्वपूर्ण हो गई है।

### धारा 528 बीएनएनएस- न्याय का सुरक्षा कवच

जब भी एक घटना, एक एफआईआर के नियम का उल्लंघन होता है, तो पीड़ित के पास उच न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियों का सहारा होता है। बीएनएसएस की धारा 528 (जो पूर्व में धारा 482 सीआरपीसी थी) उच न्यायालय को यह शक्ति देती है कि वह किसी भी दुर्भावनापूर्ण या प्रतिलिपि एफआईआर को रद्द कर सके। यह शक्ति प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने और न्याय के उद्देश्यों को सुरक्षित करने के लिए अनिवार्य है।

### अमृत काल की नई संहिता

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने जहां प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाया है, वहीं पारदर्शिता भी बढ़ाई है। अब धारा 173 के तहत ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता मिल गई है, लेकिन तीन दिनों के भीतर हस्ताक्षर का नियम इसकी सत्यता सुनिश्चित करता है। धारा 180 यह सुनिश्चित करती है कि जांच की धारा एक ही दिशा में बहे और साक्ष्य बिखरे नहीं। आज का कानूनी नायक वह नहीं है जो प्रतिशोध में दर्जनों एफआईआर कराए, बल्कि वह है जो सत्य और संवैधानिक मर्यादा के साथ न्याय मांगे।

**निष्कर्ष**- टी.टी. एंटनी से लेकर राजेंद्र बिहारी लाल तक का सफर यह बताता है कि सत्य एक ही होता है और उसका न्यायिक अभिलेख भी एक ही होना चाहिए। सर्वोच न्यायालय का यह रुख बहुलता रहित न्याय और विलंब रहित सम्मान की दिशा में एक बड़ा कदम है। कानून की मंशा स्पष्ट है-न्याय की आवाज गूंजनी चाहिए, लेकिन वह तकनीकी बहुलता के शोर में दबनी नहीं चाहिए।

## प्रेरक प्रसंग

### सकारात्मक सोच अर्थात् सफलता के अवसर

यदि समस्या आपके सामने आती है, तो इसे स्वयं हल करें, इसे दूसरों के लिए न छोड़ें। किसी भी समस्या से बचने की बजाय उसका हल निकलने की कोशिश करें।

एक बार एक अमीर राजा ने एक सड़क के बीच में एक विशाल पत्थर रखवा दिया। पत्थर रखवाने के बाद, वह चुपचाप पास के एक पेड़ के पीछे छिप गया। असल में वह देखना चाहता था कि बीच सड़क पर पड़े उस भारी पत्थर को हटाने की कोशिश कोण करेगा। कुछ मिनटों के इंतजार के बाद, राजा के दरबारी वहाँ से गुजरते हैं।

लेकिन वह इस पत्थर को देखने के बावजूद नजरअंदाज कर देता है। इसके बाद करीब 20 से 30 लोग वहाँ से गुजरे। लेकिन किसी ने भी इस पत्थर को सड़क से हटाने का प्रयास नहीं किया। लगभग डेढ़ घंटे बाद एक गरीब किसान पास से गुजरा। किसान के हाथ में सब्जियाँ और दूसरे हाथ में काफी सामान था।

किसान ने उस को पत्थर देखा और उसने पत्थर को हटाने के लिए कड़ी मेहनत की। आखिरकार वह सड़क से पत्थर हटाने में सफल रहा। पत्थर को हटाने के बाद, उसने एक बैग पड़ा देखा। इस बैग में कई सोने के सिक्के और आभूषण थे। इसमें राजा द्वारा लिखा गया एक पत्र भी था।

राजा ने पत्र में लिखा कि यह आपकी ईमानदारी, निष्ठा, कड़ी मेहनत और अच्छे स्वभाव का प्रतिफल है। जीवन की यात्रा में भी ऐसी कई बाधाएँ हैं। उनसे बचने के बजाय, आपको उनका दृढ़ता से सामना करना चाहिए। यदि समस्या आपके सामने आती है, तो इसे स्वयं हल करें, इसे दूसरों के लिए न छोड़ें।

कामयाबी का मीठा स्वाद अवसर को पहचानने वाले ही चखते हैं। आपकी सकारात्मक सोच ही सफलता के अवसर को पहचानती है।

# टी20 विश्व कप 2026 - क्या टूटेगा मेजबान देश के विजेता न बन पाने का मिथक



प्रशांत श्रीधर

शिक्षक पिंडरई मंडला

29जून 2024 अभी बहुत समय बीता नहीं है,जिस दिन सारा भारत जश्न में डूब गया था,जब भारत ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के 9वें संस्करण के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व दूसरी बार जीत लिया था,इससे पहले भारत ने टी20 वर्ल्ड कप के पहले संस्करण के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था,2 वर्ष से भी कम समय में एक बार फिर 7फरवरी से इस फटाफट क्रिकेट का महासंग्राम भारत और श्रीलंका की जमीन पर होने जा रहा है,आईसीसी का प्रयास है कि क्रिकेट के इस फॉर्मेट को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाया जाए इसलिए इस बार वर्ल्ड कप में 20टीमें हिस्सा ले रही हैं,यह टूर्नामेंट भारत के पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद,दिल्ली,कोलकाता और मुंबई के साथ श्रीलंका के कोलंबो और कैंडी शहरों में खेला जाएगा,फाइनल अहमदाबाद में प्रस्तावित है,लेकिन यदि पाकिस्तानी क्रिकेट टीम फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल मैच श्रीलंका में सम्पन्न होगा,ग्रुप स्टेज के मैचों के उपरांत सुपर-8 फिर सेमीफाइनल के बाद फाइनल 8मार्च को खेला जायेगा,टी20 क्रिकेट का रोमांच वैसे तो हर एक दो ओवर में बदलता रहता है लेकिन पहले संस्करण से नौंवे संस्करण तक कुछ रिकॉर्ड हैं जो आज तक नहीं बदले,सबसे पहला कोई भी मेजबान देश इस खिताब को नहीं जीत सका है,हमेशा मेहमान टीमों ने बाजी मारी है,दूसरी बात कोई भी देश लगातार दो संस्करण अपने नाम नहीं कर सका है,अब भारतीय क्रिकेट टीम को यह दोनों मिथक तोड़ने होंगे,भारतीय क्रिकेट टीम अपनी लगातार दूसरी टी20 ट्राफी एवं इस प्रारूप में सबसे ज्यादा खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी अपने नाम करना चाहेगी,भारत और बांग्लादेश के बीच जारी तनाव के बीच बांग्लादेश की टीम विश्व कप से बाहर हो गई है और उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है,भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मैच भी तय नहीं है,इस बीच क्रिकेटप्रेमी दुनियां की प्रमुख टीमों के बीच ये रोमांचक जंग देखने पूरी तरह से तैयार हैं।

20 टीमों को चार ग्रुपों में बांटा गया है, ग्रुप ए में भारत,पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया हैं, ग्रुप बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया,आयरलैंड, ओमान और जिम्बाब्वे हैं,ग्रुप सी में इंग्लैंड ,वेस्टइंडीज,स्काटलैंड,नेपाल और इटली, एवं ग्रुप डी में न्यूजीलैंड,दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान,कनाडा और यूएई टीमें शामिल हैं,इटली ने पहली बार विश्व कप का टिकट कटाया है,सबसे पहले बात करते हैं ग्रुप ए में शामिल टीमों की,जिसमें मेजबान भारत की दावेदारी सबसे मजबूत है,भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी अपने नाम करने के बाद खेले गए 33 मैचों में से केवल छह मैच हारे हैं,टीम अपनी जमीन पर एवं विदेश में हर बड़ी टीम के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने में सफल रही है,भारतीय टीम का मजबूत फॉर्म उसे इस विश्व कप जीतने का सबसे प्रबल दावेदार बनाता है,भारत की स्पिन गेंदबाजी थोड़ी चिंता का विषय हो सकती है,लेकिन टीम में विस्फोटक बैटर्स,ऑलराउंडर,और स्पेसलिस्ट गेंदबाजों का बढ़िया कॉम्बिनेशन है जो भारत को लगातार दूसरा खिताब अपने नाम करवा सकते हैं, पाकिस्तान की



टीम की बात करें तो टीम में पिछले दो वर्षों में काफी फेरबदल हुआ है,टीम बड़ी टीमों के खिलाफ ज्यादा सफलता हासिल नहीं कर पाई है,पिछले वर्ष हुए एशिया कप में फाइनल सहित भारत ने उसे तीन बार हराया था,पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं पर हाल में ही ऑस्ट्रेलिया को टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया है,टीम को अपने सारे मैच श्रीलंका में खेलने हैं,उनके गेंदबाज इस स्थिति का जरूर लाभ उठाना चाहेंगे और अंतिम चार में अपना स्थान पक्का करना चाहेंगे इसके अतिरिक्त ग्रुप में अन्य टीमें अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया हैं जो अपने खेल से क्रिकेट के इस छोटे फॉर्मेट में लोगों को चौंकाने का प्रयास करेंगी ,पिछले वर्ल्ड कप में अमेरिका ने पाकिस्तान को हराकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर कर दिया था।ग्रुप बी की बात करें तो इसमें ऑस्ट्रेलिया सबसे मजबूत दावेदार है भले ही उनका हालिया प्रदर्शन अच्छा ना रहा हो,लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन एक अलग ही स्तर पर पहुँच जाता है,तभी उनके पास सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफियां हैं,इसी ग्रुप में श्रीलंका अपने ज्यादातर मैच अपनी सरजमी में खेलेगी, जिसका वह फायदा उठाना चाहेगी, हालांकि वर्ल्ड कप से ठीक पहले इंग्लैंड के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में वह एक भी मैच नहीं जीत पाए,फिर भी स्पिन मददगार पिच पर उनके खिलाड़ी किसी भी टीम पर भारी पड़ सकते हैं, आयरलैंड, ओमान और ज़िम्बाब्वे ग्रुप की अन्य टीमें हैं जो उलटफेर कर सुपर-8 में पहुंचने का भरसक प्रयास करेंगी।ग्रुप सी में शामिल इंग्लैंड अपने तेजतर्रार खेल के लिए जानी जाती है,हालांकि पिछले कुछ दिनों में उसे बेजबॉल पद्धति से ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई है,लेकिन हाल ही में उन्होंने श्रीलंका को उसी की जमीन पर टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया है,निश्चित रूप से इंग्लैंड की टीम जिसमें ऑलराउंडर की भरमार है ट्रॉफी की प्रमुख दावेदारों में से एक है, इसी ग्रुप की दूसरी टीम वेस्टइंडीज भी पिछले कुछ वर्षों की अपेक्षा बेहतर खेल दिखाकर अंतिम चार में जगह पक्का करना चाहेगी,इस टीम में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है इसकी झलक हमें इस टी20 वर्ल्ड कप में देखने को मिल सकती है,इसके अलावा ग्रुप में बांग्लादेश की जगह शामिल हुई स्कॉटलैंड,नेपाल और नई टीम इटली भी शामिल हैं जो कि अपने प्रदर्शन से बड़ी टीमों को हतप्रभ करना चाहेंगीं।

भारत में आयोजित होने वाला टी20 वर्ल्ड कप केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं,बल्कि देश की खेल संस्कृति का उत्सव होगा,यह प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं को वैश्विक मंच पर खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर देगी,भारतीय दर्शकों का जोश और स्टेडियम का माहौल मैचों को और रोमांचक बना देगा,मेज़बान होने के कारण भारतीय टीम पर उम्मीदों का दबाव रहेगा,लेकिन घरेलू परिस्थितियाँ उसकी ताकत भी बन सकती हैं,अन्य टीमें भी पूरी तैयारी के साथ उतरेंगी जिससे मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धी होंगे,इस वर्ल्ड कप में नई रणनीतियाँ, नए सितारे और यादगार पल देखने को मिलेंगे,टी20 प्रारूप की अनिश्चितता हर मैच को खास बनाएगी, क्रिकेट के साथ-साथ भारत की मेहमाननवाज़ी दुनिया को आकर्षित करेगी, यह टूर्नामेंट भारत की खेल संरचना और आयोजन क्षमता को भी प्रदर्शित करेगा, दुनियां भर की निगाहें भारत पर टिकी होंगी क्योंकि इसके बाद भारत में कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन भी होना है और भारत ने ओलंपिक के लिए भी अपनी दावेदारी पेश की है, ऐसी अपेक्षा है कि टी20 वर्ल्ड कप यादों में बस जाने वाला आयोजन बनेगा एवं क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह समय उत्साह, उम्मीद और जुनून से भरा होगा, विश्व कप के सभी मैचों का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगा, इसके अतिरिक्त भारत के सभी मैच,सेमीफाइनल फाइनल डीडी फ्री डिश में डीडी स्पोर्ट्स पर भी देखे जा सकते हैं एवं आकाशवाणी पर भी प्रमुख मैचों का आंखों देखा हाल सुना जा सकता है।।

# अमेरिका की सबसे खूंखार अपराधियों की लिस्ट में 89 भारतीय, डेटाबेस में खुलासा

नई दिल्ली

भारतीय मूल के 89 लोग अमेरिका की सबसे खतरनाक अपराधियों की लिस्ट में हैं। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा लॉन्च किए गए डेटाबेस में लगभग 25,000 आपराधिक अवैध विदेशियों की लिस्ट है, जिनमें हत्यारे, यौन अपराधी और ड्रग तस्कर शामिल हैं।

इन्हें अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट और यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की इमिग्रेशन पर सख्ती के तहत गिरफ्तार किया और दोषी ठहराया है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटाबेस में दोषी ठहराए गए लोगों के नाम, तस्वीरें, अपराध और राष्ट्रीयता शामिल हैं।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने कहा कि यह वेबसाइट इसलिए लॉन्च की गई है ताकि अमेरिकी उन आपराधिक अवैध विदेशियों को देख सकें जिन्हें हम गिरफ्तार कर रहे हैं, उनके अपराधों को देख सकें और उन कम्युनिटीज को देख सकें जहां से हमने उन्हें हटाया है।



पोस्ट में बताया गया कि डेटाबेस में गिरफ्तार किए गए 25,000 लोगों की जानकारी है। इसमें आगे कहा गया है, यह ट्रंप प्रशासन के तहत सड़कों से हटाए गए आपराधिक अवैध विदेशियों की सिर्फ एक झलक है।

डीएचएस ने आगे कहा, ये वे राक्षस हैं जिन्होंने हमारे समुदायों को आतंकित किया है। जब तक इनमें से हर एक व्यक्ति चला नहीं जाता, हम रुकने वाले नहीं हैं। अमेरिकियों को ऐसे लोगों का शिकार नहीं बनना चाहिए जिन्हें हमारे देश में कानूनी तौर पर रहने की भी इजाजत नहीं है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अवैध इमिग्रेशन पर सख्ती का वादा किया था और अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत अमेरिका में एंट्री के नियमों को बदलने के मकसद से कई एक्शन के साथ की। ऑफिस में अपने पहले दिन उन्होंने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी घोषित करने वाले आदेशों पर साइन किए। उस इलाके में और ज्यादा सैनिकों को तैनात करने की घोषणा की और साथ ही आपराधिक विदेशियों को देश से निकालने का भरोसा दिया। लेकिन कई राज्यों में इमिग्रेशन लागू करने के ऑपरेशन कभी-कभी हिंसक हो गए हैं, जिससे डेमोक्रेट्स और ज्यादा से ज्यादा रिपब्लिकन नाराज हो गए हैं।

## रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के डिप्टी चीफ पर मॉस्को में हुआ जानलेवा हमला

**मॉस्को, (वार्ता)।** रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी (जीआरयू) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव शुक्रवार को मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए।



राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत के पास घात लगाकर बैठे हमलावर ने जनरल अलेक्सेयेव पर कई गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। हमले के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी हुयी है। रूसी जांच समिति ने इस घटना को हत्या के प्रयास का मामला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। जनरल अलेक्सेयेव 2011 से जीआरयू में दूसरे सबसे शक्तिशाली अधिकारी के पद पर तैनात हैं और यूक्रेन युद्ध की रणनीतियों में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

अंतरराष्ट्रीय विवादों से उनका पुराना नाता भी रहा है। यूक्रेन उन्हें अंतरराष्ट्रीय अपराधी मानता है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ(ईयू) ने उन पर 2018 में सैलिसबरी (यूके) में रूसी डबल एजेंट सर्गेई स्क्रीपल और उनकी बेटी पर %नोविचोक% नर्व एजेंट से हमला कराने का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया था। इस कारण वे ईयू के प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा साल 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के दौरान साइबर हमलों और हस्तक्षेप के आरोपों के चलते अमेरिका ने भी उन पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे।

# उत्तराखंड का पहला 'तंबाकू नियंत्रित' शहर बनेगा ऋषिकेश

ऋषिकेश,(वार्ता)

उत्तराखंड में नगर निगम ऋषिकेश ने शहर को स्वच्छ, पवित्र और स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तंबाकू उत्पादों की बिक्री को नियंत्रित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विशेष उपविधि के माध्यम से तंबाकू बिक्री को विनियमित करने पर सहमति बनी। बैठक में नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण का यह विशेष मॉडल वर्तमान में देश के केवल 7 से 8 शहरों में ही लागू है। ऋषिकेश इस व्यवस्था को अपनाने वाला उत्तराखंड का पहला शहर बन गया है, जो जन-स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य के लिए एक नई मिसाल है।

नगर निगम ने धार्मिक मर्यादा और नई पीढ़ी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिया है कि अब शहर के किसी भी मंदिर परिसर, विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं गंगा घाटों के 200 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त करने के साथ-साथ चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम यह अभियान बालाजी सेवा संस्थान के सहयोग से संचालित कर रहा है। संस्थान के विशेषज्ञ नागरिकों को तंबाकू से होने वाले कैंसर एवं अन्य घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में शहर में तंबाकू विक्रय की 134 दुकानों की पहचान की गई है, जिनमें से 18 दुकानों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। शेष दुकानदारों को शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा बिना लाइसेंस तंबाकू बिक्री को अवैध माना जाएगा। महापौर शंभू पासवान ने कहा कि देवभूमि के द्वार और योग की अंतरराष्ट्रीय राजधानी ऋषिकेश की पवित्रता तथा नागरिकों का स्वास्थ्य नगर निगम की प्राथमिकता है। तंबाकू एक धीमा जहर है, जो युवा पीढ़ी को गंभीर नुकसान पहुँचा रहा है। इसी कारण नगर निगम ने तंबाकू बिक्री को पूरी तरह व्यवस्थित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने नागरिकों से ऋषिकेश को नशा-मुक्त और स्वस्थ बनाने में सहयोग की अपील की। बैठक में नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, प्रभारी कर अधीक्षक भारती, बालाजी सेवा संस्थान से डॉ. सोनम, डॉ. राना जे. सिंह, मोर्गन क्रेहर सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मायावती ने शनिवार को बुलाई पदाधिकारियों की अहम बैठक

**लखनऊ, (वार्ता)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। पार्टी की तरफ़ से एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बैठक से पूर्व मायावती मीडिया को संबोधित करेंगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में बसपा संगठन की जमीनी तैयारियों, पार्टी की वर्तमान स्थिति और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आगे की राजनीतिक दिशा तय करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। बैठक में प्रदेश की राजनीति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर पार्टी का रुख स्पष्ट किया जा सकता है।

# रहस्यमय खराब सॉफ्टवेयर के जरिए बंगाल में मतदाताओं का नाम हटा रहा है चुनाव आयोगः तृणमूल

नयी दिल्ली, (वार्ता)

तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाने का आरोप लगाया और कहा कि ये नाम चुनाव निकाय द्वारा इस्तेमाल किए गए एक रहस्यमय खराब सॉफ्टवेयर के जरिये हटाए गए हैं। तृणमूस कांग्रेस के राज्यसभा के सांसद साकेत गोखले ने कहा कि अब तो आयोग के अधिकारियों ने भी मान लिया है कि सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण सही वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गये। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कई महीनों से इस मुद्दे को उठाया था।

उन्होंने कहा, आखिरकार आयोग के अधिकारियों ने भी मान लिया है कि बंगाल की मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम एक रहस्यमय खराब सॉफ्टवेयर के कारण हटाए गए हैं। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं ने महीनों से इस ओर इशारा किया है और फिर भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुप रहे हैं। कथित सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाते हुए श्री गोखले ने कहा कि यह प्रणाली किसने बनायी और खराब होने के बावजूद इसका इस्तेमाल क्यों किया गया। उन्होंने कहा, आयोग के लिए यह रहस्यमय सॉफ्टवेयर किसने बनाया जो सही वोटरों के नाम हटा देता है? आयोग यह जानते हुए भी कि यह खराब है, इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल क्यों नहीं रोक रहा है?

तृणमूल के सांसद ने इस मामले में राजनीतिक दखलअंदाजी का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव आयोग पर नियंत्रित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, धरातल पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीण (एसआईआर) में हेरफेर करने की कोशिशों में नाकाम रहने के बाद, भाजपा के नियंत्रण वाले चुनाव आयोग ने दिल्ली में बैठकर चुनाव अधिकारियों को बाइपास करके एक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया और मतदाताओं का नाम हटा दिया। यह सबसे ऊंचे स्तर की गंदी चाल है।

श्री गोखले ने ये आरोप राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के बीच लगाया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य में मतदाता सूची को अद्यतन किया जाने वाला यह काम एक नियमित प्रक्रिया है, जिसमें नकली, दूसरे जगह जा चुके या मरे हुए मतदाताओं के नाम को हटाया जाता है और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा जाता है।

राजनीतिक पार्टियां इस प्रक्रिया पर करीब से नज़र रखती हैं, खासकर चुनावों से पहले इस चिंता के बीच कि गलतियों से मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। खबर लिखे जाने के समय तक चुनाव आयोग ने श्री गोखले के आरोपों पर कोई बयान जारी नहीं किया है। आयोग ने पहले कहा है कि मतदाता सूची में बदलाव तय प्रक्रियाओं के अनुसार और बूथ-लेवल अधिकारियों और राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए कई स्तर के सत्यापन के साथ किए जाते हैं।

तृणमूल ने चुनाव आयोग से ज़्यादा पारदर्शिता बरतने की मांग की है और आयोग से आग्रह किया है कि जब तक पूरी सफाई नहीं दी जाती, तब तक कथित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल तुरंत बंद किया जाए।

## कश्मीर के अधिकतर इलाकों में रात का तापमान शून्य के नीचे

**श्रीनगर,(वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में रात का तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है और आने वाले दिन में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। कश्मीर घाटी के सभी मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, 16 फरवरी तक केंद्र शासित प्रदेश में बारिश या हिमपात के बड़े दौर आने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि छह फरवरी को उत्तरी और मध्य कश्मीर के कुछ ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। मुख्य रूप से देर शाम या रात में हल्की हिमपात होने का अनुमान है। सात और आठ फरवरी को क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। नौ फरवरी को रात के समय अलग-अलग ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद 10 फरवरी को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे, और कई जगहों पर तेज़ हवाओं के साथ हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है।

## कपड़े उतारे... फिर सिर के बल खौलते तेल में कूदा; अमेरिका में मशहूर रेस्टोरेंट के कुक ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** अमेरिका से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक में डीप फ्रायर में कूदकर आत्महत्या कर ली। ये घटना 30 जनवरी की है।

यह युवक पेंसिल्वेनिया के विलियम्सपोर्ट में एक ऑलिव गार्डन रेस्टोरेंट में कुक के तौर पर करता था। ट्रूपर लॉरिन लेसर ने कहा, यह घटना आत्महत्या का प्रयास थी और व्यक्ति और उसके परिवार के सम्मान में जानकारी साझा नहीं की गई है।

कुक खौलते तेल में सिर के बल कूद गया, जिसके बाद उसका शरीर बुरी तरह जल गया और उसे जानलेवा चोटें आईं। कुक को गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई।

कुक जब डीप फ्रायर में कूद रहा था, तब एक महिला ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वो उसे बचा न सकी। कुक को बचाने की कोशिश में महिला भी घायल हो गई।

लायकमिंग काउंटी फायर और इमरजेंसी मेडिकल सेवाओं के अनुसार, उस व्यक्ति ने फ्रायर में सिर के बल कूदने से पहले अपने कपड़े उतार दिए थे। ऑलिव गार्डन और स्थानीय कानून प्रवर्तन ने इस घटना के विवरण के बारे में चुप्पी साध रखी है। इसे केवल आत्महत्या का प्रयास बताया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस रेस्टोरेंट को कुछ दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, लेकिन अब इसे जनता के लिए फिर से खोल दिया गया है।

# सरकार के भरोसे नहीं...अभी छोड़ दो ईरान, अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए जारी की इमरजेंसी एडवाइजरी

नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर चरम पर तनाव देखने को मिल रहा है। ट्रंप ने ईरान में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने का निर्देश दिया है। अमेरिका का मानना है कि ईरान में अशांति जारी है। सरकार के भरोसे न रहें, वहां से निकलने की योजना खुद बनाएं। दरअसल, दिसंबर 2025 में ईरान में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों पर वहां की सरकार की हिंसक कार्रवाई को लेकर ट्रंप द्वारा दी गई धमकी के बाद तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि नागरिक सरकार की मदद का इंतजार किए बिना अपनी निकासी की योजना खुद बनाएं, क्योंकि स्थिति कभी भी बिगड़ सकती है। अमेरिकी दुतावास ने स्पष्ट किया है कि ईरान में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को इंटरनेट की निरंतर रुकावटों के लिए तैयार रहना चाहिए। इसलिए, उन्हें संचार के वैकल्पिक साधनों की योजना बनानी चाहिए और यदि ऐसा करना सुरक्षित हो, तो ईरान से सड़क मार्ग से आर्मेनिया या तुर्की जाने पर विचार करना चाहिए।

अमेरिकी दुतावास द्वारा ने अपने नागरिकों को दिए गए सलाह में कहा गया है कि यदि आप बाहर नहीं निकल सकते, तो अपने घर या किसी अन्य सुरक्षित इमारत में सुरक्षित स्थान ढूंढें। अपने पास भोजन, पानी, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुएं रखें। प्रदर्शनों से बचें, सतर्क रहें और अपने आसपास के वातावरण के प्रति सचेत रहें।

# प्रदूषण और जाम की समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठा रही है सरकार : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (वार्ता)

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज कहा कि दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, अंतिम बिंदु तक संपर्क सुविधा सुधारने और निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा जिससे सड़कों पर जाम में कमी आएगी। दिल्ली सरकार ने दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) तथा एक समर्पित दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (डीयूटीएएफ) के गठन हेतु एक व्यापक विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य दिल्ली की वर्तमान में खंडित परिवहन व्यवस्था को एकीकृत, सुसंगत और समन्वित योजना एवं शासन ढांचे के अंतर्गत लाना है, ताकि राजधानी के लिए एक आधुनिक, कुशल, जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से सतत परिवहन प्रणाली विकसित की जा सके। यह पहल दिल्ली के शहरी परिवहन शासन में एक महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। प्रस्तावित कानून के शीघ्र और समावेशी मसौदे को सुनिश्चित करने के लिए




मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित समय-सीमा में विधेयक का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करे, जिससे सरकार की सुधारोन्मुख प्रतिबद्धता और तत्परता स्पष्ट होती है। उन्होंने कहा, डीयूएमटीए दिल्ली की संपूर्ण शहरी गतिशीलता प्रणाली में समन्वय स्थापित करेगा। मेट्रो, बस, क्षेत्रीय रेल, रेलवे और फीडर सेवाओं जैसे सभी परिवहन साधनों को एकीकृत योजना क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लाकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवहन समाधान कुशल, समावेशी और नागरिक केंद्रित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीयूएमटीए सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, अंतिम बिंदु तक संपर्क सुविधा को सुधारने और निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे सड़कों पर जाम में कमी आएगी। उन्होंने रेखांकित किया कि यह पहल वायु प्रदूषण से निपटने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का एक अहम अंग है। वाहन उत्सर्जन प्रदूषण का एक प्रमुख स्थानीय स्रोत है और सुव्यवस्थित तथा विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क का विस्तार पर्यावरणीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनिवार्य है। हमारी सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए अल्प कालिक, मध्यम कालिक और दीर्घ कालिक समाधानों पर एक साथ काम कर रही है। यह समस्या पिछले वर्षों में संरचनात्मक सुधारों के अभाव में और गंभीर हुई है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# वध 2 को लेकर सस्पेंस की हिफाज़त संजय मिश्रा और नीना गुप्ता ने किया आग्रह

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता ने सभी से आग्रह किया है कि फिल्म वध 2 से जुड़े किसी भी स्पॉइलर या अहम सस्पेंस पॉइंट को शेयर करने से बचें।संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की फिल्म आज 06 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि फिल्म से जुड़े किसी



भी स्पॉइलर या अहम सस्पेंस पॉइंट को शेयर करने से बचें।एक मिस्ट्री थ्रिलर होने के नाते, फिल्म का असली असर इसकी अनप्रेडिक्टेबिलिटी में छिपा है, और कहानी से जुड़ा कोई भी खुलासा दर्शकों के देखने के अनुभव को कम कर सकता है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने पोस्ट के ज़रिए उन्होंने सभी से सस्पेंस बनाए रखने में सहयोग करने और दर्शकों को फिल्म को उसी तरह एंजॉय करने देने की अपील की है, जैसे इसे बनाया गया है। संजय मिश्रा ने साझा किया, हम आप सबसे गुज़ारिश करते हैं कि वध 2 के स्पॉइलर या क्लाइमेक्स का खुलासा न करें। यह फिल्म एक थ्रिलर मिस्ट्री के तौर पर बनाई गई है, और हम चाहते हैं कि थिएटर में इसे देखने वाले हर दर्शक का अनुभव वैसा ही बना रहे। नीना गुप्ता ने लिखा, हम आप सभी से निवेदन करते हैं कि कृपया वध 2 के स्पॉइलर या क्लाइमेक्स को उजागर न करें। यह फिल्म एक थ्रिलर मिस्ट्री के तौर पर बनाई गई है, और हम चाहते हैं कि थिएटर्स में इसे देखने वाले हर दर्शक के लिए इसका अनुभव पूरी तरह बरकरार रहे। फिल्म वध के पहले भाग को इसकी दमदार कहानी और नीना गुप्ता व संजय मिश्रा की सशक्त अदाकारी के लिए क्रिटिकल सराहना मिली थी। यही वजह है कि इसके सीक्वल से उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं, जो अपनी कहानी और रहस्य को इस बार और गहराई से पेश करता है। लव फिल्म्स की प्रस्तुति वध 2 को जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है, जबकि इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है।

# आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया लता मंगेशकर ने

भारतीय सिनेमा जगत में लता मंगेशकर को ऐसी पार्श्वगायिका के तौर पर याद किया जाता है,जिन्होंने अपनी आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर करीब सात दशक तक राज किया।

मध्य प्रदेश के इंदौर में 28 सिंतबर 1929 को जन्मीं लता मंगेशकर (मूल नाम हेमा हरिदकर) के पिता दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच से जुड़े हुये थे। पांच वर्ष की उम्र में लता ने अपने पिता के साथ नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही लता संगीत की शिक्षा अपने पिता से लेने लगी। उन्होंने वर्ष 1942 में फिल्म किटी हसाल के लिये अपना पहला गाना गाया लेकिन उनके पिता को लता का फिल्मों के लिये गाना पसंद नहीं आया और उन्होंने उस फिल्म से लता के गाये गीत को हटवा दिया। वर्ष 1942 में 13 वर्ष की छोटी उम्र में ही लता के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की जिम्मेदारी उनके उपर आ गयी। इसके बाद उनका पूरा परिवार पुणे से मुंबई आ गया। लता को फिल्मों में अभिनय करना जरा भी पसंद नहीं था बावजूद इसके परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुये उन्होंने फिल्मो में अभिनय करना शुरू कर दिया।



वर्ष 1942 मे लता को 'पहली मंगलगौर' में अभिनय करने का मौका मिला। वर्ष 1945 में लता की मुलाकात संगीतकार गुलाम हैदर से हुयी। गुलाम हैदर लता के गाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुये। गुलाम हैदर ने फिल्म निमार्ता एस .मुखर्जी से यह गुजारिश की कि वह लता को अपनी फिल्म शहीद में गाने का मौका दे। एस.मुखर्जी को लता की आवाज पसंद नही आई और उन्होंने लता को अपनी फिल्म में लेने से मना कर दिया । इस बात को लेकर गुलाम हैदर काफी गुस्सा हुये और उन्होंने कहा यह लड़की आगे इतना अधिक नाम करेगी कि बड़े-बड़े निमार्ता-निर्देशक उसे अपनी फिल्मों में गाने के लिये गुजारिश करेगें। र्ष 1949 में फिल्म महल के गाने आयेगा आने वाला गाने के बाद लता बालीवुड में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गयी। इसके बाद राजकपूर की बरसात के गाने जिया बेकरार है, हवा मे उड़ता जाये जैसे गीत गाने के बाद लता बालीवुड में एक सफल पार्श्वगायिका के रूप में स्थापित हो गयी। सी.रामचंद्र के संगीत निर्देशन में लता ने प्रदीप के लिखे गीत पर एक कार्यक्रम के दौरान एक गैर फिल्मी गीत ए मेरे वतन के लोगों गाया। इस गीत को सुनकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू इतने प्रभावित हुये कि उनकी आंखो मे आंसू आ गये। लता के गाये इस गीत से आज भी लोगो की आंखे नम हो उठती है ।

लता की आवाज से नौशाद का संगीत सज उठता था । संगीतकार नौशाद लता के आवाज के इस कदर दीवाने थे कि उन्होने अपनी हर फिल्म में लता को ही लिया करते थे ।वर्ष 1960 मे प्रदर्शित फिल्म मुगले आजम के गीत मोहे पनघट पे गीत की रिकार्डिंग के दौरान नौशाद ने लता से कहा था मैंने यह गीत केवल तुम्हारे लिये ही बनाया है, इस गीत को कोई और नहीं गा सकता है। हिन्दी सिनेमा के शो मैन कहे जाने वाले राजकपूर को सदा अपनी फिल्मो के लिये लता की आवाज की जरूरत रहा करती थी। राजकपूर लता के आवाज के इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने लता मंगेशकर को सरस्वती का दर्जा तक दे रखा था। साठ के दशक में लता पार्श्वगायिकाओं की महारानी कही जाने लगी। वर्ष 1969 मे लक्ष्मीकांत प्यारे लाल के संगीत निर्देशन ने लता मंगेश्कर ने फिल्म इंतकाम का गाना आ जानें जा गाकर यह साबित कर दिया कि वह आशा भोंसले की तरह पाश्चात्य धुन पर भी गा सकती है। नब्बे के दशक तक आते आते लता कुछ चुनिंदा फिल्मो के लिये ही गाने लगी । वर्ष 1990 में अपने बैनर की फिल्म लेकिन के लिये लता ने यारा सिली सिली ..गाना गाया ।हालांकि यह फिल्म चली नहीं लेकिन आज भी यह गाना लता के बेहतरीन गानों में से एक माना जाता है। लता मंगेश्कर को उनके सिने करियर में चार बार फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लता मंगेशकर को उनके गाये गीत के लिये वर्ष 1972 में फिल्म परिचय, वर्ष 1975 में कोरा कागज और वर्ष 1990 में फिल्म लेकिन के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उनको वर्ष 1969 में पदमभूषण, वर्ष 1989 में दादा साहब फाल्के सम्मान, वर्ष 1999 में पदमविभूषण, वर्ष 2001 में भारत रत्न से नवाजा गया। 06 फरवरी 2022 को सुर सम्राज्ञी लता मंगेश्कर ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

# भूमि सतीश पेडनेकर की 'दलदल' को मिला दुनियाभर में प्यार

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि सतीश पेडनेकर ने अमेज़न प्राइम की टॉप-ट्रेंडिंग साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर दलदल के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ साबित की है। भूमि सतीश पेडनेकर कभी भी तयशुदा फॉर्मूले पर चलने वाली कलाकार नहीं रही हैं। उनकी फिल्मोग्राफी साफ दिखाती है कि वह ग्लैमर और ज़रूरत से ज़्यादा ड्रामा से दूर, अलग और दमदार कहानियों को चुनती हैं। अपनी पहली फिल्म से ही भूमि ने दम लगा के हईशा, टॉयलेट- एक प्रेम कथा, पति पत्नी और वो, बधाई दो, थैंक यू फॉर कमिंग, शुभ मंगल सावधान, बाला, भीड़, भक्षक, सांड की आंख जैसी फिल्मों के ज़रिए समाज से जुड़े मुद्दों पर बात करने की हिम्मत दिखाई है। अब उनकी ग्लोबल ओटीटी हिट सीरीज़ दलदल भी इसी कड़ी का हिस्सा है। भूमि की फिल्मों और शोज़ में दिखावा कम और कंटेंट ज़्यादा होता है। यही वजह है कि दर्शक उनकी कहानियों से जुड़ते हैं और बार-बार उन्हें देखना चाहते हैं। दलदल के ओटीटी हिट बनने के साथ भूमि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए माध्यम नहीं, बल्कि कला और अभिनय सबसे ज़रूरी है।



बड़े पर्दे पर अपनी मजबूत पहचान बनाने के बाद, भूमि ने अमेज़न प्राइम की टॉप-ट्रेंडिंग साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर दलदल के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ साबित की है। यह सीरीज़ अमेरिका, यूके, यूएई समेत कई देशों में ट्रेंड कर रही है और दुनियाभर में सराही जा रही है। इसकी सफलता भूमि की बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाती है और उन्हें भारत की सबसे भरोसेमंद और निडर अभिनेत्रियों में शामिल करती है। दलदल को मिल रही वैश्विक सराहना यह भी दिखाती है कि

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं : प्रहलाद सिंह पटेल

## मंत्री पटेल ने ग्राम सर्रा में 65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया लोकार्पण

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि विगत वर्ष में 3115 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे, जबकि आगामी वर्ष यह राशि 1117 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ प्राप्त होगी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री पटेल शुक्रवार को गोटेगांव विकासखंड के ग्राम सर्रा में लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने यहां 65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया। विदित हो कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र में 126 प्रकार की आवश्यक दवाईयां, 22 प्रकार की जांचें और 12 प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, श्री दादूराम पटेल, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग का अमला और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल उसका समुचित एवं योजनाबद्ध तरीके से उपयोग करने की। जिन ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन नहीं हैं, वहां उपलब्ध राशि से सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जा सकता है। इसी प्रकार खेल मैदानों में बाउंड्रीवाल अथवा जाली लगाने जैसे कार्य भी कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने परिवार, ग्राम, जिला, प्रदेश एवं देश के लिए सराहनीय कार्य कर रही हैं। आने वाली पीढ़ी के सुखद एवं सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के पास पर्याप्त धन उपलब्ध है। गांव के नागरिक आपस में बैठकर विकास कार्यों के संबंध में निर्णय ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी अन्य स्तर पर जाने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने आदिवासी समाज द्वारा लिए गए निर्णयों के प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत किए।



उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं, जिससे किसी गंभीर बीमारी से बचा जा सके। साथ ही जिन पात्र हितग्राहियों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, वे अनिवार्य रूप से अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं, ताकि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ ले सकें।

# 130 बच्चों को स्वेटर व शैक्षणिक किट वितरण

**सिंगरौली।** ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए हिंडालको – महान द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बघबुड़वा में स्वेटर एवं शैक्षणिक किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल से विद्यालय के 130 विद्यार्थियों को सीधे लाभ मिला।शीत ऋतु के मद्देनज़र विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर उपलब्ध कराए गए, वहीं कॉपी, पेन, पेंसिल एवं अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री से युक्त शिक्षा किट प्रदान कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा किया गया। इस सहयोग से बच्चों को ठंड से सुरक्षा मिलने के साथ-साथ पढ़ाई में निरंतरता और उत्साह बनाए रखने में मदद मिलेगी।



कार्यक्रम की विशेषता रही *हिंडालको – महान की मानसी महिला मंडल की सक्रिय सहभागितामंडल की सदस्यों ने स्वयंसेवक के रूप में सामग्री वितरण, व्यवस्था संचालन और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी भागीदारी ने महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक सहयोग की एक प्रेरक मिसाल पेश की।

इस अवसर पर मानसी महिला मंडल की सदस्यों ने बताया,शिक्षा सामाजिक विकास की सबसे मजबूत नींव है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा संसाधनों या मौसम की कठिनाइयों के कारण पढ़ाई से वंचित न रहे। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहायता से शीत ऋतु में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ती है और शिक्षा के प्रति उनका रुझान और मजबूत होता है।

हिंडालको – महान शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका विकास जैसे क्षेत्रों में निरंतर सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सिंगरौली क्षेत्र में समावेशी और सतत विकास की दिशा में कार्यरत है। यह कार्यक्रम उसी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का एक सकारात्मक उदाहरण बना।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने डीलरशिप मोड में ऐश ब्रिक्स की पहली खेप को किया रवाना



सिंगरौली।

एनटीपीसी विंध्याचल ने डीलरशिप मोड के अंतर्गत ऐश ब्रिक्स की पहली खेप को रवाना कर एक महत्वपूर्ण सतत सस्टेनबिलिटी उपलब्धि हासिल की। यह ऐतिहासिक पहल श्री संजीब कुमार साहाए परियोजना प्रमुख;विंध्याचलद्ध के नेतृत्व में श्री एण् जेण् राजकुमारए महाप्रबंधक;प्रचालन एवं अनुरक्षणद्धए श्री एमण् सुरेशए महाप्रबंधक;अनुरक्षण एवं एडीएमद्धए श्री सतेंद्र सिन्हाए महाप्रबंधक;प्रचालनद्ध तथा सुश्री रुमा दे शर्माए मानव संसाधन प्रमुख;विंध्याचलद्ध की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

यह पहल फ्लाई ऐश के प्रभावी उपयोगए सर्कुलर इकोनॉमी को सशक्त करने तथा डीलरशिप आधारित विपणन प्रणाली के माध्यम से बाजार पहुँच को विस्तारित करने की दिशा में मील का पत्थर है। इस पहल को सफल बनाने में सीसी.ओएस टीम के उत्कृष्ट सहयोग और समन्वय की विशेष सराहना की गई।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने आयुष्मान योजना लागू कर जरूरतमंदों को बड़ी सहायता प्रदान की है : मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

## मंत्री पटेल ने ग्राम खमरिया व कमोद में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया लोकार्पण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम खमरिया-झांसीघाट व कमोद में उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि नागरिक अपनी जीवनशैली पर विचार करें, तो उन्हें यह समझ में आएगा कि वे कितने स्वस्थ हैं। अपने स्वास्थ्य को ठीक रखना प्रत्येक व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आयुष्मान योजना लागू कर जरूरतमंदों को बड़ी सहायता प्रदान की गई है। मंत्री श्री पटेल गोटेगांव विकासखंड के ग्राम खमरिया व कमोद में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र खमरिया व कमोद का लोकार्पण शुक्रवार को किया। इस अवसर पर विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, श्री रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग का अमला और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंचायत एवं सामुदायिक भवन जैसे अनेक विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी स्वास्थ्य स्थिति एवं जीवनशैली पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ और मजबूत नागरिक ही समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में 500 की आबादी वाले सभी गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि 6 हजार वर्गमीटर के भीतर रहने वाली बसाहट या 20 मकानों अथवा 100 की आबादी को बसाहट मानते हुए मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना के अंतर्गत वहां तक सड़क निर्माण कराया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में बनने वाले नए पुल-पुलियों की ऊँचाई बढ़ाकर उच्चतम स्तर से कम से कम 3 फीट अधिक रखी जाएगी, ताकि भारी वर्षा के दौरान भी पुल-पुलिया डूबें नहीं और आवागमन बाधित न हो। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए परिश्रम करना चाहिए। हमारी शांति, हमारी सुरक्षा और सामर्थ्य से जुड़ी है। जब हम सक्षम और स्वस्थ होंगे, तभी स्वयं भी शांति से रह सकेंगे और दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शमशान घाट तक पक्की सड़क एवं फेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी तथा शमशान भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुंमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात व्ही.बी.जी-राम-जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला एवं पुरुषों के लिए माह में अथवा प्रत्येक तीन माह में एक बार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र में 126 प्रकार की आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं। नागरिकों से अपील की कि वे इस स्वास्थ्य केंद्र का अधिक से अधिक सदुपयोग करें और आवश्यकता होने पर ही गोटेगांव जाकर उपचार कराएं।

# विद्यालयों में दिखाया गया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शुक्रवार को क्षेत्रीय स्कूलों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्कूलों में दिखाया गया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर उन्हें सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। विदित हो कि प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से इस कार्यक्रम में परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं।



इस वर्ष कार्यक्रम का यह 9वां संस्करण था। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से नई दिल्?ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्?न संचार माध्?यमों पर किया गया। उल्लेखनीय है किज्परीक्षा पे चर्चाज् कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विगत 1 दिसम्?बर से 11 जनवरी तक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी। इसमें मध्?यप्रदेश से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के अनेक छात्र छात्राओं ने पंजीयन किया था।

# गर्भवती महिलाओं हेतु एएनसी जांच शिविर आयोजित

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं बुधवार को विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र गोरखपुर में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण हेतु एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा व बीएमओ डॉ. रिचा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस शिविर में ग्राम गोरखपुर, उसरी, बरपानी एवं कोदरासकला क्षेत्र की कुल 126 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का उद्देश्य समय पर जांच कर मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य को सुरक्षित करना था।

# सांगई की माध्यमिक शाला में मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं विदाई कार्यक्रम आयोजित



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गत वर्ष कक्षा 1 से 8 में शाला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं एवं वर्तमान सत्र में वर्ष भर विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विदाई कार्यक्रम में 6 वी एवं 7 वी के ब'चों ने मिलकर 8 वी के छात्र छात्राओ को टाईटल एवं उपहार देकर विदाई दी। कार्यक्रम मे 8 वी के छात्र छात्राओ ने भारत माता का चित्र एवं दीवाल घड़ी भेंट की। कार्यक्रम में शाला के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने कहा कि छात्र छात्रायें वार्षिक परीक्षा की बेहतर ढंग से तैयारी करें। कार्यक्रम मे ब'चों ने गीत, भजन, कवितायेँ,नृत्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक दशरथ जाटव, राजेश सिंह कौरव, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, अतिथि शिक्षक चंद्रभूषण नामदेव, अक्षर साथी नेतराम केवट एवं फूलवती केवट सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्री सत्य साई बाबा की रथ यात्रा का आगमन



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। नगर की मानव सेवा ही माधव सेवा के उपासक सत्य साई सेवा समिति गाडरवारा में भगवान की जन्मस्थली पुट्टपर्थी (प्रशांति निलयम )से श्री सत्य साई प्रेम वाहिनी रथ यात्रा जिसका नगर में आगमन हो रहा है भगवान श्री सत्य साई बाबा की शोभायात्रा कल दिनांक 7 फरवरी दिन शनिवार को दोपहर 1:00 बजे से रुद्र मैदान से प्रारंभ होकर चावड़ी चौकी झंडा चौक सराफा पुराना गल्ला मंडी से होते हुए राठी तिगड्डा से मानस परिसर कामती रोड पर समापन होगा भगवान की शोभायात्रा में समिति के सभी सदस्य महिला एवं पुरुष उपस्थित रहेंगे समिति ने आप सभी से भगवान के दर्शन लाभ लेने का निवेदन किया है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु अनंतिम मेरिट सूची ऑनलाइन प्रकाशित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** महिला एवं बाल विकास परियोजना गोटेगांव अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु ब्लॉक स्तरीय चयन समिति की बैठक के पश्चात अनंतिम मेरिट सूची ऑनलाइन प्रकाशित कर दी गई है। यह अनंतिम सूची परियोजना गोटेगांव के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र कंजई क्रमांक-1, बढ़ैयाखेड़ा, नोन पिपरिया, नेहरू वार्ड क्रमांक-2 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पदों और आंगनवाड़ी केंद्र आंखीवाड़ा, तरवारा, सर्रा एवं करकबेल क्रमांक- 1 में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए जारी की गई है। अनंतिम मेरिट सूची एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन देखी जा सकती है। इसके अतिरिक्त मेरिट सूची महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय गोटेगांव तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के कार्यालयों में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है। उक्त अनंतिम सूची के विरुद्ध केवल आवेदिकाओं द्वारा चयन पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से 7 दिवस की अवधि के भीतर आपत्ति दर्ज की जा सकती है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 103 अ-20(1) सन् 2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/02/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 08 | कंदेली | 13/5 | 1643 वर्गफुट | कविता रानी जोजे विनयकुमार जैन सा. कंदेली | कविता रानी जोजे विनयकुमार जैन सा. कंदेली |

आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 102 अ-20(1) सन् 2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 25/02/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 08 | कंदेली | 13/6<br>13/72 | 327 वर्गफुट<br>186.9 वर्गफुट | विवेक कुमार आ. विनय कुमार जैन निवासी इंद्रा वार्ड कंदेली | विवेक कुमार आ. विनय कुमार जैन निवासी इंद्रा वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 05/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

# लेटराइट खनिज का अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त हाइवा जब्त

## खनिज विभाग की आधी रात में छापामार कार्यवाही





कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने के दिए गये निर्देश के पालन में खनिज अमले द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर योजना बनाकर कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम जमुवानी में लेटराईट खनिज का अवैध खनन कर परिवहन करते पाये जाने पर खनिज टीम द्वारा हाईवा जब्त किया गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर ने खनिज अमले को योजना बनाकर रात्रिकालीन कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। खनिज अमले ने बुधवार की रात 10 बजे से गुरुवार की सुबह 4 बजे तक जिले कि विभिन्न तहसीलों में वाहनों की सघन जांच की। जिसमें कटनी से बड़बारा- विलायतकला मार्ग पर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में रायल्टी दस्तावेजों की जांच की गई। इसके बाद बड़वारा रोहनिया-बसाडी-बरही मार्ग मे जांच की गई इसके जांच उपरांत बरही विजयराघवगढ़ से चरी मोड़ भटूरा के आस-पास देर रात्रि 2 बजे जमुवानी लेटेराइट की खुदाई करके परिवहन करते एक हाइवा को जब्त कर पुलिस थाना मे खड़ा कराया गया। आधीरात में अचानक की गई कार्यवाही से हाइवा चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया स्थानीय खदान संचालकों की सहायता से वाहन को सुरक्षार्थ पुलिस थाना कैमोर की सुपुर्दगी में सौंपा गया। जिले में अलग-अलग मुख्य मार्गो पर चेकिंग अभिमान से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कार्यवाही में मुख्य रूप से रत्नेश दीक्षित उपसंचालक खनिज, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते, सिपाही ज्ञानेन्द्र सिंह, सुशील सिंह और रमाकान्त गर्ग की सराहनीय भूमिका रखी। खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है।

# होली पर स्पेशल ट्रेनों की सौगात

## कटनी जंक्शन होकर होगा परिचालन, यात्रियों को मिली सुविधा

कटनी (स्वतंत्रमत)



रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। रेलयात्री किसी भी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 02192 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02191 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 2 एवं 3 मार्च को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संया 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 2 एवं 3 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01704 भोपाल से रीवा स्पेशल ट्रेन 5 मार्च को भोपाल से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 20:45 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01703 रीवा से भोपाल स्पेशल ट्रेन 5 मार्च को रीवा स्टेशन से रात 22:20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 09:05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09821 सोगरिया से दानापुर स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 7 मार्च को सोगरिया से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन रात्रि 23:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 दानापुर से सोगरिया स्पेशल ट्रेन 2 एवं 9 मार्च को दानापुर स्टेशन से मध्य रात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मध्य रात्रि 01:10 बजे सोगरिया स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी एवं 2 मार्च को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01668 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 3 मार्च को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

# तेन्दुए का रेस्क्यू, फेसिंग में मिले 5 फंदे

## 7 नग खूंटी और तार बरामद किए, आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)



विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दरौड़ी में गुरूवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के खेत की फेंसिंग तार में एक तेंदुआ फंसा हुआ पाया गया। तेंदुए के फंसे होने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्राम दरौड़ी बीट 42 से लगे राजस्व क्षेत्र में लगी चैन लिंक फेसिंग में तेंदुआ के फंसे होने सूचना प्राप्त होने पर सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। रेस्क्यू दल बीटीआर और पशु चिकित्सक को बुलाया गया एवं वन्यप्राणी तेंदुआ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत में लगी लोहे की फेंसिंग तार में तेंदुआ बुरी तरह उलझ गया, जिससे वह घायल भी हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल नजदीकी वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचा और सुरक्षात्मक दृष्टि से पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया। इस घटना से ग्राम दरौड़ी और आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। वनमंडल कटनी के विजयराघवगढ़ रेंज के अंतर्गत तेन्दुआ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू करने के उपरांत सतना वनमण्डल की डॉग स्कवाड टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया और फेसिंग में लगे लगभग 2 मीटर की दूरी पर लगे 5 फंदे बरामद किए गए। डॉग की निशानदेही पर डॉग स्कवाड राजू सिंह के घर पर पहुंचा तथा खेतों की सघन सर्चिंग की गई, जहां पर 7 नग खूंटी और तार बरामद किए तथा आरोपी राजू सिंह को पकड़कर पूछताछ की और प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# डीपीएस ने धूमधाम से मनाया कक्षा 12 का विदाई समारोह

कटनी (स्वतंत्रमत)



डीपीएस कटनी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह, गरिमा और भावनात्मक माहौल के साथ किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा 11 के छात्रों ने अपने सीनियर्स को स्नेह और सम्मान के साथ विदाई दी। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुई, जिसने कार्यक्रम को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक स्वर प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्रों ने मनमोहक नृत्य, मधुर गीत और मनोरंजक नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही मज़ेदार खेलों और गतिविधियों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। टाइटल सेरेमनी के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया। रैम्प वॉक ने समारोह में चार चाँद लगा दिए, जहाँ कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और गरिमा के साथ मंच पर कदम रखा। उनके सजे-धजे रूप और मुस्कान ने उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें ईमानदारी, परिश्रम व मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। शिक्षकों ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों के साथ बिताए गए पलों को याद किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और स्मृति-चिह्न भेंट के साथ हुआ। यह विदाई समारोह न केवल एक आयोजन था, बल्कि यादों, भावनाओं और नए सपनों की एक खूबसूरत शुरुआत भी साबित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर जूही जैन, प्राचार्या सीमा दुबे, उप प्राचार्या शबनम अख़्तर और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने किया स्लीमनाबाद चिलिंग प्लांट का औचक निरीक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी ने संयुक्त रूप से सांची मिल्क चिलिंग प्लांट स्लीमानाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुग्ध संकलन, सैम्पलिंग, फैट टेस्टिंग, चिलिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन तक पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया गया। साथ ही निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने हेतु एवं मिल्क कलेक्शन बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र स्लीमनाबाद का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं में पानी एवं एप्रोच रोड की समस्याओं के तत्काल निदान हेतु नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव एवं स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि गुड्डन सिंह को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। भ्रमण में डॉ. देवांगना चतुर्वेदी व्हीएएस, सांची सर्वेयर अनिरुद्ध गौतम, राकेश गर्ग, राजेन्द्र यादव, स्थानीय आरआई एवं पटवारी उपस्थित रहे।



# खिरहनी में मिले अवैध विद्युत कनेक्शन

## प्रकरण पंजीबद्ध, मोटर, सर्विस तार एवं वायर जब्त



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए शहर संभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता मुकेश मोहबे के नेतृत्व में शहर संभाग के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने छापेमारी की गई। खिरहनी वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले घंघरी खुर्द गांव में बीते एक वर्ष से विद्युत चोरी की लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। समझाइश और जांच के बावजूद कई उपभोक्ताओं द्वारा कृषि कार्य के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं लिया जा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खिरहनी 2 वितरण केंद्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता मनोज तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस बल के साथ छापेमार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन पाए गए। इस पर उपभोक्ता शंकर तिवारी, भोलेभाले तिवारी एवं रामशरण कोरी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर उनकी मोटर, सर्विस तार एवं वायर जब्त किए गए। मौके पर हरीवंश तिवारी, सुरेश पटेल एवं आनंद पटेल द्वारा राशि का भुगतान कर अस्थाई विद्युत कनेक्शन लिया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार खिरहनी 2 वितरण केंद्र में बीते एक वर्ष में 348 अस्थाई कनेक्शन प्रदान किए गए। 109 उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। शहर अभियंता ने स्पष्ट किया है कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिले के शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों में 11 केवी और 33 केवी हाइटेंशन विद्युत लाइनें वर्षों से विभिन्न इलाकों से होकर गुजर रही हैं। विद्युत विभाग के संज्ञान में लगातार ऐसे मामले आ रहे हैं, जहां उपभोक्ताओं द्वारा बिना विभागीय अनुमति एवं विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए भवन निर्माण कराया जा रहा है।

# जलशोधन संयंत्र में नियमित सफाई एवं गुणवत्ता की जांच

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बरही में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा संचालित स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जलशोधन संयंत्र परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। उप परियोजना प्रबंधक, जबलपुर इकाई अभय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जलशोधन संयंत्र के टैंक, फिल्टर यूनिट एवं अन्य संरचनाओं की नियमित अंतराल पर गहन सफाई की जाती है, जिससे जल शोधन प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी बनी रहे। उन्होंने बताया कि कंपनी के प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे के निर्देशानुसार घरेलू नल कनेक्शनों के माध्यम से आपूर्ति किए जा रहे पानी की गुणवत्ता की भी नियमित जांच की जा रही है। निर्धारित मानकों के अनुरूप जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक परीक्षण निरंतर किए जा रहे हैं। स्वच्छ जल अभियान तेज़ी से संचालित किया जा रहा है।



# दद्दा धाम में उमड़ा भक्ति का सैलाब

## प्रखर कथावाचक पं. इंद्रेश उपाध्याय ने टेका मत्था



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आध्यात्मिक ऊर्जा के पुंज और लाखों अनुयायियों की आस्था के केंद्र दद्दा जी के मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। देश के सुप्रसिद्ध कथा वाचक भागवत मर्मज्ञ एवं ओजस्वी आध्यात्मिक चिंतक पंडित इंद्रेश उपाध्याय ने दद्दा धाम पहुंचकर ब्रह्मलीन संत शिरोमणि गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**भक्तिमय अगवानी और पूजन**-धाम की देहरी पर कदम रखते ही वातावरण जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इंद्रेश जी ने सर्वप्रथम गुरु बृहस्पति दद्दा जी के भव्य मंदिर में शीश नवाया और तत्पश्चात समाधि स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन किया। मंदिर के विद्वान पुरोहितों द्वारा किए गए सस्वर वैदिक मंत्रोच्चारण और आरती की ध्वनियों ने समूचे परिसर को अलौकिक दिव्यता से भर दिया। इस पावन अवसर पर धाम के सेवादारों और गुरु-शिष्यों में भारी उत्साह देखा गया। पूज्य दद्दा जी के पुत्र डॉ. सुनील त्रिपाठी एवं पंडित नीरज देव प्रभाकर शास्त्री सहित उपस्थित गुरु-भाइयों ने उपाध्याय जी का आत्मीय स्वागत किया।

### संस्कार और चेतना का संदेश

दर्शन पूजन के उपरांत एक संक्षिप्त किंतु सारगर्भित चर्चा में पंडित इंद्रेश उपाध्याय जी ने कहा- दद्दा जी का जीवन सादगी और सेवा का जीवंत दर्शन है। यह पावन धाम केवल एक स्थान नहीं बल्कि आध्यात्मिक चेतना का वह स्रोत है जहां से संस्कारों की धारा प्रवाहित होती है। उन्होंने धर्म की रक्षा और संस्कारों के संवर्धन को आज के युग की महती आवश्यकता बताया। उपाध्याय जी के आगमन से दद्दा जी के अनुयायियों में हर्ष की लहर व्याप्त है।

# चड्ड़ा कॉलेज में एक सप्ताहिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

कटनी (स्वतंत्रमत)



चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के तत्वाधान में नई बस्ती स्थित कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज कटनी में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी अकादमी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के तत्वावधान में तथा कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज, कटनी एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बी.एस.एस.एस. भोपाल के संयुक्त सहयोग से आयोजित एक सप्ताहीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल समापन हुआ। यह कार्यक्रम च्ह्ल्ह्ल्ह्य × स्फ्द्वद्ठ्ष्द्व श्द्व श्द्वद्वद्ष्ह्ल्द्व1द्व ञ्द्द्रुष्द्ध– द्वठ्द्द स्ल्ह्ल्ड्रुल्द्दद्वद्दह्य ड्डठ्स्त्र स्ल्द्दह्लद्धश्स्त्रह्यज्ज विषय पर 02 फरवरी से 06 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षण की आधुनिक विधियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैक सुधार, कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन तकनीकों एवं तकनीक संवर्धित शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सी.ए. अमन अरोरा, डॉ सिबि सम्युलसन, अनुराग कुमार, डॉ दिलप्रीत साहनी विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जय चड्डा प्राचार्य कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स ऑटोनोमस कॉलेज, कटनी द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता, शोध क्षमता एवं संस्थागत गुणवत्ता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. के.पी. मिश्रा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी रहे। जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदाता की नहीं बल्कि नवाचार, तकनीक एवं नैतिक मूल्यों के समन्वयक की है। उन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। समापन अवसर आभार प्रदर्शन महाविद्यालय नैक आई.क्यू.एस.सी. क्वार्डिनेटर एवं वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरंकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक बताया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों, विशेषज्ञ वक्ताओं एवं सहयोगी संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समापन अवसर पर चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा, महाविद्यालय उप-प्राचार्य डॉ. राजीव खत्री, कला विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति छिरौल्या, वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरंकारी, कम्प्यूटर एवं विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष आराधना अग्रहरि, विधि विभाग प्राचार्य डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतिका साहनी आहूजा, सहायक प्राध्यापक रीतेश निगम, अतुल जैन, शैलेन्द्र वर्मा, महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अधिकारी डॉ. आर.आर.एस. परिहार, सहायक प्राध्यापिका ऋचा डेंगरे, नीलम राजवानी, सहायक प्राध्यापक पंकज सेक्सरिया, समीप श्रीवास्तव, रवि यादव, सहायक प्राध्यापिका माला उपाध्याय, हेमलता पटेल, सहायक प्राध्यापक मुकेश गुप्ता, गगन गुप्ता, सहायक प्राध्यापिका प्रियंका गुप्ता, सहायक प्राध्यापक अरूण कुमार चौधरी, सहायक प्राध्यापिका रोहिणी सिंह ठाकुर, शिवानी मलिक, प्रभा मिश्रा, सहायक प्राध्यापक शैलेज तिवारी, पवन केवट, प्रदीप श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, पवन सौंधिया, वैशाली सिंह, सोनिया रावत, सोनिका रैकवार, सृष्टि जैन, बीरेन्द्र कुशवाहा अन्य सहायक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति रही।

# मुंबई में टी-20 वर्ल्ड कप की होगी शानदार ओपनिंग

## शो की शुरुआत ऋषभ शर्मा और शिवमणि के एक दमदार म्यूजिकल मेडले से होगी

चेन्नई, (वार्ता)।

आईसीसी पुरुष टी- 20 वर्ल्ड कप 2026 कल शाम मुंबई के मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में एक हाई-एनर्जी ओपनिंग सेरेमनी के साथ शुरू होगा, जो सह-मेजबान भारत के अमेरिका का सामना करने से पहले एक एक्शन से भरपूर टूर्नामेंट का माहौल तैयार करेगा। शाम 6 बजे से शुरू होने वाली यह सेरेमनी स्टेडियम को एक सिंगल, इमर्सिव स्टेज में बदल देगी, जिसमें लाइव म्यूजिक और बड़े पैमाने पर कोरियोग्राफी होगी, जिसके बाद आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी आएगी। आईसीसी की एक रिलीज़ में कहा गया है कि शो की शुरुआत ऋषभ शर्मा और शिवमणि के एक दमदार म्यूजिकल मेडले से होगी, जिसके बाद आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी शानदार तरीके से आएगी, जिसे एक जेटपैक परफॉर्मर स्टेडियम में लेकर आएगा, यह पल वानखेड़े स्टेडियम के अंदर फैंस को मंत्रमुग्ध करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।




**टूर्नामेंट ट्रॉफी का स्वागत जय शाह और रोहित शर्मा करेंगे**-टूर्नामेंट ट्रॉफी का स्वागत आईसीसी चेयरमैन जय शाह और भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा करेंगे - जिन्होंने 2024 में पिछले एडिशन में डिफेंडिंग चैंपियंस को जीत दिलाई थी - जो हर हिस्सा लेने वाले देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 20 बच्चों के साथ, औपचारिक रूप से आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 को खुला घोषित करेंगे। ट्रॉफी के आने के बाद, फैंस को हेडलाइन सिंगिंग और डांस शो देखने को मिलेंगे, जिसमें चार्ट-टॉपिंग स्टार बादशाह एक हाई-एनर्जी लाइव परफॉर्मेंस देंगे, जिसके बाद नोरा फतेही एक बड़े ग्रुप के डांसरों के साथ एक डायनामिक डांस परफॉर्मेंस के लिए सेंटर स्टेज पर आएंगी।

**शो का समापन आतिशबाजी के प्रदर्शन के साथ होगा**-सेरेमनी का समापन दोनों कलाकारों के एक साथ ग्रैंड फिनाले के साथ होगा। सेरेमनी को टी-20 क्रिकेट की गति और एनर्जी को दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें खेल का मैदान एक यूनिफाइड विजुअल कैनवास के रूप में काम करेगा और आधिकारिक टूर्नामेंट लोगो मुख्य परफॉर्मेंस स्टेज बनाएगा। शो का समापन एक शानदार आतिशबाजी के प्रदर्शन के साथ होगा, जिसके बाद पिच पर आतिशबाजी शुरू होगी, जिसमें भारत बनाम अमेरिका का मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा।

## आज ग्रुप स्टेज में भारत का मुकाबला अमेरिका से होगा

## टिकट धारक ही ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हो पाएंगे

केवल मैच के टिकट धारक ही ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हो पाएंगे, और उन फैंस को जल्दी पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे शो का कोई भी हिस्सा मिस न करें। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जब 7 फरवरी को ग्रुप स्टेज में भारत का मुकाबला अमेरिका से होगा, तो यह आधार कार्ड धारकों और ग्रीन कार्ड धारकों के बीच मुकाबला होगा. क्योंकि अमेरिकी टीम में भारतीय मूल के 9 खिलाड़ी हैं, जिसका कप्तान भी भारतीय मूल का ही है।



# नीतू, प्रीति सेमीफाइनल में भारत ने 19 मेडल पक्के किए

**ला नुसिया (वार्ता)** प्रतिष्ठित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाजी दल ने 19 मेडल पक्के कर लिए हैं, तीसरे दिन भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नीतू (51किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि जदुमणि सिंह (55किग्रा) ने पुरुषों के ड्रॉ में एक और शानदार प्रदर्शन किया। नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 12 मेडल पक्के कर लिए हैं, जबकि भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल से पहले 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। नीतू शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने कनाडा की मैकेंज़ी राइट को 5:0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रीति ने भी स्पेन की मारिया गोंजालेज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लगातार दबाव बनाकर तीसरे राउंड में ही मुकाबला खत्म कर दिया। पूनम (54) ने थाईलैंड की नटनिचा चोंगप्रोंगक्लांग पर 5:0 से एक और शानदार जीत हासिल की, जबकि प्रिया (60) और प्रांजल (65) ने क्रमशः स्पेन की लौरा गैलानो और चेक बॉक्सर विक्टोरिया जिलकोवा के खिलाफ सर्वसम्मत जीत दर्ज की। काजल (65) ने कजाकिस्तान की अकबर इचशानोवा को एक कड़े मुकाबले में 4ऽ1 से हराया।

पुरुषों की प्रतियोगिता में, जदुमणि सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, 55किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे के पेंग चिया-फेंग को 5ऽ0 से हराया। मोहम्मद हुसामुद्दीन (60किग्रा) ने यूक्रेन के अली डाहली को सर्वसम्मति से हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन (60किग्रा) ने यूक्रेन के एडर अब्दुरैमोव को एक कड़े मुकाबले में 3:2 के फैसले से हराया। आकाश (75किग्रा) भी स्पेन के जोस लुइस कैनेरो पर 4:1 की ठोस जीत के साथ आगे बढ़े। कई भारतीय मुक्केबाज शानदार प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए, जिनमें पवन बर्तवाल शामिल हैं, जो इंग्लैंड के एलिस ट्रोब्रिज से 2:3 से हार गए, और अभिनश जमवाल, जो यूक्रेन के एल्विन अलीयेव से हार गए।

खिलाड़ियों के बाहर होने के बावजूद, भारत के बढ़ते मेडल टैली ने टूर्नामेंट में एक और मजबूत दिन दिखाया, और कई सेमीफ़ाइनल स्पॉट पक्के किए गए, क्योंकि मुकाबला अपने निर्णायक चरणों में पहुँच रहा है।





## विराट कोहली सहित पूर्व क्रिकेटरों ने आरसीबी की महिला टीम को दी बधाई

**नयी दिल्ली (वार्ता)**। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों दिनेश कार्तिक और मिताली राज के साथ मिलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की महिला टीम की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में खिताब जीतने वाली परफॉर्मेंस की तारीफ की, और इस जीत को महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण पल बताया। सोशल मीडिया पर कोहली ने कप्तान स्मृति मंधाना और आरसीबी टीम को उनके दूसरे डब्ल्यूपीएल खिताब के लिए बधाई दी। कोहली ने कहा, च्फिर से चैंपियन। आरसीबी का झंडा ऊंचा रखना कुछ ऐसा है जिस पर आप सभी को गर्व हो सकता है। स्मृति मंधाना और पूरी टीम और मैनेजमेंट टीम को इस शानदार जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। आप लोग निश्चित रूप से इसके हकदार हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने फाइनल को लीग की शुरुआत के बाद से महिला क्रिकेट की तेजी से हो रही ग्रोथ का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आरसीबी पूरे टूर्नामेंट में सबसे बेहतरीन टीम थी और दिल्ली कैपिटल्स के लगातार चार फाइनल में पहुंचने की उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला।

# नीलम सिरोही ने 50 किग्रा वर्ग में जीता रजत पदक

जागरेब (क्रोएशिया), (वार्ता)।

भारतीय पहलवान नीलम सिरोही ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता। गुरुवार को हुए अन्य मुकाबलों में विकी हुड्डा (पुरुष 97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) और मुस्कान (महिला 50 किग्रा) के कांस्य पदकों के साथ इस साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिंग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते है। नीलम सिरोही ने फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने पोलैंड की अगाता वालेरजाक को 10-0 से हराकर शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान की एलनूरा मम्मादोवा को 12-2 से हराया। सेमीफाइनल में हमवतन मुस्कान पर 7-4 की जीत ने उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचाया, जहां वह अंडर-23 विश्व चैंपियन जापान की हारुना मोरिकावा से 5-2 से हार गईं। इस बीच, मुस्कान ने सेमीफाइनल में हार के बाद वापसी करते हुए अगाता वालेरजाक को 11-0 से हराकर इस कैटेगरी में कांस्य पदक जीता।



पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में, विकी हुड्डा ने अमेरिका के स्टीफन बुकानन द्वंद्व से क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वापसी की। अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 14-7 से हराया। भारतीय पहलवान रेपचेज में पहुंच गए, जहां विकी ने कनाडा के सैमुअल मिकलोस मारिया परेरा को 12-1 से शिकस्त दी। भारतीय पहलवान ने उसी लय को कांस्य पदक मुकाबले में भी जारी रखा, फ्रांस के एडलान विश्खानोव को 8-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। दीपक चहल ने भी इसी वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए। इस बीच, दिनेश धनखड़ का 125 किग्रा का कांस्य पदक पोलैंड के कामिल कोसिओलेक पर पिनफॉल जीत के साथ आया। भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में बहरीन के शमिल शरीपोव से 13-1 से हार गए थे, लेकिन रेपचेज में अमेरिका के डेमेट्रियस थॉमस पर 12-2 की शानदार जीत के साथ वापसी की। महेंद्र बाबासाहेब गायकवाड़ 125किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए, जबकि अमित (पुरुष 79किग्रा) और ज्योति (महिला 55किग्रा) क्वालिफिकेशन राउंड में बाहर हुए।

## कुलदीप सेन के पंजे से मध्यप्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 194 पर समेटा

इंदौर (वार्ता)।

कुलदीप सेन (पांच विकेट), कुमार कार्तिकेय (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाज प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टर फाइनल के पहले दिन शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर को 194 रन पर समेटने के बाद स्टंप के समय बिना विकेट खोए 28 रन बना लिये है। आज यहां मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर की टीम पहली पारी में मध्यप्रदेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 67 ओवर में 194 के स्कोर पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर के लिए शुभम खजुरिया ने सर्वाधिक 60 रनों की पारी खेली। उनके अलावा युद्धवीर सिंह चरक ने (41), कप्तान पारस डोगरा (33), अब्दुल समद और वंशराज शर्मा ने (16-16) रन बनाये। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। मध्यप्रदेश के लिए कुलदीप सेन ने पांच विकेट लिये। कुमार कार्तिकेय को तीन विकेट मिले। आर्यन पांडे ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मध्यप्रदेश ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट गंवाये 10 ओवरों में 28 रन बना लिये थे। हर्ष गवली (नाबाद आठ) और यश दुबे (नाबाद 14) क्रीज पर मौजूद थे।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर (म.प्र.)

क्रमांक- 4419/रा.शा./नपा/2026 नरसिंहपुर दिनांक :06.02.2026

**इश्तहार सूचना (भवन/प्लाट/दुकान नामांतरण सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक से तीस दिवस के अंदर आपत्तियों का आह्वान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी। सूचित होवें।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/ प्लाट | संपति हस्ता. माध्यम | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तान्तरिति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 324/13-01-2026 | महाजनी | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | गरीबदास प्रजापति | चंद्रकांत धनोरिया |
| 2 | 325/13-01-2026 | शंकराचार्य | प्लाट | पंजी. बैनामा | अल्पना शर्मा वगैरह | सौरभ शर्मा |
| 3 | 326/15-01-2026 | महाजनी | भवन | पंजी. वसीयत | हफीज राईन | महजवीन राईन |
| 4 | 327/15-01-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | विजयकुमार कतिया | शेख मो. अजीज |
| 5 | 328/15-01-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | शेख शमसाद वगैरह | शेख सलीम |
| 6 | 329/15-01-2026 | महारानी लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | लखन चौरसिया | नरेन्द्र मेहरा |
| 7 | 330/16-01-2026 | गाँधी | भवन | सह स्वामित्व | ओमप्रकाश सोनी | ओमप्रकाश सोनी वगे. |
| 8 | 331/16-01-2026 | कृष्णा | प्लाट | पंजी. बैनामा | कल्पना नेमा | सतीश कुमार गुप्ता |
| 9 | 332/16-01-2026 | कृष्णा | प्लाट | पंजी. बैनामा | कल्पना नेमा | मनीष गुप्ता |
| 10 | 333/16-01-2026 | आजाद | प्लाट | पारि. व्यवस्था | नीमा बाई पगारे | नीमा बाई पगारे |
| 11 | 334/16-01-2026 | आजाद | प्लाट | पारि. व्यवस्था | नीमा बाई पगारे | नूतन सिंह पगारे |
| 12 | 335/16-01-2026 | आजाद | प्लाट | पारि. व्यवस्था | नीमा बाई पगारे | यशवंत सिंह पगारे |
| 13 | 336/16-01-2026 | आजाद | प्लाट | पारि. व्यवस्था | नीमा बाई पगारे | लता जारौलिया |
| 14 | 337/20-01-2026 | रानी अवन्ति | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | रामकिशन उर्फ राजू सेन | आशा सेन वगैरह |
| 15 | 338/20-01-2026 | संजय | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | राव विश्वेन्द्र सिंह | राव रामकुमार सिंह |
| 16 | 339/21-01-2026 | बजरंग | भवन | पंजी. बैनामा | राधा तिवारी | राखी सोनी |
| 17 | 340/21-01-2026 | शास्त्री | भवन | पंजी. बैनामा | देवेन्द्र कुमार लखेरा | अंकिता नेमा |
| 18 | 341/21-01-2026 | कामथ | भवन | पंजी. बैनामा | विष्णुप्रसाद चौबे | सुषमा नाथ |
| 19 | 342/23-01-2026 | पाठक | भवन | पंजी. बैनामा | सूरजपाल सिंह बघेल | बृजेश राय |
| 20 | 343/23-01-2026 | महारानी लक्ष्मी | भवन | पंजी. बैनामा | संदीप यादव | मीना राजपूत वगैरह |
| 21 | 344/23-01-2026 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | भागवती कुर्मी वगे. | सोनम सैनी |
| 22 | 345/23-01-2026 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | संजय मुदगल | जीजीबाई यादव |
| 23 | 346/23-01-2026 | शिवाजी | प्लाट | पंजी. बैनामा | शीला नेमा | सरिता नेमा |
| 24 | 347/23-01-2026 | शिवाजी | भवन | पंजी. बैनामा | भारती दीक्षित | विजयकुमार साहू |
| 25 | 348/27-01-2026 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | देवधर दुबे | चन्द्रकला साहू |
| 26 | 349/27-01-2026 | आजाद | भवन | पारि. व्यवस्था | अरविन्द सोनी | अंकित सोनी |
| 27 | 350/28-01-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | पंकज गुप्ता | अदिति साहू |
| 28 | 351/28-01-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | अर्चना गुप्ता | आदित्य स्वरुप साहू |
| 29 | 352/29-01-2026 | कृष्णा | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | देवीप्रसाद दुबे | अखिलेश दुबे वगैरह |
| 30 | 353/29-01-2026 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | रूपचंद यादव | मंजुलता उइके |
| 31 | 354/29-01-2026 | राम | प्लाट | पंजी. बैनामा | नजूल विभाग | नरेन्द्र तेलंग |
| 32 | 355/29-01-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | विजय सिंह पटेल | प्रभुनारायण पटेल |
| 33 | 356/30-01-2026 | गाँधी | प्लाट | पंजी. बैनामा | कामता प्रसाद पांडे | दीपाली सोनी |
| 34 | 357/30-01-2026 | कामथ | प्लाट | पंजी. बैनामा | उमाशंकर यादव | जुगलकिशोर यादव |
| 35 | 358/30-01-2026 | बेलापुरकर | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | भवानी प्रसाद बसोर | छोटीबाई बसोर वगे. |
| 36 | 359/02-02-2026 | भगत सिंह | भवन | पंजी. बैनामा | इशरत परवीन वगे. | प्रिंस सोनी |
| 37 | 360/02-02-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | कुमकुम वाधवानी | सुन्दरबाई राजपूत |
| 38 | 361/03-02-2026 | रानी अवन्ति | प्लाट | पंजी. बैनामा | जानकी बाई | शोभा पालीवाल |
| 39 | 362/03-02-2026 | कामथ | भवन | पंजी. बैनामा | प्रीति नेमा | कल्पना पाठक |
| 40 | 363/03-02-2026 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | देवधर दुबे | सरिता गौंड |
| 41 | 364/04-02-2026 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | देवधर दुबे | राखी झारिया |
| 42 | 365/04-02-2026 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | देवधर दुबे | राजकुमारी मल्लाह |
| 43 | 366/04-02-2026 | महारानी लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | अभिषेक प्रजापति | छोटेलाल धानक |
| 44 | 367/05-02-2026 | रानी अवन्ति | प्लाट | पंजी. बैनामा | शीतल स्वामी | गीतांशु नेमा बगैरह |
| 45 | 368/05-02-2026 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | किरण तखरया | मालती ठाकुर |
| 46 | 369/06-02-2026 | महारानी लक्ष्मी | भवन | पंजी. बैनामा | कुमकुम बाधवानी | मीणा कुमारी |
| 47 | 370/06-02-2026 | राम | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | रामनारायण शुक्ला | अन्नपूर्णा शुक्ला |
| 48 | 371/06-02-2026 | राम | प्लाट | मृत्यु प्रमाणपत्र | रामनारायण शुक्ला | अन्नपूर्णा शुक्ला |
| 49 | 372/06-02-2026 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | अजय जाट | रीतेश कुमार जाट |
| 50 | 373/06-02-2026 | किसानी | भवन | पंजी. बैनामा | राघवेंद्र ठाकुर बगैरह | रीतेश कुमार जाट |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर


# नयी ऊंचाई पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार



**मुंबई (वार्ता)**। स्वर्ण भंडार में 14.595 अरब डॉलर के तेज उछाल के दम पर 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार में 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान स्वर्ण भंडार का रहा जो पहली बार 137.683 अरब डॉलर पर पहुंचा। इससे पहले 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.053 अरब डॉलर बढ़कर 709.413 अरब डॉलर पर रहा था जो उस समय का रिकॉर्ड स्तर था। दूसरी तरफ, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है। यह 562.392 अरब डॉलर रह गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं। इनका मूल्य डॉलर की तुलना में इनके संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.746 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 21.6 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 18.953 अरब डॉलर पर रहा। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार का यह स्तर 11 महीने के वस्तु आयात या कई दशक के चालू खाता घाटे के लिए पर्याप्त है।



## चावल, गेहूं सस्ता-दालों, तेलों में घटबढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गये। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं भी 16 रुपये टूट गया और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 13 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिंगिट टूटकर 4,153 रिंगिट प्रति टन रह गया।

## रुपया 31 पैसे टूटा

**मुंबई, (वार्ता)**। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 31 पैसे टूटकर 90.65 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 13 पैसे की मजबूती के साथ कारोबार की समाप्ति पर 90.34 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपया में आज बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह छह पैसे की बढ़त में 90.28 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.18 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के रुपये में गिरावट रही और यह 90.83 रुपये प्रति डॉलर तक फिसल गया। अंत में 90.65 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अन्य सभी कारकों ने रुपये को समर्थन दिया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही।

# एफएमसीजी, निजी बैंकों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती गिरावट के बाद एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32 प्रतिशत) ऊपर 83,580.40 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ।

सुबह सेंसेक्स एक समय 388 अंक टूट गया था, लेकिन रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से दोपहर बाद लिवाली से यह 288 अंक चढ़ गया था। केंद्रीय बैंक ने रेपो तथा दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ कहा कि लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी। नीतिगत स्तर पर रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की घोषणा की। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। निजी बैंक, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं, निफ्टी आईटी सूचकांक 1.47 प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा, ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में भी गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,242 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,781 के शेयर लाल निशान में और 1,340 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 121 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर हरे निशान में रहे। आईटीसी में 5.09 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 3.35 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.96 और भारती एयरटेल का 2.32 प्रतिशत चढ़ गया।



बजाज फाइनेंस में 1.76 फीसदी, पावरग्रिड में 1.26, बजाज फिनसर्व में 1.17 और टाइटन में 1.07 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी हरे निशान में रहे। टीसीएस में 1.69 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। टेक महिंद्रा का शेयर 1.64 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स का 1.32, एशियन पेंट्स का 1.21 और इटरनल का 1.20 फीसदी टूटा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इंडिगो, सनफार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, ट्रेंट और टाटा स्टील के शेयर भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.21 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई 0.81 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.23 प्रतिशत ऊपर रहा जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में टिकाव रहा।

# राज्य सरकार किसान, उद्योग और व्यापार को साथ लेकर तैयार कर रही है विकास का नया मॉडल : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के सम्मेलन को किया संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का फूड बॉस्केट बन चुका है। मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। राज्य सरकार किसान, उद्योग और व्यापार को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। राज्य सरकार जमीन हो या मशीन हर स्तर पर किसानों और व्यापारियों को अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार ने तुअर से मंडी टैक्स हटाया है, इससे दाल मिल उद्योग को लाभ मिलेगा। उड़द और मसूर पर भी राहत देने का विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में दालों का विशेष महत्व है। मूंग और मसूर की दालों पर मुहावरे बन गए। दालों से हमें प्रोटीन मिलता है। यह गर्व का विषय है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक और उपभोक्ता देश है। शाकाहारी संस्कृति में दालें प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन्दौर में ऑल इंडिया दाल मिल एसोशिएशन के ग्रेन-एक्स इंडिया प्रदर्शनी अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

***दूध और दलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में दूध और दलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में मसूर और उड़द उत्पादन को बढ़ाने के लिए शीघ्र ही बोनस देने की योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण पर भी जोर दिया जा रहा है। इससे किसानों सहित उद्यमियों को भी लाभ होगा, इंदौर में उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। मध्यप्रदेश देश के मध्य में है, यहां से रोड, रेल और हवाई हर तरह की बहुत अच्छी कनेक्टिविटी है।

***दुनिया में भारत की एक विशिष्ट छवि बनी***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की एक विशिष्ट छवि बनी है। भारत के बजट के आधार पर दुनिया अपनी नीतियां तय करती है। अब समय बदल चुका है। भारत सरकार पर किसी टैरिफ का असर नहीं पड़ता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए अन्नदाता किसान सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों के साथ सरकार किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 श्रेणियों- गरीब, अन्नदाता (किसान), युवा और नारी में देश को आर्थिक रूप से सशक्त करने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान कल्याण के लिए आगामी 5 वर्षों का रोडमैप तैयार किया है। सबको प्रोत्साहन देते हुए 5 साल में राज्य के बजट को 15 प्रतिशत की वृद्धि दर के हिसाब से दोगुना करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करेंगे और राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाएंगे।

***प्रदेश की धरती पर सभी निवेशकों का स्वागत***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य राज्यों से कार्यक्रम में आए उद्योगपतियों से कहा कि आप मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करें। हमारी सरकार जमीन, मशीन और टैक्स कम करने से लेकर सभी प्रकार से सहयोग प्रदान करेगी। प्रदेश की धरती पर सभी निवेशकों का स्वागत है। राज्य सरकार ने लघु-कुटीर उद्योग और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, दूसरे राज्यों में निवेश आकर्षित करने के लिए रोड शो आयोजित किए। औद्योगिक विकास के लिए नई नीतियां लागू कीं।

***उद्योगपतियों को बिजली, पानी और जमीन उपलब्ध***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगपतियों को बिजली, पानी और जमीन उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा रोजगारपरक उद्योग लगाने पर सरकार उद्यमियों को श्रमिकों के वेतन में सहयोग के लिए 10 साल तक प्रति श्रमिक 5000 रुपए महीना की दर से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करा रही है। राज्य सरकार ने श्रम कानूनों को सरल किया है। इंदौर की हुकुमचंद मिल के मजदूरों की बकाया राशि उन्हें दिलवाई गई है। राज्य सरकार उद्योगपतियों और श्रमिकों सहित सबके साथ हर कदम पर साथ खड़ी है।

***किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाएगी। इसके लिये प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। साथ ही जिलों में फूड पार्क और नई अनाज मंडियां शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है। उद्योगपतियों को फूड पार्क विकसित करने के लिए भी राज्य सरकार सभी सुविधाएं देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने सुशासन और लोक कल्याण से देशभर में ख्याति अर्जित की। उन्होंने मुगलकाल में ध्वस्त देवा स्थानों का जीर्णोद्धार करने का कार्य किया था।

***तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन की तीन दिवसीय प्रदर्शनी ग्रीन एक्स का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में दाल मिलिंग, मसाला मशीनरी, फ्लोर मिल, राइस मिल सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी में कनाडा, तुर्की, ताइवान, स्पेन, ब्रिटेन, चीन, इंग्लैंड सहित भारत के विभिन्न शहरों से आई आधुनिक मशीनों का भी प्रदर्शन किया गया है।



# मेहनत और निष्ठा का प्रतिफल, पुरस्कार : पटेल

## राज्यपाल ने लोक भवन की पुरस्कृत 63 पुष्प किस्मों का किया अवलोकन

भोपाल (स्वतंत्र मत)

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में प्रदर्शित लोक भवन के पुष्पों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया। उन्होंने लोक भवन को प्राप्त पुरस्कारों की जानकारी ली। लोकभवन उद्यानों के रखरखाव से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेहनत और निष्ठा से किए गए कार्य सदैव उत्कृष्ट होते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त पुरस्कार कर्मचारियों की कार्य-निष्ठा और समर्पण का प्रतिफल हैं। फूलों की देखभाल में बहाया गया पसीना ही इन पुरस्कारों का प्रसाद है। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में 63 किस्मों को पुरस्कार मिलना हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पुरस्कृत किस्मों में से 42 पुष्पों को प्रथम तथा 21 पुष्पों को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त होना एक विशिष्ट उपलब्धि है। राज्यपाल श्री पटेल लोक भवन की प्रदर्शनी में पुरस्कृत पुष्पों का अवलोकन करने के लिए लाल कोठी के सामने स्थित पुरानी तोप प्रांगण पहुँचे। उन्होंने प्रत्येक पुरस्कृत पुष्प किस्म का अवलोकन किया तथा पुरस्कारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल श्री पटेल को बताया गया कि भोपाल में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष-2026 राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी संस्थानों तथा कृषकों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में लोक भवन के पुष्पों की बड़ी संख्या में पुरस्कार प्राप्त होने के दृष्टिगत नियंत्रक, हाउसहोल्ड लोकभवन को शील्ड प्रदान कर अलंकृत किया गया। उनको बताया गया कि कृषक कल्याण वर्ष-2026 राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में साल्विया, पिंक, एस्टर, डॉगफ्लावर, सिनेरिया, हाइब्रिड डहेलिया, देशी डहेलिया, मिनी-डहेलिया, डायनामोर, स्वीट-विलियम, स्वीट-एलायसम, वर्बीना, कैलेंडुला, बिजली, सिलोसिया आदि मौसमी फूलों के गमले एवं कट-फ्लावर तथा गुलाब की विभिन्न किस्में- एच.टी. रोज (लाल, गहरे गुलाबी, हल्के गुलाबी, पीले, सफेद, ऑरेंज, मौव-पर्पल, बहुरंगी, धारदार, सुगंधित), फ्लोरीबंडा (गुच्छ पुष्प), फ्ल्यूटी, समर स्नो, पोलिएंथा, मिनिएचर आदि के गमले एवं कट-फ्लावर प्रदर्शित किए गए थे।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन



दमोह (स्वतंत्र मत)

असाटी वार्ड नंबर एक में असाटी समाज दमोह द्वारा संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा आयोजन में कथा वाचक नीरज नयन महाराज श्रीधाम वृंदावन द्वारा कथा श्रवण कराई गई जिसमें सातवें दिवस सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई का प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रचारक आरएसएस भइयन, नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरू राय, वन मंडल अधिकारी डीएफओ ईश्वर जरांडे, डॉ. यदु वीना, डॉ. श्रद्धा गंगेले, संजय गौतम शामिल हुए। वहीं आठवें दिवस हवन पूजन के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण साप्ताहिक कथा का समापन भंडारा के साथ किया गया। इस अवसर पर असाटी समाज वरिष्ठ समिति, नवयुवक मंडल, महिला मंडल मौजूद रहा।

## आज अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन होगा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शक्तिपुत्र महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में जनकल्याण आत्मकल्याण एवं विश्व शांति स्थापित करने हेतु माता भगवती आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की महा आरती 5 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं शक्ति चेतना जन जागरण शिविर के माध्यम से समाज में परिवर्तन किया जा रहा है। इसी क्रम में दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला का आगमन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला का एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी एवं सिद्धाश्रम चेतना अधीश का शुभ आगमन इस कार्यक्रम में होगा। अतः समस्त जाति धर्म संप्रदाय के धर्मप्रेमियों आग्रह है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने को धन्य बनाएं।

# बढ़ते अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

## सदगुवां सरपंच की अगुवाई में सौंपा गया ज्ञापन

पथरिया (स्वतंत्र मत)



भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पथरिया के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में ग्राम सदगुवा की महिलाएं ग्रामवासी एवं ग्राम सरपंच ने एकजुट होकर पथरिया थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम सदगुवा एवं आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब को तत्काल बंद कराने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अवैध शराब की बिक्री लंबे समय से हो रही है जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार खराब होता जा रहा है। शराब के कारण आए दिन घरेलू विवाद, मारपीट, गाली गलौज तथा असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। महिलाओं और बच्चों को इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव झेलना पड़ रहा है जिससे गांव की शांति और सुरक्षा खतरे में है। महिलाओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अवैध शराब की वजह से कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं। वहीं संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गईए तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मांग की कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ तत्काल छापामार कार्रवाई कर सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं ताकि गांव में कानून.व्यवस्था बनी रहे और सामाजिक माहौल सुधरे। थाना प्रभारी अमित मिश्रा द्वारा ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के युवा विभिन्न उद्योग स्थापित कर बना रहे हैं अपनी पहचान

## सरकारी योजना, तकनीकी मार्गदर्शन एवं इच्छाशक्ति युवाओं के सपने साकार करने में सहायक

भोपाल (स्वतंत्र मत)

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य, उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का लाभ लेकर बुरहानपुर जिले के युवा उद्यमी श्री अभिषेक जायसवाल ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने डिहाइड्रेट यूनिट की स्थापना की है। यह प्रदेश के युवाओं एवं किसानों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वरोजगार से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और युवाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इस योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शासन द्वारा विभागीय मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता एवं वित्तीय सहयोग के माध्यम से युवाओं को उद्यम स्थापना हेतु प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकें।

***यूनिट स्थापना से मिली नई पहचान***बुरहानपुर जिले के युवा उद्यमी अभिषेक जायसवाल एक शिक्षित युवा हैं, जिन्होंने एग्रीकल्चर बीएससी तथा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट में एमबीए की पढ़ाई की है। शुरू से ही कृषि से जुड़े परिवार से होने के कारण अभिषेक की कृषि से संबंधित कार्य को आगे बढ़ाने में रूचि थी। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना द्वारा अभिषेक ने डिहाइड्रेट यूनिट की स्थापना कर मात्र 4 माह में ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।



***पीएमएफएमई योजना से मिला संबल***- अभिषेक जायसवाल बताते हैं कि उद्यानिकी विभाग के माध्यम से उन्हें पीएमएफएमई योजना की जानकारी प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने उद्यम की शुरुआत करने का निर्णय लिया। योजना में उन्होंने बैंक से प्राप्त सहायता राशि के माध्यम से माह अक्टूबर 2025 में डिहाइड्रेट यूनिट की स्थापना की। इस यूनिट में मुख्य रूप से प्याज, केला के डिहाइड्रेट उत्पादों को तैयार करते हैं। डिहाइड्रेशन यूनिट एक ऐसी प्रसंस्करण इकाई है, जिसमें फल एवं सब्जियों जैसे प्याज, केला, हल्दी तथा पत्तेदार सब्जियों से कम तापमान पर नमी हटाकर उन्हें सुखाया जाता है। यह प्रक्रिया जल्दी खराब होने वाली खाद्य सामग्री को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है और उन्हें फ्लेक्स, चिप्स अथवा पाउडर के रूप में उपयोग योग्य बनाती है।

### *रोजगार के अवसर भी हुए सृजित*

यूनिट में वर्तमान में 5 से 6 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे न केवल अभिषेक का व्यवसाय आगे बढ़ रहा है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

### *मांग और बिक्री से बढ़ रही आय*

अभिषेक जायसवाल यूनिट में प्रतिमाह लगभग 5-6 क्विंटल उत्पादन की बिक्री कर लेते हैं, जिससे उन्हें लगभग 50 से 60 हजार रुपये शुद्ध आय प्रति माह का मुनाफा हो जाता है। अभिषेक जायसवाल बताते है कि, उत्पादों की पैकेजिंग 30 एवं 50 किलो के पैकेट्स में की जाती है। इसके लिए पैकिंग बैग में सामग्री भरकर पैकेजिंग मशीन से सील कर ग्राहकों तक पहुँचाया जाता है। ग्राहकों द्वारा इन डिहाइड्रेट उत्पादों को पसंद किया जा रहा है। नियमित ग्राहक के साथ-साथ मांग अनुसार पैकेट्स भी तैयार किए जाते हैं।

### *ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ने की तैयारी*

अभिषेक के उत्पादों की बिक्री बुरहानपुर जिले के साथ-साथ इंदौर, मुंबई सहित अन्य शहरों में भी हो रही है। आने वाले समय में वे अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी विक्रय करने की तैयारी कर रहे हैं।

### *योजना बनी आत्मनिर्भरता की राह*

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से सही मार्गदर्शन, योजना का लाभ और ईच्छाशक्ति के बल पर युवा न केवल स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर बना रहे है।

## सतौआ में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)

विकासखंड पथरिया अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला सतौआ में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, डीसीपी मुकेश कुमार द्विवेदी, एपीसी राजू जैन गांगरा सहित जन शिक्षा केंद्र एवं विकासखंड स्तर के शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक मोहन सिंह ठाकुर द्वारा सभी अतिथियों का विद्यालय का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया तथा विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने एवं परीक्षा संबंधी उपयोगी चर्चा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभाओं की सराहना की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/832 | Date 6/2/2028

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_479710_1<br>6/2/2026 | सं.क्रं.-5 कस्तूरबा गांधी वार्ड अंतर्गत नाली कबर्ड, पुलिया, सीमेंटीकरण, रंगमंच, टीन शेड एवं अन्य कार्य (पार्षद मद) | 4 माह<br>रु. 8.46 लाख | 2,000/-<br>रु. 8460/- | 23/2/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम, जबलपुर



**नाम परिवर्तन**

एतद्व द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राजमनी सिंह ठाकुर पिता बब्बल सिंह ठाकुर पुराना नाम (Rajmani Singh Thakur S/o. Babbal Singh Thakur) वर्तमान नाम राजमणि सिंह ठाकुर पिता बबल सिंह ठाकुर (Rajmani Singh Thakur S/o. Babal Singh Thakur) वर्तमान पता 06, दर्शन विहार कॉलोनी, टी. आई. बंगले के पीछे, सुहागी, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482004,भोपाल को आज दिनांक 07/02/2026 से बदलकर मेरे पिता के नाम में (Rajmani Singh Thakur S/o. Babal Singh Thakur) कर लिया हूँ । इस संबंध में मेरे द्वारा समस्त दस्तावेज तैयार कर लिये गये है एवं विभागीय अभिलेखो एवं अन्यंत्र जहाँ जहाँ आवश्यकता है नाम परिवर्तन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । अत: अब से मुझे अंग्रेजी में (Rajmani Singh Thakur S/o. Babbal Singh Thakur) के स्थान पर (Rajmani Singh Thakur S/o. Babal Singh Thakur) नाम से जाना जायेगा ।

पुराना नाम
राजमनी सिंह ठाकुर
(Rajmani Singh Thakur S/o. Babbal Singh Thakur)
नया नाम
राजमणि सिंह ठाकुर
(Rajmani Singh Thakur S / o. Babal Singh Thakur)



**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा नगर कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक Sr. LIG- 704 श्री सरमन लाल दुबे पिता श्री सरजू प्रसाद दुबे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02.02.2005 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री सरमन लाल दुबे पिता श्री सरजू प्रसाद दुबे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.05.2025 के माध्यम से श्रीमती जयंती विश्वकर्मा पति श्री प्रमोद विश्वकर्मा को विक्रय किया है। अतः श्रीमती जयंती विश्वकर्मा पति श्री प्रमोद विश्वकर्मा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# अवमानना कार्यवाही पर भोपाल नगर निगम कमिश्नर को मप्र हाईकोर्ट से मिली राहत

## ननि द्वारा सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने से जुड़ा मामला, डिवीजन बेंच ने आदेश पर लगाया स्टे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को बड़ी राहत मिली है। मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उन्हें कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट का दोषी माना गया था। दरअसल हाईकोर्ट में जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने भोपाल नगर निगम को अवैध निर्माण गिराने के मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई गाइडलाइन का पालन नहीं किया, जो कानून के राज के खिलाफ माना गया। यह आदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने मार्लिन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड बनाम नगर निगम भोपाल मामले में गुरुवार को दिया था। सिंगल बेंच ने आयुक्त संस्कृति जैन को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए 6 फरवरी को सजा सुनाने के लिए सुनवाई तय की थी। भोपाल नगर निगम ने सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में मामला उठाया। शुक्रवार को हुई सुनवाई में बेंच ने पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और अगली सुनवाई 18 फरवरी को तय की।





### इन तथ्यों पर दिया फैसला

डबल बेंच ने प्रथम दृष्टया यह अहम तथ्य स्वीकार किया कि जिन सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला देकर एकल पीठ द्वारा अवमानना का आदेश पारित किया गया था, वे 'टार्गेटेड क्रिमिनल मामलों' से संबंधित हैं और किसी बिल्डर या डेवलपर से जुड़े प्रशासनिक मामलों पर लागू नहीं होते। सुनवाई के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि बिल्डर से जुड़े मामलों में कार्रवाई नगर निगम अधिनियम एवं नगर पालिका अधिनियम, 1956 के तहत ही की जाती है। इसके साथ ही डबल बेंच के समक्ष यह तथ्य भी रखा गया कि सुप्रीम कोर्ट के जिन निर्देशों का उल्लेख एकल पीठ के आदेश में किया गया है, वे इस प्रकरण में लागू नहीं होते और ऐसे निर्देशों से जुड़ी अवमानना पर निर्णय लेना एकल पीठ के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने एकल पीठ द्वारा पारित अवमानना आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

### कार्यवाही करने का अधिकार केवल सुप्रीम कोर्ट के पास

डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया सुयश मोहन गुरु ने बताया कि शुक्रवार को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में भोपाल कमिश्नर संस्कृति जैन के मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने उनके खिलाफ होने वाली कार्यवाही पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि सिंगल बेंच का आदेश, जिसमें कहा गया था कि भोपाल कमिश्नर ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया, उस पर कार्रवाई करने का अधिकार केवल सुप्रीम कोर्ट के पास है। इससे पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा था- अवैध निर्माण को लेकर सिविल कोर्ट में केस चल रहा था। इसके बावजूद नगर निगम ने कोर्ट से अनुमति लिए बिना तोड़फोड़ कर दी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है।

### कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना की तोड़फोड़

दरअसल भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित नादिर कॉलोनी में मार्लिन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ति के एक हिस्से को अवैध बताते हुए नगर निगम ने तोड़ने का नोटिस दिया था। कंपनी ने इसको सिविल कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई पूरी हुए बिना ही नगर निगम ने इस हिस्से को ढहा दिया। इस पर कंपनी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। इसमें कहा- नगर निगम ने 18 नवंबर 2025 को उसकी संपत्ति के फ्रंट हिस्से को बिना विधिवत प्रक्रिया अपनाए तोड़ दिया। वहीं, नगर निगम की ओर से दलील दी गई कि निर्माण अवैध था और 7 नवंबर 2024 को दी गई अनुमति रद्द की जा चुकी थी। निगम ने यह भी कहा कि 14 मई 2025 को नोटिस जारी किया गया था और इसके बाद नियमानुसार कार्यवाही की गई।




# मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में 6 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अरूण कक्कड़, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, रसायन विज्ञान, शासकीय मॉडल सांइस कॉलेज, जबलपुर ने सांइस इन एव्री डे लाईफ (दैनिक जीवन में विज्ञान) विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान से छात्राएं विज्ञान के नये स्वरूप से न केवल अवगत हुई, बल्कि उन्होंने इसको अपने जीवन में चरितार्थ करने की बात भी कही। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के मार्गदर्शन एवं डॉ. (कैप्टन) सपना चावला प्राध्यापक, वाणिज्य संकाय एवं महिला उन्नयन प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

***दर्जनों छात्राओं ने लिया आयोजन में हिस्सा***- इस कार्यक्रम को सफल बनाने में, डॉ. उज्वला खारपाटे, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, डॉ. विजया कोष्टा, डॉ. नुपूर निखिल देशकर, डॉ. शिबी केसरी, डॉ. सुनील दुबे, डॉ. तुहीना द्विवेदी, बबीता यादव, सभी प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में 60 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. (कैप्टन) सपना चावला द्वारा किया गया एवं डॉ. उज्वला खारपाटे, विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में हितकारिणी लॉ कॉलेज के छात्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी लॉ कॉलेज के बीए एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र साहिल रजक ने खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में दिनांक 28 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित की गई थी, जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। साहिल रजक ने अपने दमदार प्रदर्शन से कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ विकाश सिंह ने साहिल को बधाई देते हुए कहा कि साहिल की यह सफलता न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जबलपुर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उप.प्राचार्य डॉ भावना वर्मा ने कहा खेल और शिक्षा का संतुलन ही सर्वांगीण विकास का आधार है। साहिल ने यह सिद्ध कर दिया है कि हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। कॉलेज प्रबंधन एवं समस्त प्राध्यापकों ने साहिल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# एनजीटी के आदेश के बाद भी नहीं चालू हुए एसटीपी प्लांट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (सेंट्रल जोन) ने 28 जनवरी को आदेश जारी कर उमाघाट (ग्वारीघाट), ललपुर, गुलौवा तालाब तथा रानीताल तालाब के बंद पड़े एसटीपी को बिना कोई देर किये तत्काल शुरू करने के निर्देश जारी किये थे, किंतु इतने दिन बीतने के बावजूद भी इन एसटीपी को अपने क्षमता के सव प्रतिशत में कार्यरत नहीं किया गया है, उनका कार्य भी जल गुणवत्ता के मापदंडो के तहत नहीं है। अत: समिति गठीत कर जाँच हो, दोषियों से पर्यावरण मुआवजा वसूला जाये, दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाये। उक्त बांते कहते हुए डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने एनजीटी में याचिका दायर की है। उन्होंने बताया की याचिकाकर्ता के एड. प्रभात यादव ललपुर (नर्मदा) का एसटीपी बंद या क्षमता के अनुसार कार्य नहीं करने से जबलपुर के लाखों नागरिकों को पीने के शुद्ध जल की समस्या खड़ी हुई है। उमाघाट में हजारों श्रद्धालु रोज आते है, अत: एसटीपी बंद होने से उनके स्वास्थ्य पर विपरीत परिणाम होगा। गुलौआ तालाब में एसटीपी बंद होने से हजारों मछलीयां मतृ हो रही है।


# अतिक्रमणों को हटवाने सड़क पर उतरे निगम मजिस्ट्रेट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने नगर निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाकर मार्गो को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। कार्रवाई की इसी श्रृंखला में शुक्रवार को निगम मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोयल की अगुवाई में नगर निगम टीम के द्वारा कार्यवाही की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिक्रमण प्रभारी मनीष कुमार तड़से ने बताया कि अतिक्रमण टीम ने इंदिरा मार्केट से लेकर रेलवे स्टेशन परिसर तक सघन अभियान चलाया, मौके पर ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 7 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई और फुटपाथ और सड़कों पर अवैध रूप से रखी गई सामग्री को निगम ने जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि निगम की टीम ने कई ऐसे हॉटस्पॉट्स को निशाना बनाया जहाँ लंबे समय से यातायात बाधित हो रहा था, आईटीआई चुंगी नाका से एक टेंट हाउस द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया और संचालक पर जुर्माना लगाया गया। शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुगम यातायात के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में फिर समदड़िया मोल सिविक सेंटर के सामने पुन: कार्यवाही की गई, छोटी लाइन वासु होटल के आस-पास के इलाके अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई, रामपुर छापर पर यातायात में बाधित आम रास्ते पर किया जा रहा अनधिकृत अतिक्रमण ध्वस्त किया गया, दंगल मैदान में बन रही सार्वजनिक बाउंड्रीवॉल के निर्माण में बाधित ठेले टपरे वालो को हटाया गया।

# झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाला बदमाश गिरफ्तार



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल विगत 3 फरवरी को अमित कुमार शर्मा उम्र 51 वर्ष निवासी संजीवनी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि वह कलेक्ट्रेट गेट नं 01 पास हाथ में वीवो कंपनी का मोबाईल फोन लिये अपने मित्र से बात कर रहा था। तभी एक मोटरसाइकिल में 01 अज्ञात लडका आया एवं हाथ से मोबाईल झपट्टा मारकर भाग गया। मामला सामने आने पर पुलिस ने सीसीटीवही फुटेज खंगाले गये एवं मुखबिरों को लगाया गया, चिन्हित करते हुये विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पुल नं 03 के पास बराट रोड में दबिश देते हुये एक युवक को पकडा। जिसने पूछताछ पर अपना नाम नूर सलाम उर्फ सरताज पिता मोहम्मद असरफ अंसारी उम्र 18 वर्ष निवासी जुगियाना मोहल्ला मदार छल्ला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड थाना हनुमानताल बताया। पूछताछ करने पर कलेक्ट्रेट गेट नं 01 के सामने एक व्यक्ति से वीवो कंपनी का मोबाईल फोन छीनना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से झपटा हुआ एक 1 वीवो कंपनी का मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त होंडा साईन मोटरसाइकिल जब्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया।

# हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में स्वास्थ्य शक्ति कार्यशाला का आयोजन

## महिलाओं को शारीरिक मानसिक एवं हार्मोनल स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के महिला विकास क्लब द्वारा महिलाओं के शारीरिक, मानसिक एवं हार्मोनल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शक्ति-महिला स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन 6 फरवरी को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। यह कार्यक्रम हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यक्ष एचएस ओबेरॉय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. अज़्रा खान, परामर्शदाता स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक गायने सर्जन, फेमिनोकेयर क्लिनिक रहीं। कार्यशाला के प्रति छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिसका प्रमुख कारण विशेषज्ञ द्वारा किया गया। व्यक्तिगत संवाद एवं प्रत्यक्ष सहभागिता रहा। डॉ. खान ने छात्राओं के एक-एक प्रश्न को गंभीरता से सुना और सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से उनके समाधान प्रस्तुत किए। इस संवादात्मक सत्र के माध्यम से महिलाओं के मन में लंबे समय से जुड़े कई संदेह एवं भ्रांतियां दूर हुईं, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

***आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने दिया संदेश***- कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कविता शुक्ला ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य संपूर्ण परिवार और समाज की आधारशिला है। जब महिला स्वस्थ होती है, तभी परिवार और समाज सशक्त बनता है। उन्होंने छात्राओं को एक-दूसरे का सहयोग करने, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने उन सभी महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया जो पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में भी निरंतर योगदान दे रही हैं।

इस अवसर पर डॉ. सोनल जैन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन चंचला हल्देकर द्वारा किया गया, जबकि संपूर्ण आयोजन का समन्वय मोनिका यादव द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की समस्त महिला प्राध्यापक एवं महिला स्टाफ के सामूहिक प्रयास से किया गया, जिसका उद्देश्य महिला छात्राओं को स्वास्थ्य, आत्मबल एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित करना रहा। बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता के साथ यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# दहेज की मांग पर महिला से की मारपीट

**जबलपुर।** महिला थाने में शुक्रवार को रागिनी चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कटियाघाट थाना बरेला ने लिखित शिकायत कर बताया कि उसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज से अनुराग चौधरी निरवासी कटियाघाट बरेला से हुई थीद्ध शादी के बाद से पति अनुराग चौधरी, सास सविता चौधरी के द्वारा घरेलू बातों एवं शादी में कम दहेज लाने पर उसे परेशान करना शुरू कर दिये थे। विगत 5 जुलाई 2022 को पति अनुराग के साथ मायके मड़ई रांझी आयी। तभी उसका पति उससे अपने माता पिता से दहेज में एक लाख रूपये की मांग कर रहा था। उसने अपने माता पिता को बतायी तो उन्होनें मना कर दिया था। इसी बात पर पति उसे ससुराल ले जाकर गाली गलोज कर मारपीट करता था। बच्ची के जन्म के बाद पति एवं सास उसे और प्रताड़ित करने लगे बोले कि दहेज की मांग पूरी नहीं की और बच्ची को जन्म देकर खर्चा बढ़ा दिया है हमें लड़का चाहिये था। वह अपना वैवाहिक जीवन बचाने के लिये प्रताड़ना सहती रही। इसी बीच पति एवं सास ने उसके साथ गाली गलौज करते हुये मारपीट कर घर से निकाल दिया है। तभी से अपने माता पिता के घर में रह रही है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**